CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 02-09-2026 22:44 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > मंगलवार, 10 फरवरी 2026 > माघ 21 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण अष्टमी, विक्रम 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 35 > पेज 18* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू



वैलंटाइंस वीक
Teddy Day
आज

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत-सेशेल्स के बीच एमओयू, आर्थिक पैकेज का ऐलान

p14



## 54,000 करोड़ का साइबर फ्रॉड, ये डकैती-लूट है: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल फ्रॉड से 54 हजार करोड़ के गबन को लूट और डकैती बताया। कोर्ट ने कहा, डिजिटल फ्रॉड से गबन की गई रकम कई राज्यों के बजट से अधिक है। केंद्र सरकार से कहा कि वह RBI, बैंकों और दूरसंचार विभाग (DoT) जैसे हितधारकों से परामर्श कर इससे निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का मसौदा तैयार करे। ऐसे अपराध या तो बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही से हो सकते हैं, यह कह कोर्ट ने RBI और बैंकों की ओर से समय पर कार्रवाई पर जोर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने सीबीआई को 'डिजिटल अरेस्ट' मामलों की पहचान करने का निर्देश दिया।

**कोर्ट बोला, ये रकम छोटे राज्यों के बजट से भी ज्यादा**

**'केंद्र RBI, बैंकों से परामर्श कर नियम बनाए'**




AI Image

**कोर्ट ने कहा**
जो 10-20 हजार की ही निकासी करता है, अचानक 25 या 50 लाख के लेन-देन करने लगे, तो बैंक को अलर्ट जारी करना चाहिए।

डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में व्यावहारिक और उदार रवैया अपनाने की जरूरत है।
-सुप्रीम कोर्ट



### 'ऐसा मैकेनिज्म बनाएं बैंक, जिससे कस्टमर अलर्ट हों'

**सुप्रीम कोर्ट** ने गुजरात और दिल्ली सरकारों से कहा कि वह डिजिटल अरेस्ट के मामलों में जांच के लिए सीबीआई को जरूरी मंजूरी दे। कोर्ट ने ये भी कहा कि साइबर फ्रॉड को रोकने में बैंकों को एक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैंकों की यह जिम्मेदारी है कि वे ऐसा मैकेनिज्म डिवेलप करें, जिससे 'डिजिटल अरेस्ट घोटालों' के तहत की जाने पर बड़े पैमाने पर हो रहे लेन-देन को रोकने के लिए कस्टमर को अलर्ट किया जा सके। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आप (सरकार) हमें निर्देश जारी करने के लिए विवश नहीं करेंगे।

## आठ साल में दोगुनी हुई यूपी वालों की कमाई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी वालों की कमाई आठ साल में दोगुनी हो गई है। राज्य विधानसभा में पहली बार पेश आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, 2016-17 में प्रति व्यक्ति आय 54,564 रुपये थी, जो 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये हो गई। 2025-26 में इसके 1.20 लाख होने का अनुमान है। सर्वेक्षण में निवेश बढ़ाने, रोजगार सृजन, सतत विकास, डिजिटल इकॉनमी और ग्रीन एनर्जी को प्राथमिकता देने की रणनीति स्पष्ट की गई है। » पेज 4

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,065.75 (+485.35) |
| निफ्टी | 25,867.30 (+173.60) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.40 (-0.01) |
| रु/यूरो | 107.04 (+0.35) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा


| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,58,500 (+1,300) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,72,000 (+17,000) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 26.7°
9.4° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त मंगलवार 6:08 | सूर्योदय बुधवार 7:03
हिमाचल प्रदेश में आज हल्की बारिश, बर्फबारी की संभावना।

*14 + 4 नोएडा/गाजियाबाद टाइम्स

## मणिपुर में फिर हिंसा, घर जलाए



■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों ने लिटान सारेइखोंग गांव में कथित तौर पर घरों में आग लगा दी। इसके बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी।

**SC का फैसला**

### सेंगर केस में जल्द सुनवाई का आदेश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा है कि निष्कासित बीजेपी नेता कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर जल्दी सुनवाई की जाए और तीन महीने में फैसला दिया जाए। सेंगर ने उन्नाव केस में पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़े मामले में अपनी सजा को चुनौती दी है।

## फरीदाबाद की ज़िला जेल में बंद आतंकवाद के आरोपी की हत्या

■ NBT न्यूज, बल्लभगढ़

**हरियाणा की** सबसे हाई सिक्योरिटी माने जाने वाली फरीदाबाद की जिला जेल में रविवार रात को 20 साल के आतंक के आरोपी अब्दुल रहमान के सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप जेल के बैरक में बंद गैंगस्टर अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट पर लगा है। अब्दुल रहमान को जेल की स्पेशल सेल में रखा गया था। उसके साथ अरुण चौधरी और एक अन्य बंदी था। अब्दुल की मार्च में गवाही होनी थी।

पुलिस के मुताबिक, अयोध्या स्थित मिल्कीपुर गांव में रहने वाले अब्दुल रहमान (20) को गुजरात एटीएस और केंद्रीय जांच एजेंसी आईबी ने 2 मार्च 2025 को फरीदाबाद में पाली गांव से पकड़ा था। आरोप है कि वह अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) के आतंकी अबू सुफियान के संपर्क में था। आरोप है कि उसने अयोध्या में राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी।

**गैंगस्टर ने सिर पर नुकीली चीज से किया वार**



अब्दुल रहमान पर राम मंदिर उड़ाने की साजिश का आरोप था

**'प्रॉडक्शन वॉरंट पर लेकर करेंगे पूछताछ'**

जेल सूत्रों के मुताबिक, रविवार रात करीब 2 बजे अब्दुल और अरुण में कहासुनी हो गई। अरुण ने अब्दुल के सिर पर नुकीली चीज से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। अरुण चौधरी का नाम जम्मू के कठुआ में चर्चित अक्षय शर्मा हत्याकांड में आया था। अरुण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। » देखें सप्लिमेंट

## लैंबॉर्गिनी हादसा : FIR में जोड़ा गया आरोपी का नाम

Praveen.Mohta@timesofindia.com

■ **कानपुर:** कानपुर के VIP रोड पर लैंबॉर्गिनी से तीन लोग घायल होने का मामला गरमा गया है। पुलिस ने कार सीज कर जांच में तंबाकू कारोबारी के बेटे शिवम का नाम जोड़ा है। रविवार रात पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ FIR दर्ज की थी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि FIR में आरोपी नाम इसलिए नहीं था कि क्योंकि तब नाम पता नहीं था। SHO को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं, बचाव पक्ष कह रहा है कि गाड़ी ड्राइवर चला रहा था।



कानपुर में रविवार को हुआ हादसा

## नरवणे की अप्रकाशित किताब सर्कुलेट, FIR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली
दिल्ली पुलिस ने 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' किताब की प्री-प्रिंट कॉपी ऑनलाइन सर्कुलेट होने के मामले में FIR दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, इस पब्लिकेशन को आधिकारिक मंजूरी नहीं मिली है। जांच में पता चला कि इसी शीर्षक की टाइप-सेट PDF, जिसे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्रा. लि. ने तैयार किया, कुछ वेबसाइटों पर उपलब्ध थी। पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की आत्मकथा वाली किताब गलवान और अग्निपथ के कथित उल्लेखों को लेकर विवाद में है।


## किसी को SIR में बाधा की इजाज़त नहीं: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा, हम किसी को भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की और कई निर्देश जारी किए। राज्य सरकार से कहा कि वह SIR के कार्यों के लिए चुनाव आयोग (ECI) को ग्रुप 'बी' के अधिकारी उपलब्ध कराए, जो चुनाव आयोग की ओर से तैनात किए गए माइक्रो-ऑब्जर्वरों की जगह ले सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि दावों और आपत्तियों पर अंतिम आदेश सिर्फ निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ही पारित कर सकते हैं और माइक्रो-ऑब्जर्वर सिर्फ उनकी मदद कर सकते हैं। कोर्ट ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (DGP) को भी निर्देश दिया कि वे SIR अधिकारियों के खिलाफ कथित धमकियों और हिंसा को रोकने में विफलता को लेकर चुनाव आयोग द्वारा उठाई गई चिंताओं पर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें।

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश**
- 8,500 ग्रुप 'बी' अधिकारियों की सूची में से ECI उनके बायोडाटा और कार्य-अनुभव की जांच के बाद, पहले से तैनात माइक्रो-ऑब्जर्वर की संख्या के बराबर अधिकारियों को शॉर्टलिस्ट कर सकता है।
- राज्य सरकार के अधिकारियों को ERO/AERO की सहायता के लिए, पहले से नियुक्त माइक्रो-ऑब्जर्वरों के साथ संक्षिप्त प्रशिक्षण दिया जा सकता है।


CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP10 User: cci Time: 02-09-2026 21:34 Color:



लोकतंत्र शोर और अवरोध पर नहीं, बल्कि विचारपूर्ण चर्चा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है -अरनेस्ट बेकर

# सदन में अविश्वास

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पिछले हफ्ते, शुक्रवार को सांसदों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील करते हुए कहा था कि अब तक बजट सत्र के 19.13 घंटे बर्बाद हो चुके हैं। उनकी अपील के कुछ वक्त बाद ही हंगामा शुरू हो गया और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। तब से लेकर सोमवार तक, इस आंकड़े में कुछ और घंटे जुड़ चुके हैं। दोनों सदनों में गतिरोध कायम है और अब तो ऐसा लग रहा है कि सुलह से ज्यादा कोशिश टकराव के बहाने तलाशने की हो रही है। इसका खामियाजा संसद की गरिमा को भुगतना पड़ रहा है।



दोनों सदनों में हंगामा

**अधूरी चर्चाएं** | इस बजट सत्र में अभी तक ढंग से कोई भी चर्चा पूरी नहीं हो सकी है। और अहम विधायी मुद्दे अधर में लटके हैं। विपक्ष का कहना है कि लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। सोमवार को एक बार लगा जरूर कि शायद कोई रास्ता निकल जाए, जब नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर की मुलाकात हुई। हालांकि बाद में पेच इस पर फंस गया कि राहुल गांधी बजट पर बोल सकते हैं, किसी और विषय पर नहीं।

**विपक्ष की शिकायत** | सदन को चलाने के लिए जितने जरूरी हैं नियम-कायदे, उतनी ही अहमियत परंपराओं की भी है। और लोकतंत्र की परंपरा रही है कि सभी को बात रखने का मौका मिले, चाहे वह सत्ता में हो या विपक्ष में। लेकिन, विपक्ष में यह भावना पनप रही है कि आसन उनके प्रति समान व्यवहार नहीं कर रहा। सरकार के पास बात रखने के लिए कई मंच और मौके होते हैं, पर विपक्ष के लिए सबसे बड़ा मंच सदन ही है, जहां वह सवाल पूछ सकता है। ये सवाल सरकार की जवाबदेही तय करने और नीतियों में संतुलन के लिए जरूरी हैं।

**भरोसे की कमी** | पीठासीन अधिकारी सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनसे निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। विपक्ष को उनसे यह भरोसा रहता है कि वह बराबरी का मौका देंगे। चिंताजनक बात है कि यह भरोसा टूट रहा है। इसका सबूत कांग्रेस की महिला सांसदों की तरफ से ओम बिरला को लिखी गई चिट्ठी और यह खबर है कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी है। अगर ऐसा होता है, तो भले संख्या बल विपक्ष के साथ नहीं, लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बहुत ज्यादा है।

**नकारात्मक छवि** | यह सेशन अभी तक नकारात्मक वजहों से ज्यादा चर्चा में रहा - सांसदों का निलंबन, पीएम का लोकसभा में सुरक्षा वजहों से भाषण देने नहीं आना। ये घटनाएं जनता के सामने जनप्रतिनिधियों की अच्छी तस्वीर पेश नहीं करतीं।

## ऐवें कुछ भी

# रिटायरी की पार्टी


आलोक सिंह भदौरिया

इस समय रिटायरमेंट ट्रेंड में है। बॉलिवुड के एक मशहूर गायक ने बोल दिया, अब फिल्मों के लिए नहीं गाना। एक दूसरे स्टैंड अप कमिडियन हैं, उन्होंने भी कहा, हंसी-मजाक बाद में देखा जाएगा। दोनों की उम्र अभी खाने खेलने की है। लेकिन ये सब हमारे पड़ोसी सिंह साहब को एकदम पसंद नहीं आया। वह गेट के सामने अपनी बाइक चमका रहे थे। सिंह साहब पुलिस विभाग में हैं। उनके तेवर भी वैसे ही हैं। गली में सबको भुनगा-मच्छर समझते हैं। प्लास्टिक की कुर्सी हमारे रास्ते में ठेलते हुए बोले, बैठिए।

बोले, क्या जमाना आ गया है, अच्छा भला जमा जमाया धंधा छोड़कर आजकल के लड़का लोग रिटायरमेंट ले रहे हैं। मैंने कहा, जी। वह बोले, सुनिए परसों शाम को कम्युनिटी हॉल में आ जाइएगा सपरिवार। हमने पूछा कुछ खास? मूंछों पर ताव देते हुए सिंह साहब ने घूरा और बोले, रिटायर हो रहे हैं, 40 साल की नौकरी के बाद, रिटायरी की पार्टी है।

उनके तेवरों के हिसाब से हमें गिफ्ट में तोप देनी चाहिए थी, लेकिन, हमें शंका है कि तोप उनके पास पहले से है। शाम को महफिल में पहुंचे। भोजपुरी गीत पर पांच डांसर डांस टाइप कर रही थीं, जिनके सामने बैठकर दस बुजुर्ग चाऊमीन खा रहे थे। सिंह साहब गले में दो तोले की सोने की चेन पहने मेहमानों का स्वागत प्रीमियम गुटखे से कर रहे थे। हमने गिफ्ट दिया तो जहांपनाह बोले, स्टेज पर दीजिएगा। सामने जयमाला टाइप स्टेज सजा था। सुबह फिर उनके घर के सामने से निकले। सिंह साहब धूप में ऊंघ रहे थे। बाइक खड़ी थी। आहट से नींद खुली, हमने पूछा, अजीब सा लग रहा होगा? सिंह साहब भड़ककर बोले, काहे अजीब लगेगा, अरे बिना ऊंचनीच के 40 साल नौकरी पूरी कर ली। यह तो खुशी का बात है।



बगल में घनश्याम बाबू बैठे थे, बोले, ये लोग नहीं समझेगा, रिटायर होने वाली हम लोग आखिरी पीढ़ी हैं। हमने पूछा क्यों? घनश्याम बाबू तिरछी मुस्कान फेंककर बोले, नौकरी होगी तब न रिटायर होइएगा, उससे पहले ही कंपनी दरवाजा दिखा देगी। हम बोले, बात तो सही है।

## बोल वचन

दिलीप लाल


# ज़ायक़ेदार फरा-चटनी



उत्तर प्रदेश में आटे से बनाया जाने वाला एक पारंपरिक देसी व्यंजन है फरा। इसको उबालकर या भाप में पकाया जाता है। इसे बनाने के लिए आटे को गूंथकर छोटी-छोटी लोइयां बनाई जाती हैं। इन लोइयों के भीतर उड़द दाल, चना दाल, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च और पारंपरिक मसालों का मिश्रण भरा जाता है। पकने के बाद इसे धनिया-लहसुन की चटनी के साथ परोसा जाता है। आकार में यह गिल्ली-डंडा खेल में इस्तेमाल होने वाली गिल्ली जैसा होता है। कई क्षेत्रों में गिल्ली को पुल्ली भी कहा जाता है, शायद इसी कारण कुछ जगह इसे पुली कहा गया, जिससे बंगाल में पुले पिठे नाम प्रचलित हुआ। क्षेत्र बदलने के साथ इसके नाम भी बदल गए हैं। छत्तीसगढ़ में भी इसे फरा या फरी, बिहार और झारखंड में पीठा, उत्तराखंड में पुवा या पुविया और दक्षिण भारत में कोझुकट्टई कहा जाता है। इसका संबंध संस्कृत के मूल शब्द 'पिष्ट' से माना जाता है, जिसका अर्थ है पिसा हुआ या चूर्ण। विशेषकर सर्दियों में और मकर संक्रांति के अवसर पर पीठा बनाने और खाने की परंपरा व्यापक रूप से देखी जाती है।

## संघ प्रमुख कई बार 75 की उम्र में पद छोड़ने की बात कह चुके हैं, उनका हालिया बयान वैचारिक संकेत

# भागवत की बात में छिपा है बड़ा संदेश


धर्मेंद्र कुमार सिंह


**संघ प्रमुख** मोहन भागवत बार-बार रिटायरमेंट की बात क्यों करते हैं? वह सीधे तौर पर संघ प्रमुख के पद को अलविदा भी कह सकते हैं। दरअसल, इसी में छिपा है वह संदेश, जिसके जरिये भागवत संघ, सरकार और BJP के लिए एक मापदंड तय करना चाहते हैं। वह बताना चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति संगठन से बड़ा नहीं होता और नेतृत्व की एक समय-सीमा होनी चाहिए।

**परंपरा या दीवार** | मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। अनौपचारिक तौर पर इस उम्र को रिटायरमेंट की रेखा माना जाता रहा है, लेकिन यही उम्र सीमा अब संघ परिवार और सरकार, दोनों के लिए दीवार बन गई है। जब मोदी 2014 में देश के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने कहा था कि 2024 तक देश में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। इस बयान से संदेश गया कि वह 75 की उम्र पार करने पर पद को अलविदा कह सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शायद यही वजह है कि मोहन भागवत बार-बार इस विषय को याद दिलाते हैं।

**चिंता की वजह** | संघ और BJP का रिश्ता अक्सर दिल और दिमाग जैसा बताया जाता है। लेकिन, हाल में इसी मुद्दे पर दोनों में तनाव के संकेत दिखे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी समेत 75 वर्ष से अधिक उम्र के 20 से ज्यादा नेताओं को टिकट नहीं दिया गया था। तब तत्कालीन BJP अध्यक्ष अमित शाह ने कहा था कि 75 से अधिक उम्र वालों को लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं देने का फैसला पार्टी का था। उस समय मोदी और शाह के बयानों से यही लगता था कि पार्टी और सरकार एक ही लीक पर हैं।

**बदली रणनीति** | लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पीएम मोदी के रिटायरमेंट को लेकर जमकर बयानबाजी हुई। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि BJP जीती, तो मोदी केवल एक साल पीएम रहेंगे क्योंकि 75 साल वाला नियम तो उन्होंने ही बनाया है। बात बढ़ी तो अमित शाह ने कहा, 'BJP के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मोदी जी 2029 तक देश का नेतृत्व करेंगे।'

**75 पर राजनीति**
- BJP ने पार्टी के भीतर लागू किया था नियम
- 2024 में पीएम मोदी की उम्र का सवाल उठा
- अमित शाह ने कहा था, पार्टी में प्रावधान नहीं



**घर से आवाज** | अमित शाह के बयान के बाद विपक्ष का सवाल उठाना बनता है, लेकिन बात बार-बार घर से उठ रही है। कम से कम पांच मौकों पर मोहन भागवत रिटायरमेंट या दायित्व छोड़ने की बात कह चुके हैं। जुलाई 2025 में उन्होंने कहा था, 'जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे होना चाहिए।' इस बार रविवार को उन्होंने कहा कि संघ ने उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा है, लेकिन पद छोड़ने को कहा जाएगा तो वह तुरंत छोड़ देंगे।

**संगठन सबसे ऊपर** | भले ही संघ का कामकाज BJP से अलग हो, लेकिन दोनों की धुरी एक ही है - राष्ट्र सर्वोपरि, संगठन व्यक्ति से बड़ा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद। मोदी ने कई अवसरों पर कहा है कि पार्टी संगठन से बढ़कर कुछ नहीं है, कार्यकर्ता इसके केंद्र में हैं और हम सब एक परिवार हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने सार्वजनिक रूप से नागपुर में संघ के कार्यक्रम में भाग लिया और मोहन भागवत की मौजूदगी में कहा था कि संघ अब एक वटवृक्ष बन चुका है, जो भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जावान कर रहा है।

**दरार की वजह** | यह भी सच है कि मोदी को पीएम पद का उम्मीदवार बनवाने में संघ की अहम भूमिका रही है। संघ के अजेंडे - राम मंदिर, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने और समान नागरिक संहिता - में से दो पूरे हो चुके हैं। लेकिन, RSS-BJP संबंधों में दरार का कारण बना पिछले आम चुनाव में जेपी नड्डा का यह बयान कि पार्टी संघ के बिना भी चुनाव लड़ सकती है। इसका असर चुनाव नतीजों में दिखा। हालांकि बाद में दोनों फिर करीब आए।

**वैचारिक अपेक्षा** | अब सवाल यही है कि मोहन भागवत बार-बार रिटायरमेंट की बात क्यों कर रहे हैं? क्या यह प्रधानमंत्री की ओर एक वैचारिक संकेत है कि अब रिटायरमेंट पर गंभीरता से सोचने का वक्त आ गया है? भले रिटायरमेंट का कोई औपचारिक बंधन न हो, लेकिन वैचारिक अपेक्षा तो मौजूद है। और शायद यही सवाल खड़ा होता है कि नरेंद्र मोदी पद क्यों नहीं छोड़ना चाहते? संभव है, उन्हें लगता हो कि उनका राजनीतिक और वैचारिक मिशन अभी अधूरा है। दूसरी वजह यह भी हो सकती है कि उनके बाद पीएम पद का उम्मीदवार कौन होगा।

*(लेखक राजनीतिक और चुनाव विश्लेषक हैं)*

## कांटे की बात




आज RSS, सावरकर को भारत रत्न देने की मांग कर रहा है। एक समय आएगा जब BJP नाथूराम गोडसे को भारत रत्न दे देगी। 1857 क्रांति में योगदान देने वाले मौलवी अलाउद्दीन की अंग्रेजों की कैद में मौत हो गई थी। ऐसे लोगों को भारत रत्न देना चाहिए।

असदुद्दीन ओवैसी, *AIMIM प्रमुख*

## AI की दुनिया

# पर्यावरण और सेहत, दोनों के लिए कमाल यह खोज




*GPT-5 अडवांस AI सिस्टम ने ऐसी खोज की है, जिससे दवाओं, इलाज, खेती और कई जरूरी चीजों की लागत कम हो सकती है। इसने प्रोटीन बनाने की महंगी प्रक्रिया को काफी सस्ता बना दिया।*

**लागत और समय में कटौती**

**प्रोटीन बनाने** के लिए आमतौर पर जीवित कोशिकाओं को पालना पड़ता है, जिसमें काफी पैसा लगता है। GPT-5 ने Ginkgo Bioworks संग मिलकर सेल-फ्री प्रोटीन सिंथेसिस (CFPS) नाम की तकनीक को ज्यादा किफायती बनाया। नई प्रक्रिया से प्रोटीन बनाने की कुल लागत करीब 40% तक कम हो गई, जबकि इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की कीमत में 57% तक की गिरावट आई है।

**आम आदमी को फायदा**

**बड़ा असर** दवाओं की कीमत पर पड़ेगा। इंसुलिन, कैंसर और दूसरी आधुनिक बायोलॉजिकल दवाएं सस्ती बन सकेंगी। दूसरा फायदा मेडिकल टेस्ट और डायग्नोस्टिक किट्स में दिखेगा। छोटे शहरों और गांवों में भी बेहतर मेडिकल टेस्ट हो सकेंगे। तीसरा फायदा इंडस्ट्री और पर्यावरण से जुड़ा है। केमिकल की तुलना में एंजाइम पर्यावरण के लिए ज्यादा सुरक्षित होते हैं। -प्रदीप तिवारी


## जनता जंक्शन


इरफान




# 'बाबा' तो फ़ारसी शब्द है, फिर हंगामा कैसा

## कॉमन रूम


मोहम्मद असगर



उत्तराखंड के कोटद्वार में कुछ दिनों पहले एक मुस्लिम दुकानदार से उसकी दुकान का नाम 'बाबा' बदलने की मांग को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। कुछ संगठनों ने इसे धार्मिक नाम बताकर आपत्ति जताई। मामला पुलिस तक पहुंचा और देखते ही देखते पूरे देश में छा गया।

**शब्दों का मजहब** | दुकान का नाम बदलने की मांग ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है - क्या शब्दों पर भी मजहब की मुहर लगाई जा सकती है? दरअसल 'बाबा' किसी एक धर्म की जागीर नहीं, बल्कि सदियों से सभ्यताओं में बहते आए अपनेपन और सम्मान का नाम है। जिस बाबा शब्द को धर्म से जोड़कर हंगामा खड़ा किया गया, वह तो फारसी और तुर्की जुबान की सीढ़ियां चढ़कर भारत पहुंचा है।

**पहली आवाज** | जब हम किसी बुजुर्ग को प्यार से 'बाबा' कहते हैं, या किसी संत-फकीर को सम्मान से पुकारते हैं, तो शायद ही ध्यान इस तरह जाता है कि यह छोटा-सा शब्द सदियों का सफर तय करके हम तक पहुंचा है। भाषाविदों के मुताबिक 'बाबा' की जड़ें इंसान की शुरुआती आवाजों में हैं। बच्चा जब बोलना सीखता है तो सबसे आसान ध्वनियां निकलती हैं - 'बा बा', 'पा पा', 'मा मा'। दुनिया की कई भाषाओं में पिता के लिए ऐसे ही शब्द बने। मशहूर भाषा वैज्ञानिक Roman Jakobson ने बताया था कि ये शब्द बच्चों की प्राकृतिक बोली से खुद-ब-खुद विकसित हुए।

**संबोधन में सम्मान** | लेकिन, 'बाबा' सिर्फ बचपन की आवाज नहीं रहा। फारसी और तुर्की सभ्यताओं में यह शब्द बहुत पहले से पिता और बुजुर्ग के लिए इस्तेमाल होता आया है। फारसी भाषा में 'बाबा' का अर्थ होता था घर का मुखिया, अनुभव से भरा इंसान। वहीं तुर्की समाज में बच्चे अपने पिता को सीधे 'बाबा' कहकर पुकारते थे, जैसे आज भारत में कई जगह कहा जाता है। मैं अपने पिता को अब्बा कहकर पुकारता हूं। मेरे एक कजिन के बच्चे अपने पिता को बाबा जानी पुकारते हैं। कई बच्चे अपने दादा को बाबा बुलाते हैं। सम्मान के रूप में किसी अनजान बुजुर्ग के लिए भी बाबा का संबोधन बहुत आम है।

**श्रद्धा का प्रतीक** | बाबा शब्द सम्मान और अपनेपन, दोनों का प्रतीक है। तभी तो समय के साथ सूफी परंपरा में भी 'बाबा' एक आदर सूचक संबोधन बन गया। भारत में आते-आते इस शब्द ने और गहराई पा ली। संतों के नाम के साथ जुड़कर यह श्रद्धा का रूप बन गया और आम जिंदगी में पिता और बुजुर्गों के लिए प्यार भरा संबोधन। आज 'बाबा' एक ऐसा शब्द है, जो घर की चौखट से लेकर दरगाह और मंदिर तक गूंजता है, बाबा बुल्ले शाह, नवाब फरीद, बाबा रामानंद! बाबा रिश्तों की गर्माहट, सम्मान और भरोसे की एक खूबसूरत विरासत बनकर हमारे बीच है, फिर हंगामा किस बात का है?

# बंगाल में कांग्रेस को बोझ क्यों लग रहा लेफ्ट

हेमंत राजौरा



भारतीय राजनीति में कांग्रेस और वाम दलों (लेफ्ट) के बीच रिश्ता हमेशा एक जैसा नहीं रहा है। कभी यह विचारधारा की समानता पर टिका रहा, तो कभी राजनीतिक हालात के चलते मजबूरी में साथ आना पड़ा। समय के साथ परिस्थितियां बदलीं और अब कांग्रेस धीरे-धीरे लेफ्ट से दूरी बनाती दिखाई दे रही है। पश्चिम बंगाल इस रिश्ते की एक अहम प्रयोगशाला रहा है। यहां 2016 से कांग्रेस और वाम दलों के बीच सक्रिय गठबंधन रहा। हालांकि, गठबंधन अपेक्षित राजनीतिक सफलता हासिल नहीं कर सका।

## असमंजस में कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने लेफ्ट के साथ मिलकर 92 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुल सका। वोट शेयर भी करीब 3% पर आ गया। यह महज चुनावी हार नहीं, बल्कि कांग्रेस के सामाजिक आधार, कार्यकर्ताओं के नेटवर्क और संगठनात्मक मजबूती में गिरावट का संकेत था। कांग्रेस नेतृत्व के लिए यह चेतावनी थी कि लेफ्ट के साथ गठबंधन से पार्टी और कमजोर हो जाएगी।

विशुद्ध राजनीति

कसौटी

मगर, 2019 के लोकसभा चुनाव में दोनों का अलग होना और 2024 में साथ आना कांग्रेस के भीतर असमंजस दिखाता है। पार्टी को लग गया कि लेफ्ट अब राजनीतिक पूंजी नहीं, बल्कि बोझ है। लेफ्ट के साथ रिश्तों में यह नरमी बदलते राजनीतिक संदर्भ को भी दर्शाता है। पहले सीताराम येचुरी जैसे दिग्गज नेता कांग्रेस और लेफ्ट के बीच पुल की भूमिका निभाते थे। आज लेफ्ट की केरल इकाई के लिए कांग्रेस सीधी प्रतिद्वंद्वी है।

केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF और वाम मोर्चा में सीधी टक्कर है। ऐसे में बंगाल में गठबंधन करना लेफ्ट को भी रास नहीं आ रहा है। साथ ही, BJP भी इस मुद्दे पर हमलावर है, जिससे कांग्रेस के लिए वैचारिक असहजता खड़ी हो गई है।

पश्चिम बंगाल चुनाव में लेफ्ट से अलग होकर और ममता बनर्जी के खिलाफ अकेले लड़कर कांग्रेस यह बता रही है पार्टी अब दोबारा स्थापित होना चाहती है। पार्टी नेतृत्व को लगता है कि पारंपरिक वोट बैंक और सामाजिक आधार लेफ्ट के भरोसे नहीं, बल्कि अपनी पहचान के सहारे दोबारा बनाई जा सकती है। कांग्रेस आलाकमान की भी यही रणनीति है कि पार्टी अब सहयोगी दलों की परछाई से निकलकर अपने पुनरुत्थान की कहानी खुद लिखे।

## नए जमाने की राजनीति

कांग्रेस की इस दूरी बनाने का खामियाजा लेफ्ट को भुगतना पड़ सकता है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में जहां वाम दल पहले से ही कमजोर हैं, वहां कांग्रेस भी अगर साथ छोड़ दे तो अस्तित्व संकट और गहराने का खतरा है। कांग्रेस का यह फैसला बताता है कि वह अब लेफ्ट को साझेदार नहीं, बल्कि राजनीतिक अतीत मान चुकी है। लेफ्ट से दूर होती कांग्रेस ने नई राजनीतिक दिशा की ओर भी इशारा किया है। यह सिर्फ गठबंधन तोड़ना भर नहीं है। यह खुद अपनी पहचान बनाने, संगठन को दोबारा तैयार करने और वैचारिक स्पष्टता की भी रणनीति है। कांग्रेस को लगने लगा है कि लेफ्ट के साथ रहकर वह न तो सत्ता का विकल्प बन पा रही है और न ही BJP के खिलाफ चुनौती। इससे लगता है कि भारतीय राजनीति अब नए जमाने की हो गई है, जहां नई खुद की पहचान बनाने के लिए पुराने गठबंधन टूट रहे हैं।

# ख़ास मौक़ों के लिए ही क्यों छिपाकर रखी है ख़ुशी

निर्मल जैन

आज के समय में तनाव सबसे आम और गंभीर विषय है। इसलिए इससे मुक्ति पाने के तरह-तरह के उपाय खोजे जा रहे हैं। कठोर नियंत्रण, तप, व्रत और उपवास के माध्यम से मन को साधने के प्रयास किए जाते हैं। ये उपाय कई बार तात्कालिक राहत तो दे देते हैं, लेकिन सहज और टिकाऊ नहीं होते। जिस प्रकार शरीर के पोषण के लिए आहार आवश्यक है, उसी प्रकार मन को शांत और स्वस्थ रखने के लिए मनोरंजन भी चाहिए। छोटी-छोटी मनभावन बातों पर दिल खोलकर हंस लेना, किसी पुराने मनोरंजक प्रसंग को याद कर लेना, मधुर संगीत सुनना, ये सब मन को सहज रूप से हल्का कर देते हैं।

मौजूदा हालात वर्तमान और भावी, दोनों पीढ़ियों में पनप रही विकृतियों की ओर ध्यान दिलाते हैं। अभिभावकों के पास इतना समय नहीं कि नई पीढ़ी के साथ बैठकर कह सकें, 'आओ, कुछ तुम नया सुनाओ, कुछ हम पुराना बताएं।' विचारकों की सलाह है कि जो स्वयं हंस सकता है, वही दूसरों को हंसा सकता है। जो दूसरों के दिल का दर्द समझ सकता है, वही मुस्कान बांट सकता है। मुस्कान प्रेम की भाषा है। यह सोचने की बात है कि सांस लेने या दिल धड़कने के लिए क्या किसी विशेष अवसर की आवश्यकता होती है? फिर जीवन की मौज-मस्ती और आनंद को हमने केवल खास मौकों, त्योहारों या साल के अंतिम दिनों तक क्यों सीमित कर दिया है? क्या घरों में हंसना इतना मुश्किल हो गया है कि पार्क में जाकर हंसने के लिए साथियों की तलाश करनी पड़े।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

कहते हैं, जिनको जीने के लिए इतने मनोरंजन के साधनों की तलाश करनी होती है, वे कहीं न कहीं भीतर से दुखी होंगे। इसलिए इस बात की गांठ बांध लें कि वास्तव में मौज, मस्ती और प्रसन्नता साधनों से नहीं, हमारे विचारों और जीवन-दृष्टि से उपजती है। इसलिए हम जितने विचार-संपन्न होंगे, उतना ही अधिक सुख का अनुभव करेंगे। दरअसल खुश रहना हमारे नजरिए का परिणाम है। जीवन को खुशी से भरपूर बनाने के दो ही सूत्र हैं- जो पसंद है उसे हासिल करें, और यदि वह संभव न हो, तो जो हासिल है उसे ही पसंद करना सीख लें।

## रीडर्स मेल


### सकारात्मक संकेत

9 फरवरी के संपादकीय 'बराबरी का सौदा' पढ़ा। यह अंतरिम ट्रेड डील कई मायनों में राहत देने वाली है। 50% से घटकर 18% टैरिफ होना निश्चित रूप से सकारात्मक संकेत है और इससे भारत की प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत होगी। अच्छी बात है कि कृषि और डेयरी क्षेत्र में सरकार ने किसानों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। फार्मा को मिलने वाला संभावित लाभ स्वागतयोग्य है। हालांकि रूस से तेल आयात पर निगरानी का प्रावधान चिंता पैदा करता है। उम्मीद है कि अंतिम समझौते में भारत अपने हितों की रक्षा करने में सफल रहेगा।

**मोहित राणा, नोएडा**

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

# 'ईश्वर नहीं अनुभव हैं शिव'



जिस विशाल खालीपन को हम शिव कहते है, वह असीम है, शाश्वत है। लेकिन इंसान का बोध रूप और आकार तक सीमित होता है, इसलिए हमारी संस्कृति में शिव के लिए बहुत तरह के रूपों की कल्पना की गई। गूढ़ और समझ से परे: ईश्वर; मंगलकारी: शंभो; बहुत नादान: भोले, वेद, शास्त्र और तंत्र के महान गुरु: दक्षिणामूर्ति; आसानी से माफ कर देने वाले: आशुतोष; स्रष्टा के ही रक्त से रंगे: भैरव; संपूर्ण रूप से स्थिर: अचलेश्वर; सबसे जादुई नर्तक: नटराज, आदि। यानी जीवन के जितने पहलू है, उतने ही पहलू शिव के बताए गए है।



सद्गुरु

आम तौर पर दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में, लोग जिसे ईश्वरीय मानते है, उसे हमेशा अच्छा दर्शाया जाता है। लेकिन अगर आप शिव पुराण को पढ़ें, तो आप शिव की पहचान अच्छे या बुरे के रूप में नहीं कर सकते। वह सब कुछ हैं। उन्हें सभी गुणों का एक जटिल संगम माना गया है, क्योंकि अगर आप इस एक प्राणी को स्वीकार कर सकते है, तो समझ लीजिए आप जीवन को जान चुके है।

योग संस्कृति में शिव को आदि-गुरु और आदि-योगी माना जाता है। हिमालय के बहुत ऊंचाई वाले इलाकों में एक योगी प्रकट हुए। किसी को पता नहीं कि वे कहां से आए थे। किसी को उनके अतीत का पता नहीं था। लोग बस उनका तेजस्वी रूप और भव्य मौजूदगी को देखकर उनके इर्दगिर्द जमा हो गए। दिन, सप्ताह, महीने गुजर गए, वह बस वहां बैठे रहे। फिर आम लोग अपनी दिलचस्पी खोकर चले गए। केवल सात लोग वहां रहे और इन्हें आज सप्तऋषि कहा जाता है। ये सात ऋषि शिव की शिक्षा के सात आयामों को दुनिया के अलग-अलग कोनों तक ले जाने के साधन बने।

जीवन की बहुत गहन समझ से ही हम उस ध्वनि पर पहुंचे है, जिसे हम शिव कहते है। हम जानते है कि 'शि-व' ध्वनियां आपके लिए चमत्कारी चीजें कर सकती है। अगर आप पर्याप्त ग्रहणशील है, तो यह ध्वनि विस्फोटक हो सकती है। सिर्फ एक उच्चारण आपके अंदर बहुत शक्तिशाली रूप में विस्फोट कर सकता है। इसमें इतनी शक्ति है। यह ऐसा विज्ञान है, जिसे अपने भीतर बहुत गहन अनुभव से समझा गया है।

## शिव का मूल अर्थ

'शिव' में 'शि' का मूल अर्थ है 'शक्ति या ऊर्जा'। भारतीय जीवनशैली में हमने हमेशा स्त्रीत्व को शक्ति का प्रतीक माना है। अंग्रेजी भाषा में भी स्त्रीत्व के लिए यही शब्द 'शी' मिलता है। शि का मूल अर्थ शक्ति या ऊर्जा है। लेकिन अगर आप बहुत ज्यादा शि करेंगे, तो वह आपको असंतुलित कर देगा। इसलिए उसे मंद करने और संतुलन बनाए रखने के लिए इस मंत्र में 'व' जोड़ा गया है। व, वाम से आया है, जिसका मतलब है, प्रवीणता या अधिकार।

'शि-व' मंत्र में, एक उसे ऊर्जा देता है और दूसरा उसे संतुलित करता है या उसे काबू करता है। दिशाहीन ऊर्जा किसी काम की नहीं होती, वह विनाशकारी हो सकती है। इसलिए जब हम 'शिव' कहते है, तो हम उस ऊर्जा को एक खास रूप में, एक खास दिशा में प्रेरित करने की बात करते है।

जब आप 'शिव' कहते है, तो इसका धर्म से कोई लेना देना नहीं है। आज दुनिया धर्म के आधार पर बंटी हुई है। इसकी वजह से, जब आप कुछ बोलते है, तो ऐसा लगता है कि आप किसी 'संप्रदाय' से जुड़े है। यह धर्म की बात नहीं है, यह आतंरिक विकास का विज्ञान है। आपको शिव की पूजा करने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं करता। मैं हर चीज की पूजा करता हूं, मगर अपनी पूरी जिंदगी में मैंने कभी कोई



प्रार्थना नहीं की। जब मैं 'शिव' कहता हूं, तो वह मेरे लिए सब कुछ है। आपको उस ध्वनि की ताकत पता होनी चाहिए। अपने तार्किक मन में न उलझें। यह उस तरह की बकवास नहीं है। यह उस श्रेणी में नहीं आता। यह, आपको आपकी मौजूदा स्थिति से परे ले जाने का तरीका है। यह उन सीमाओं से परे जाने का तरीका है, जिनमें इंसान बंधा हुआ है।

हम योगी खानाबदोश लोग है, जो प्रकृति द्वारा निर्धारित नियमों पर नहीं चलते। प्रकृति ने इंसानों के लिए कुछ नियम बनाए है। भौतिक प्रकृति के नियमों को तोड़ना ही आध्यात्मिक प्रक्रिया है। इस अर्थ में हम नियमों को तोड़ने वाले लोग है और शिव नियमों को तोड़ने में सर्वश्रेष्ठ है। आप शिव की पूजा नहीं कर सकते, मगर आप उनके गैंग में शामिल हो सकते है।

### ई-मेल करें मंदिर वाली सेल्फी




शिवम राजपूत ने बगलामुखी मंदिर, नलखेड़ा (मप्र) से भेजी ये फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

nbtreader@timesofindia.com पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ व्हट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

## शिव: आकार से परे, संपूर्ण ब्रह्माण्ड का आधार




सत्संग
डॉ. सुरजित गोस्वामी
योग गुरु

संपूर्ण जगत शिवमय है। इस संसार में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो शिव से परे हो। यदि रात शिव है, तो दिन भी शिव है; यदि सुख शिव है, तो दुःख भी शिव है। जन्म शिव है, तो मृत्यु भी शिव ही है। शिव वह परमसत्ता है, जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के कण-कण को धारण किए हुए है।

> शिव सीमित आकार नहीं, बल्कि सभी आकार उसी से उत्पन्न हैं

यह केवल दृश्य जगत तक सीमित नहीं, बल्कि जो ज्ञात है और जो अज्ञात है—हर जगह शिव ही शिव व्याप्त है। शिव कोई सीमित आकार नहीं, बल्कि सभी आकार उसी से उत्पन्न हैं। वे परमात्मा, परमब्रह्म, अनादि, अनन्त और शून्यस्वरूप है। शिव इस जगत का बीज है और चैतन्य स्वरूप



है-जब चाहते हैं स्पंदित होते हैं और जब चाहते हैं निस्पंदित।

'शिव' शब्द में उपस्थित 'ई' की मात्रा शक्ति का प्रतीक है। शक्ति के बिना शिव 'शव' कहलाते है, जैसे शरीर से शक्ति निकल जाने पर वह शव बन जाता है। इसलिए शिव और शक्ति एक-दूसरे से पृथक नहीं किए जा सकते। शक्ति जीवनरूपा है और शिव जीवन का आधार। इसी कारण शिव के उपासक शक्ति की उपासना भी करते हैं। प्रकाश ही नहीं, बल्कि ब्रह्माण्ड का अंधकार भी शिव है। उस अंधकार में भी शिव-शक्ति प्रचुर रूप से विद्यमान है। कोई भी स्थान ऐसा नहीं, जहां शिव न हो। सभी जीव शिव से उत्पन्न होते हैं और अंततः शिव में ही लीन हो जाते हैं। शिवलिंग सृष्टि का प्रतीक है, शक्ति जीवन का और प्रलय भी शिव ही है।

शिवरात्रि वह पावन रात्रि है, जब साधक अपने भीतर शिव तत्व का अनुभव करता है। इस रात्रि ध्यान, मंत्र-जप और संयम से शीघ्र ही समाधि का अनुभव सम्भव होता है। फलाहार से शरीर हल्का रहता है और साधना में सहायक बनता है। शिवरात्रि स्वयं को जानने की रात है, क्योंकि हम शरीर या नाम-रूप नहीं, बल्कि शिवस्वरूप आत्मा है-इसी सत्य को आदि शंकराचार्य ने "शिवोहम्" कहकर उद्घोषित किया।

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

### सप्ताह के व्रत और त्योहार


डॉ. अश्विनी शास्त्री

(10 से 16 फरवरी 2026 तक)


*इस सप्ताह के बारे में विशेष: वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और विशाखा नक्षत्र और ध्रुव योग के साथ हो रहा है। वर्तमान कृष्ण पक्ष अगले सप्ताह 17 फरवरी मंगलवार को यानी फाल्गुन अमावस्या वाले दिन समाप्त हो जाएगा और उसके अगले ही दिन यानी 18 फरवरी बुधवार से फाल्गुन का शुक्ल पक्ष आरंभ हो जाएगा। इस सप्ताह फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी के साथ प्रदोष व्रत, महाशिवरात्रि आदि का आयोजन किया जाएगा।*

## महाशिवरात्रि : ज्योतिर्लिंग के रूप में इस दिन प्रकट हुए थे शिव

**■ विजया एकादशी** (13 फरवरी, शुक्रवार)



फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को विजया एकादशी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम ने समुद्र पर पुल बनाया था और लंका पर विजय प्राप्त की थी इसलिए इसे विजया एकादशी कहा जाता है। एकादशी का व्रत रखने वाले व्यक्ति को प्रातःकाल उठकर स्नान आदि से निवृत होकर भूमि पर किसी स्वच्छ जगह पर सात प्रकार के अन्न रखने चाहिए और उनके ऊपर मिट्टी कलश स्थापित करना चाहिए। किसी पात्र में जौ भरकर उसको कलश पर स्थापित करना चाहिए और जौ वाले बर्तन में भगवान नारायण की मूर्ति स्थापित कर पूजा करनी चाहिए।




**■ प्रदोष व्रत** (14 फरवरी, शनिवार)

प्रदोष का व्रत भगवान महादेव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी को प्रदोष के व्रत का विधान शास्त्रों में बताया गया है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि इस व्रत को रखने से शिवजी प्रसन्न होते है और व्रती को सौ गाय दान देने के बराबर फल की प्राप्ति होती है। जिस दिन त्रयोदशी तिथि होती है प्रदोष व्रत को उसी नाम से जाना जाता है जैसे सोम प्रदोष, भौमप्रदोष आदि। सभी प्रदोषों के व्रत का फल अलग अलग बताया गया है।

**■ महाशिवरात्रि** (15 फरवरी, शनिवार)

ऐसी मान्यता है कि जिस तिथि के जो देवता स्वामी होते हैं उस देवता का उस तिथि में



व्रत, पूजन, अर्चन और स्तवन करने से उस देवता की विशेष कृपा उपासक को प्राप्त होती है। भगवान् शिव को चतुर्दशी तिथि का स्वामी माना जाता है। और ईशान संहिता में कहा गया है कि भगवान् शिव फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि वाले दिन ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस तिथि वाले दिन महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाने लगा। इसके अलावा भी कुछ अन्य किंवदंतियां महाशिवरात्रि के विषय में प्रचलित है। कुछ अन्य किंवदंतियों में इस दिन को शिव पार्वती के विवाह के रूप में भी मनाने की परंपरा रही है। मार्कण्डेय पुराण में कहा गया है कि 'निरंजनो निराकारो एको देवो महेश्वरः'। अर्थात् निरंजन एव निराकार महेश्वर ही एकमात्र देव है, जो मृत्यु के मुख में गए हुए प्राणी की बलपूर्वक रक्षा करने में भी समर्थ है।

---

# THE ECONOMIC TIMES

### फटाफट खबरें

**अब बिना गारंटी 25 लाख लोन**

■ पीटीआई, नई दिल्ली : भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सोमवार को छोटे उद्योगों (MSEs) के लिए एक बड़ी राहत का ऐलान किया है। RBI ने कहा है कि बैंक अब सूक्ष्म और लघु उद्योगों को उनकी अच्छी साख और मजबूत वित्तीय स्थिति के आधार पर 25 लाख रुपये तक का कोलेटरल-फ्री (बिना कुछ गिरवी रखे) लोन दे सकते है। RBI के ये नए नियम। अप्रैल से लागू होंगे।

**PSB का मुनाफा 18 फीसदी बढ़ा**

■ पीटीआई, नई दिल्ली : वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में SBI (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) की अगुवाई में सभी 12 पब्लिक सेक्टर बैंकों ने मिलकर 52,603 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड मुनाफा कमाया है। पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले बैंकों के मुनाफे में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले साल दिसंबर तिमाही में इन सभी बैंकों का कुल मुनाफा 44,473 करोड़ रुपये था। कुल कमाई में अकेले SBI की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत रही है।

**अंबुजा-सांघी के विलय को मंजूरी**

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अदाणी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स के साथ सांघी इंडस्ट्रीज के विलय के प्रस्ताव को नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने मंजूरी दे दी है। सोमवार को ट्रिब्यूनल ने इस विलय पर अपनी मुहर लगा दी। अंबुजा सीमेंट्स ने बताया कि मर्जर के लिए 1 अप्रैल 2024 को तय तारीख माना गया है।

**महिलाएं चला रही है MF ब्रांच**

■ पीटीआई, नई दिल्ली : LIC म्यूचुअल फंड ने सोमवार को साउथ दिल्ली में अपनी एक खास ब्रांच की शुरुआत की है। यह देश की पहली ऐसी असेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) बन गई है, जिसने खास तौर पर महिलाओं को ध्यान में रखकर कोई ब्रांच खोली है। LIC म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ रवि कुमार झा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य निवेश के क्षेत्र में महिला और पुरुष के बीच के अंतर को कम करना है। यहां का पूरा कामकाज और स्टाफ सिर्फ महिलाएं ही संभाल रही है। इसे महिला सशक्तीकरण बताया जा रहा है।

# PAN बताने की ट्रांजैक्शन लिमिट बढ़ेगी!

## मार्च के पहले हफ्ते में नोटिफाई हो सकता है नया इनकम टैक्स ऐक्ट, 1 अप्रैल से लागू

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नया इनकम टैक्स ऐक्ट 2025 इस साल पहली अप्रैल से लागू होगा और इसके नियम मार्च के पहले हफ्ते में नोटिफाई किए जा सकते हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (CBDT) के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फिलहाल ड्राफ्ट रूल्स पर 22 फरवरी तक प्रतिक्रियाएं मांगी गई हैं। फीडबैक पर विचार के बाद नियम नोटिफाई किए जाएंगे। जिन लेनदेन पर PAN की जानकारी देना जरूरी होता है, ड्राफ्ट रूल्स में उनकी सीमा बढ़ाई गई है। वहीं, एंप्लॉयर से कर्मचारी को मिलने वाले टैक्स फ्री भत्तों की सीमा बढ़ाई गई है। साथ ही, क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए जरूरी होगा कि वे 1 अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष से ट्रांजैक्शन की जानकारी आयकर विभाग से साझा करें। इलेक्ट्रॉनिक मोड में पेमेंट के लिए सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी को स्वीकार करने की भी बात है।

नया कानून 1 अप्रैल से लागू होने का मतलब यह है कि ये वित्त वर्ष 2026-27 की इनकम पर फाइल किए जाने वाले रिटर्न पर लागू होंगे। 1 अप्रैल के बाद एडवांस टैक्स पेमेंट और TDS से जुड़े मामलों में भी इसके नियम लागू होंगे।



AI Image


**अहम बातें**

- FY25-26 की इनकम के लिए मौजूदा ITR फॉर्म ही भरे जाएंगे
- नए नियम वित्त वर्ष 2026-27 की इनकम के लिए होंगे
- TDS और एडवांस टैक्स पेमेंट जैसी चीजों में नए ऐक्ट के नियम लगेंगे
- बाइक सहित मोटर गाड़ियों की खरीद में कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा हो तो, खरीदार को अपना PAN देना होगा।
- कन्वेंशन सेंटर या बैंक्वेट हॉल या इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े व्यक्ति को किया गया पेमेंट 1 लाख रुपये से ज्यादा होने पर PAN देना होगा।

**बढ़ेगी लिमिट**

अधिकारी ने कहा, 'एंप्लॉयर से कर्मचारी को मिलने वाले भत्तों की लिमिट आज के हालात के हिसाब से बढ़ाई गई है। इससे टैक्स फ्री सैलरी बढ़ सकती है।' मसौदा नियमों के मुताबिक, 1.6 लीटर से कम इंजन क्षमता वाली कारों के लिए भत्ते को मौजूदा 2700 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये महीने करने का प्रस्ताव है। बड़ी गाड़ियों पर इसे 3300 से बढ़ाकर 10000 रुपये करने की बात है। वहीं, फ्री फूड और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेजेज के मामले में भत्ता 50 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये प्रति मील तय किया गया है। चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस को प्रति बच्चा 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये महीना किया गया है।

**PAN का मामला**




एक या अधिक बैंक खातों में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये और इससे ज्यादा की नकद जमा या निकासी पर PAN की जानकारी देना जरूरी होगा। अभी एक दिन में 50000 रुपये से अधिक के कैश डिपॉजिट पर यह बताना होता है। बाइक सहित मोटर गाड़ियों की खरीद में कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा हो तो, खरीदार को अपना PAN देना होगा। अभी टू-व्हीलर के मामले में ऐसा जरूरी नहीं है। मोटर गाड़ियों में इसे देना होता है, भले ही कीमत कितनी भी हो। कन्वेंशन सेंटर या बैंक्वेट हॉल या इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े व्यक्ति को किया गया पेमेंट 1 लाख रुपये से ज्यादा होने पर PAN देना होगा। अभी होटल, रेस्टोरेंट बिल 50000 रुपये से ज्यादा होने पर ऐसा करना होता है। अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री या जॉइंट डिवेलपमेंट एग्रीमेंट के मामले में अगर ट्रांजैक्शन कॉस्ट 20 लाख रुपये से ज्यादा हो तो PAN बताना होगा। अभी सीमा 10 लाख रुपये की है।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

**सहूलियत बढ़ाने पर जोर**

I-T ऐक्ट 1961 में जहां 511 नियम और 399 फॉर्म है, वहीं नए ऐक्ट में इनकी संख्या 333 और 190 पर ला दी गई है। प्री-फिल्ड फॉर्म्स की इंफर्मेशन को टैक्सपेयर एडिट कर सकेंगे। इनमें फीडबैक की सुविधा बनी रहेगी, जिससे गलत जानकारी को सुधारा जा सके। जिन मामलों में एंप्लॉयर TDS काट लेते है, लेकिन आयकर विभाग के पास जमा नहीं कराते, उनमें करदाता विभाग को ऐसी जानकारी दे सकेंगे और ज्यादा टैक्स भरने से बच सकेंगे। HRA क्लेम के लिए दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के साथ बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को भी शामिल करने से भी सुविधा बढ़ेगी।

# EPFO का मोबाइल ऐप अप्रैल में आ सकता है



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एंप्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) अप्रैल के पहले हफ्ते तक एक खास मोबाइल ऐप लॉन्च करेगा। इसके जरिए लोग EPFO का अपना फंड UPI के जरिए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे। इसमें पासबुक बैलेंस चेक करने जैसी दूसरी सुविधाएं भी होंगी। लेबर मिनिस्ट्री के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि EPFO से फंड निकासी की जो सीमाएं हैं, उनके मुताबिक सब्सक्राइबर फंड ट्रांसफर कर सकेंगे।


मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया, 'मार्च अंत तक या अधिक से अधिक अप्रैल के पहले हफ्ते में EPFO का अपना मोबाइल ऐप लॉन्च कर दिया जाएगा।' उन्होंने बताया, 'ऐप को सब्सक्राइबर के बैंक खातों से जोड़ा जा सकेगा। ऐप में दिखेगा कि सब्सक्राइबर कितना फंड ट्रांसफर कर सकता है। UPI पिन का उपयोग करते हुए ऐप के जरिए फंड बैंक खाते में भेजा जा सकेगा।'

मौजूदा नियमों के मुताबिक, मेंबर के अकाउंट में अंशदान का 25% हिस्सा मिनिमम बैलेंस के रूप में रहता है। नौकरी छूटने की स्थिति में 12 महीने बाद यह हिस्सा भी निकाला जा सकता है। बीमारी, पढ़ाई, शादी और घर बनाने जैसे मामलों में ऑटो-सेटलमेंट की सुविधा है। ऑटो सेटलमेंट की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जा चुकी है।

**ये होंगी सुविधाएं**

- UPI के जरिए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे पैसा
- पासबुक बैलेंस चेक करने जैसी दूसरी सुविधाएं भी होंगी
- मौजूदा UAN पोर्टल और उमंग ऐप की सुविधाएं भी जारी रहेंगी।
- ऑटो-सेटलमेंट मोड की लिमिट 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये।

## ट्रेड डील ने बाज़ार में भरा जोश, FIIs बने खरीदार



AI Image

- **सेंसेक्स** 84,065.75 पर बंद (485.35 अंक की बढ़त)।
- **निफ्टी** 25,867.30 पर बंद (173.60 अंक की बढ़त)।
- **FII खरीदारी** 1,950.77 करोड़ रुपये के शेयर शुक्रवार को खरीदे।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने से बाजार में छाई अनिश्चितता खत्म हो गई है। इसका असर सोमवार को शेयर बाजार पर साफ दिखा। चौतरफा खरीदारी की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58%) की मजबूती के साथ 84,065.75 पर बंद हुआ। वहीं, NSE निफ्टी 173.60 अंक (0.68%) चढ़कर 25,867.30 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 228.55 अंक (0.88%) की बढ़त के साथ 25,922.25 के हाई पर भी पहुंचा।

एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने शुक्रवार को 1,950.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। BSE पर स्मॉलकैप इंडेक्स 2.31% और मिडकैप इंडेक्स 1.27% ऊपर रहे। सेक्टरों की बात करें तो PSU बैंक इंडेक्स सबसे ज्यादा 2.83% चढ़ा। इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (2.76%), रियल्टी (2.64%) और कमोडिटीज (2.06%) का नंबर रहा।

वहीं, दिल्ली के जूलरी बाजार में चांदी की कीमतों में 6 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया। चांदी की कीमत 17,000 रुपये (6.66%) बढ़कर 2,72,000 रुपये प्रति किलो हो गई है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये (0.83%) महंगा होकर 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

## बजट के बाद म्युनिसिपल बॉण्ड बनेंगे कमाई का नया जरिया?



AI Image

NBT Explainer

■ NBT रिपोर्ट : यूनियन बजट ने भारत के अभी-अभी उभर रहे म्युनिसिपल बॉण्ड मार्केट को नई रफ्तार दी है। बजट में प्रस्ताव दिया गया है कि अगर कोई नगर निगम 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बॉण्ड जारी करता है, तो उसे 100 करोड़ रुपये का इंसेंटिव दिया जाएगा। 200 करोड़ तक के छोटे बॉण्ड के लिए AMRUT योजना के तहत मदद जारी रहेगी।

**क्या है म्युनिसिपल बॉण्ड?**

ET के मुताबिक, म्युनिसिपल बॉण्ड एक तरह के कर्ज के दस्तावेज होते हैं। इन्हें नगर निगम सड़कों, पानी की सप्लाई, सफाई और शहरों के विकास जैसे कामों के लिए पैसा जुटाने के लिए जारी करते हैं। निवेशकों को इसमें शहर की कमाई से मिलने वाला एक स्थिर रिटर्न मिलता है।

**क्यों बढ़ रहा आकर्षण?**

म्युनिसिपल बॉण्ड पर मिलने वाला मुनाफा (yield) बड़ी कंपनियों के अच्छे बॉण्ड के बराबर होता है और स्टेट डिवेलपमेंट लोन (SDLs) से थोड़ा ज्यादा होता है। कुछ अच्छी रेटिंग वाले म्युनिसिपल बॉण्ड निवेशकों को ज्यादा मुनाफा दे रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि म्युनिसिपल बॉण्ड फिलहाल AAA रेटिंग वाले सरकारी या कॉरपोरेट बॉण्ड के मुकाबले 0.75% से 1% तक ज्यादा रिटर्न दे रहे हैं। 8% से 8.5% के रिटर्न पर भी इनकी काफी मांग है और ये बॉण्ड आते ही बिक जाते हैं।

**क्या है चुनौती**

म्युनिसिपल बॉण्ड के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इनमें से ज्यादातर प्राइवेट प्लेसमेंट (चुनिंदा लोगों को बेचना) के जरिए लाए जाते हैं, जिसमें आम निवेशक हिस्सा नहीं ले पाते। एक और समस्या इन बॉण्ड्स की कीमत है। कई म्युनिसिपल बॉण्ड 1 लाख या 10 लाख रुपये की शुरुआती कीमत (फेस वैल्यू) के साथ आते हैं, जो एक आम निवेशक के लिए बहुत ज्यादा है।

**क्या है समस्या?**

बॉण्ड जारी होने की रफ्तार तो बढ़ी है, लेकिन इन्हें दोबारा बेचना अभी भी मुश्किल है। साल 2025 में म्युनिसिपल बॉण्ड्स की कुल ट्रेडिंग सिर्फ 175 करोड़ रुपये रही। निवेशक इन्हें खरीदकर मैच्योरिटी तक अपने पास रखना पसंद करते हैं, क्योंकि इनका साइज छोटा होता है और इन्हें बाजार में तुरंत बेचना आसान नहीं होता।

**क्या बदलेगी सूरत?**


बजट में 100 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के ऐलान से यह स्थिति बदल सकती है। आने वाले समय में बाजार में इन बॉण्ड्स की खरीद-फरोख्त भी बढ़ेगी।

**क्यों करें निवेश?**

एक्सपर्ट का कहना है कि ये बॉण्ड शहरों के विकास से जुड़े होते हैं और इनमें जोखिम कम और मुनाफा ठीक-ठाक होता है।

**बेहतर कामकाजी स्थितियों का भरोसा**

## वर्कर्स बोले, लेबर कोड से सुधरेंगे हालात : सर्वे



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : श्रम मंत्रालय ने सोमवार को एक सर्वे की रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक, सर्वे में शामिल वर्कर्स में से करीब 60% ने कहा कि 4 लेबर कोड लागू होने से उनकी इनकम सिक्योरिटी में सुधार होगा और कामकाजी हालात बेहतर होंगे। यह रिपोर्ट खास है क्योंकि 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने लेबर कोड्स के खिलाफ 12 फरवरी को हड़ताल की चेतावनी दी है।

पिछले साल 21 नवंबर को लेबर कोड लागू किए गए थे। इसके बाद के 2 महीनों में नोएडा के वी वी गिरि नैशनल लेबर इंस्टिट्यूट ने 5720 वर्कर्स और 715 एंप्लॉयर्स के बीच सर्वे किया। यह इंस्टिट्यूट मंत्रालय के तहत आता है। सर्वे के मुताबिक 64% वर्कर्स ने कहा कि उनकी इनकम सिक्योरिटी बेहतर होगी। 54% ने कहा कि वेतन भुगतान समय पर होगा। 53% कामगारों ने कहा कि कामकाजी हालात बेहतर होंगे।

**वर्कर्स की राय**

- **60%**: कामकाजी हालात बेहतर होंगे।
- **64%** : इनकम सिक्योरिटी बेहतर होगी।
- **54%** : समय पर सैलरी का भरोसा।
- **60%** : छुट्टियों की स्थिति सुधरेगी।
- **63%** : वर्कप्लेस पर सेफ्टी से बेहतर हालात।
- **63%** : कॉन्ट्रैक्ट और गिग वर्कर्स की स्थिति बेहतर।



यह हमारी टीम के लिए बहुत बुरा है कि जोश हेजलवुड नहीं खेल रहा है। उनके लिए कुछ महीने मुश्किल रहे हैं। मेरा काम खुद को परिस्थितियों के हिसाब से ढालने की कोशिश करना होगा। - नथन एलिस, पेसर, ऑस्ट्रेलिया

**63** सिक्स लगाए हैं क्रिस गेल ने टी20 वर्ल्ड कप में, जो सर्वाधिक हैं। दूसरे स्थान पर 50 सिक्स के साथ रोहित शर्मा हैं

# बांग्लादेश की सलाह पर यू-टर्न लेगा पाकिस्तान !

**भारत-पाकिस्तान मैच**

■ **एजेंसियां, कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के प्रमुख मोहसिन नकवी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष की सलाह पर भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले का बहिष्कार वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध करेंगे। यह जानकारी PCB के एक सूत्र ने दी। समझा जाता है कि नकवी ने भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली और बांग्लादेश समेत एक त्रिकोणीय श्रृंखला की मांग रखी है ताकि भारत में टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेल रहे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।



टी20 वर्ल्ड कप 2026

पाकिस्तान को भारत के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में खेलना है

चूंकि, भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय क्रिकेट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के दायरे में नहीं आता है और त्रिकोणीय श्रृंखला की मांग स्वीकार कर ही ली गई है। भारत ने एक दशक से अधिक समय से कोई फैसला नहीं हो सकता है। ICC अगले अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी बांग्लादेश को दे सकती है।

हालिया घटनाक्रम की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है। सूत्र ने कहा, 'नकवी प्रधानमंत्री को बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात क्रिकेट बोर्ड तथा ICC के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी देंगे और उन्हें इस संकट से अवगत कराएंगे।' सूत्र ने कहा कि नकवी संभवतः प्रधानमंत्री से टीम को वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति देने का अनुरोध करेंगे। वह प्रधानमंत्री को विशेष रूप से श्रीलंका, यूएई और बांग्लादेश के साथ हुई बातचीत का ब्योरा देंगे। इस मामले में हालांकि अंतिम फैसला शरीफ को ही करना है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड उसका पालन करेगा।

**अंतिम फैसला शरीफ करेंगे:** सूत्र के अनुसार नकवी इस मुद्दे पर

### पूरे टूर्नामेंट की तैयारी कर रहे हैं हम: सलमान मिर्जा

**कोलंबो:** पाकिस्तान के फास्ट बोलर सलमान मिर्जा ने सोमवार को कहा कि टीम पूरा वर्ल्ड कप खेलने की तैयारी कर रही है। अमेरिका के खिलाफ पाकिस्तान के मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिर्जा से पूछा गया था कि क्या भारत के खिलाफ मैच को लेकर टीम में कोई बातचीत हुई है। मिर्जा का जवाब था, 'हम पूरे टूर्नामेंट के लिए तैयारी कर रहे हैं। हम जिस टीम के खिलाफ हम खेलेंगे। फैसला सरकार का होगा और हम वही करेंगे जो हमसे कहा जाएगा। इस समय फोकस आगामी मैच पर है और हम मैच दर मैच रणनीति बनाएंगे। जहां तक भारत के खिलाफ मैच का सवाल है, तो यह सरकार का फैसला होगा। जो सरकार तय करेगी, हम उसके अनुसार खेलेंगे।'

# विराट, रोहित को रखा बी ग्रेड में, ए प्लस खत्म हुआ

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के ताजा सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में अपेक्षा के अनुरूप बी ग्रेड में रखा गया है। बोर्ड ने सात करोड़ की रिटेनरशिप वाले ए प्लस ग्रेड को खत्म कर दिया है। BCCI ने सोमवार को 30 पुरुष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी ग्रेड के सालाना कॉन्ट्रैक्ट देने की घोषणा की। तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल, पेसर जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को ए ग्रेड में रखा गया है।

**फीस नहीं बताई गई:** BCCI ने तीनों श्रेणियों की रिटेनरशिप फीस की घोषणा नहीं की है। इससे पहले ए ग्रेड में पांच करोड़ रुपये, बी में तीन करोड़ और सी में एक करोड़ रुपये दिए जाते थे। विराट और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने

**BCCI सालाना कॉन्ट्रैक्ट**



अब सिर्फ वनडे खेलते हैं 'रो-को'

के बाद एक ही फॉर्मेट में खेलते हैं और इसलिए ऊंचे ग्रेड में नहीं रह सकते। समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के युग में प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरुआत की थी। यह तीनों फॉर्मेट्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर्स के लिए था और इसमें सिर्फ विराट, रोहित, जडेजा और बुमराह ही इस ग्रेड में रहे हैं।

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. टी20 वर्ल्ड कप 2026 में नीदरलैंड्स-नामीबिया मैच किस शहर में होगा?
A) अहमदाबाद B) चेन्नै
C) मुंबई D) दिल्ली

2. अमेरिका ने पाकिस्तान को किस साल के टी20 वर्ल्ड कप में हराया था?
A) 2007 B) 2021
C) 2016 D) 2024

**कल के जवाब**
1. C) 4 2. B) टिम सीफर्ट

**लकी WINNERS**



1 वेदांशी, रमेश नगर, दिल्ली
2 विमल भारद्वाज, फरीदाबाद
3 सौरभ पाटनी, ठाणे, मुंबई

**आप अपने जवाब हमें 9319282367**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### यह तो शुरुआत है:सुरेश

■ **बेंगलुरु:** भारत के नए डेविस कप हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का कहना है कि देश के लिए उनका शानदार प्रदर्शन 'बस शुरुआत है'। वह एक अमेरिकी यूनिवर्सिटी में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एटीपी टेनिस टूर पर पूरी तरह से प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। सुरेश ने कहा, 'अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह तो बस शुरुआत है।' सुरेश की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को हराकर डेविस कप क्वॉलिफायर के दूसरे राउंड में जगह बनाई।

### बाहर हो सकते हैं वेन

■ **कोलकाता:** इटली के हेड कोच जॉन डेविसन ने कहा है कि कप्तान वेन मेडसन का टी20 वर्ल्ड कप मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ कंधा खिसकने के कारण बाकी मुकाबलों में खेलना संदिग्ध है। डेविसन ने कहा कि कप्तान टीम के साथ यात्रा कर सकते हैं और 'कोचिंग स्टाफ' के रूप में डगआउट में रह सकते हैं।

### अजीत ने तोड़ा रेकॉर्ड

■ **मोदीनगर:** रेलवे स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के एन अजीत ने नैशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किलो सीनियर वर्ग में स्नैच का नया नैशनल रेकॉर्ड बनाया। उन्होंने स्नैच में 145 किलो और क्लीन ऐंड जर्क में 175 किलो वजन उठाया।

### रोनाल्डो से उम्मीद

■ **रियाद:** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी अरब आने के बाद अब तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है, लेकिन उनके क्लब अल-नस्र को उम्मीद है कि वह बुधवार को मैदान पर वापसी कर टीम को ट्रॉफी के करीब पहुंचाने में मदद करेंगे।

### पिछले वर्ल्ड कप में इस टीम के से हार चुकी है पाक टीम

# अमेरिका के सामने सतर्क रहना होगा पाकिस्तान को

**पाकिस्तान Vs अमेरिका**

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** पाकिस्तान के लिए अगर भारत के खिलाफ 15 फरवरी के मैच के बहिष्कार की स्थिति कायम रही, तो अमेरिका के विरुद्ध उसका दूसरा ग्रुप मैच एक तरह से नॉकआउट मुकाबला होगा। भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर उसका अंक गंवाना तय है। इस वजह से उसे भारत और ड स के बाद ग्रुप की तीसरी सबसे मजबूत टीम नजर आ रही अमेरिका पर जीत हासिल करनी होगी। यदि अमेरिका यह मैच जीतता है तो पाकिस्तान की अगले राउंड में पहुंचने की उम्मीदें दूसरी टीमों पर टिक जाएंगी।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

**याद होगी वह हार:** पाकिस्तान के लिए यह मैच इस लिए भी अहम है क्योंकि पिछले टी20 वर्ल्ड कप में उसे अमेरिका के हाथों शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था और अब वे उस पिछली हार का हिसाब बराबर करना चाहेंगे। साल 2024 में वर्ल्ड कप में डेब्यू करते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ बड़े मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। मौजूदा टूर्नामेंट के पहले मैच में उसने भारत को कड़ी टक्कर दी, ऐसे में वे पाकिस्तान के साथ हाई जोश के साथ मैदान पर उतरेंगे।

**बैटिंग पर करना होगा काम:** हालांकि, दोनों ही टीम को बल्लेबाजी विभाग में काफी काम करना है। पाकिस्तान नीदरलैंड्स के खिलाफ 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी स्थिति में था, लेकिन बीच के ओवर्स में बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण टीम मुश्किल में पड़ गई। फहीम अशरफ की बदौलत टीम जीत हासिल करने में सफल रही। अमेरिका ने वानखेड़े स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन भारत को दबाव में डाल दिया था, लेकिन प्रभावशाली गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद उनके बल्लेबाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। पाकिस्तान की टीम में सभी की नजरें बाबर आजम पर होंगी जिन्होंने सबसे छोटे फॉर्मेट में वापसी की है। ओपनर सईम अयूब से भी बल्ले से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**नेत्रवलकर को पकड़नी होगी लय:** अमेरिका भी अपने टॉप बैटर्स से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। कप्तान मोनांक पटेल ने माना था कि उनकी टीम भारत के खिलाफ पावरप्ले में ढीले शॉट खेलने की दोषी थी। सीनियर पेसर सौरभ नेत्रवलकर का पहला मैच खराब रहा और वह पाकिस्तान के खिलाफ बेहतर करने के लिए बेताब होंगे।



भारत के खिलाफ मुकाबले में अमेरिकी टीम ने किया था जोरदार प्रदर्शन

**टेलिकास्ट:** शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

**आमना-सामना**

कुल मैच 1
पाकिस्तान जीता 0, अमेरिका जीता 1

**2** टी20 इंटरनैशनल मैच गवाए हैं पाकिस्तान ने अभी तक कोलंबो के सिंहली क्लब मैदान पर, जबकि यहां छह मैच उसने जीते हैं। दो हार उसे भारत और श्रीलंका के हाथों मिली हैं

**80** रन दूर हैं अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल टी20 इंटरनैशनल में हजार रन पूरे करने वाले पहले अमेरिकी बैटर बनने से

**संभावित प्लेइंग XI**

**पाकिस्तान:** साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान अली आगा (कप्तान), बाबर आजम, शादाब खान, उस्मान खान (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन शाह अफरीदी, सलमान मिर्जा, अबरार अहमद
**अमेरिका:** एंड्रीस गौस, साईतेजा मुक्कामाला, मोनांक पटेल (कप्तान), मिलिंद कुमार, संजय कृष्णमूर्ति, शुभम रंजने, हरमीत सिंह, मोहम्मद मोहसिन, शैडली वैन शाल्कविक, अली खान, सौरभ नेत्रवलकर

**पिच व मौसम**

पाकिस्तानी कप्तान सलमान ने पिछले मैच के बाद कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब की पिच पर छोड़ी गई घास को देखकर हैरानी जताई थी। हालांकि, अब यह सतह तीन दिन पहले की तुलना में पाकिस्तान के लिए उतनी अनजानी नहीं रही। पिच थोड़ा स्लो हो सकती है। मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन बारिश का पूर्वानुमान नहीं है।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### अली हटेंगे तो लगेगा बड़ा झटका

**अमेरिकी** टीम चोट से परेशान है। भारत के खिलाफ पिछले मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करने वाले अमेरिकी पेसर अली खान भी चोटिल हैं। यदि अली फिट नहीं हो पाए तो अमेरिका को बड़ा झटका लग सकता है। अली के विकल्प के तौर देखे जा रहे टीम के एक अन्य पेसर जसदीप सिंह भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह अहसान आदिल को टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान के लिए 3 टेस्ट और 6 वनडे खेल चुके आदिल अभी तक अमेरिका की ओर से खेले नहीं हैं।

# मार्करम और लुंगी के दम पर साउथ अफ्रीका ने कनाडा को दी शिकस्त

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कप्तान एडेन मार्करम (59 रन, 32 बॉल 10 फोर, 1 सिक्स) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' लुंगी एनगिडी (4/31) के शानदार खेल की बदौलत साउथ अफ्रीका ने अपने पहले ग्रुप में कनाडा पर 57 रन की बड़ी जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप में शुरुआत की। मार्करम की फिफ्टी के अलावा डेविड मिलर (39*) और ट्रिस्टन स्टब्स (34*) की तेज फिनिशिंग पारियों की मदद से साउथ अफ्रीका ने 4 विकेट पर 213 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में कनाडा की टीम 158/8 रन बना सकी।

**डट गए चंडीगढ़ के नवनीत:** इस टूर्नामेंट में अभी तक एसोसिएट टीमों के खिलाफ बड़ी टीमों ने 'नर्वस स्टार्ट' किया था लेकिन सोमवार को अहमदाबाद में कनाडा के खिलाफ साउथ ने 200 प्लस टोटल के साथ आगाज किया। इसके बाद वह सिर्फ 45 रन पर कनाडा के चार विकेट निकालकर बड़ी जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन बीच में नवनीत सिंह धालीवाल खड़े हो गए। चंडीगढ़ में पैदा हुए नवनीत ने एक छोर थाम कर साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का बखूबी सामना किया। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पारी के 17वें ओवर में 39 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्हें हर्ष ठाकर (33) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 69 रन जोड़कर हार के अंतर को कम किया। नवनीत ने अंतिम ओवर में आउट होने से पहले 49 गेंद पर 7 फोर और 1 सिक्स की मदद से 64 रन की पारी खेली।

**प्लान के साथ आया था कनाडा:** इससे पहले, फ्लडलाइट्स के नीचे कनाडा के बोलर्स एक साफ योजना के साथ शुरुआत उतरे थे। फुल लेंथ गेंद लेकिन ऑफ साइड में बल्लेबाज से दूर। पेसर कलीम सना ने अच्छी शुरुआत की, हालांकि लाइन-लेंथ पूरी तरह सटीक नहीं थी। दूसरे ओवर में डिलोन हेलिगर ने भी प्लान को फॉलो किया, लेकिन तब तक मार्करम रणनीति समझ चुके थे। उन्होंने तीन चौके के साथ ओवर खत्म किया। तीसरे ओवर में कलीम दूसरे ओपनर क्विंटन डीकॉक को पविलियन भेज चुके होते अगर अंश पटेल ने एक आसान कैच नहीं टपकाया होता। इस जीवनदान के बाद डीकॉक ने भी हाथ खोल लिए। पावर हिटिंग से बचने के लिए पावरप्ले में कनाडा ने साद बिन जफर और जसकरण सिंह के रूप में दो स्पिनर अटैक पर लगाए। लेकिन दोनों के एक-एक ओवर में क्रमशः 11 और 12 रन बन गए। साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले में बिना नुकसान के 66 रन बनाए।

**मिलर-स्टब्स हो गए हावी:** पावरप्ले के बाद डीकॉक (25 रन) के रूप में पहला विकेट गिरा। मार्करम ने प्रहार जारी रखते हुए 28 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की। मार्करम की पारी का अंत बाएं हाथ के स्पिनर अंश पटेल ने किया। इसके बाद रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस फटाफट आउट हो गए। वहां से डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स ने सिर्फ 37 गेंदों में 75 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मिलर ने आखिरी ओवरों में मनचाहे छक्के लगाते हुए दमदार फिनिश दिया।

**साउथ अफ्रीका Vs कनाडा**



टी20 वर्ल्ड कप 2026

**2** दूसरे प्लेयर बने डेविड मिलर टी20I के डेथ ओवर्स में एक हजार रन पूरे करने वाले

अपनी पारी के दौरान एडेन मार्करम

**डेथ ओवर्स में सर्वाधिक टी20 इंटरनैशनल रन**

| रन | प्लेयर | स्ट्राइक |
|---|---|---|
| 1030 | हार्दिक पंड्या | 186.93 |
| 1013 | डेविड मिलर | 180.57 |
| 983 | मोहम्मद नबी | 189.76 |
| 856 | एमएस धोनी | 160.60 |
| 838 | नजीबुल्लाह | 199.04 |
| 822 | दासुन शनाका | 164.67 |
| 777 | विराट कोहली | 198.21 |

**ब्रीफ स्कोर**
**साउथ अफ्रीका:** 213/4 (एडेन मार्करम 59, डेविड मिलर 39*, ट्रिस्टन स्टब्स 34*, रयान रिकेल्टन 33, अंश पटेल 3/31)
**कनाडा:** 158/8 (नवनीत धालीवाल 64, हर्ष ठाकर 33, युवराज सामरा 12, लुंगी एनगिडी 4/31, मार्को यानसेन 2/30)

# स्कॉटलैंड की जीत का खाता खुला

■ **एजेंसियां, कोलकाता:** जॉर्ज मन्सी (84 रन, 54 बॉल, 13 फोर, 2 सिक्स) और माइकल लीस्क (22* रन, 4/17) की बदौलत स्कॉटलैंड की टीम इटली का वर्ल्ड कप डेब्यू बिगाड़ने में कामयाब रही। स्कॉटलैंड ने यह मैच 73 रन से जीता। स्कॉटलैंड ने बैटिंग करते हुए पहली बार क्रिकेट वर्ल्ड कप खेल रही इटली के सामने 20 ओवर्स में चार विकेट पर 207 रन बना दिए। जवाब में इटली ने कुछ हद तक संघर्ष किया, लेकिन कप्तान वेन मैडसन की गैरमौजूदगी में 16.4 ओवर्स में 134 रन पर ऑलआउट हो गई। लीस्क को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज से पहले मैच में हारने के बाद यह स्कॉटलैंड की मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

**मन्सी निकले सबसे आगे:** इससे पूर्व, मन्सी ने माइकल जोन्स (37) के साथ लिए 126 रन की ओपनिंग साझेदारी की। अंत में ब्रेंडन मैकमुलेन (41* रन, 18 गेंद) और लीस्क की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। स्कॉटलैंड मौजूदा टूर्नामेंट में 200+ स्कोर बनाने वाली पहली टीम बनी। मन्सी (2405) अपनी पारी के दौरान स्कॉटलैंड के लिए सर्वाधिक टी20I रन बनाने वाले बैटर भी बन गए।

**स्कॉटलैंड Vs इटली**



विकेट का जश्न मनाते लीस्क (बाएं)

**25** वीं टीम बनी इटली टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाली। वर्ल्ड कप में केन्या और युगांडा की भी टीम खेल चुकी है

**73** रन से हराया स्कॉटलैंड ने इटली को। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी असोसिएट देश की दूसरी सबसे बड़ी जीत है

# जिंबाब्वे ने बड़ी जीत से की वर्ल्ड कप में वापसी

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** जिंबाब्वे ने ओमान पर आठ विकेट की बड़ी जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में वापसी की। जिंबाब्वे पिछले एडिशन के वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाया था। टीम ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए ओमान पर शुरू से ही दबदबा बनाया। पहले बैटिंग करते हुए ओमान की टीम केवल 103 रन पर आउट हो गई। जवाब में जिंबाब्वे ने ब्रायन बेनेट (48 रन), ब्रेंडन टेलर (31 रन) और तादिवानाशे मारुमानी (21 रन, 11 बॉल) की बदौलत 39 गेंद रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

**ब्लेसिंग की उम्दा बोलिंग:** पेसर ब्लेसिंग मुजरबानी (3/16) ने कप्तान सिकंदर रजा के पहले बोलिंग करने के फैसले को सही साबित किया। उन्होंने मैच की अपनी पहली बॉल पर ही विपक्षी कप्तान जतिंदर सिंह (5 रन) को चलता किया। ओमान ने 27 रन पर ही 5 विकेट गंवाने के बाद सुफयान मेहमूद (25) और विनायक शुक्ला (28) की बदौलत 100 का आंकड़ा पार किया। ब्लेसिंग के अलावा रिचर्ड एनगारवा और ब्रैड इवांस ने भी 3-3 विकेट लिए।

**जिंबाब्वे Vs ओमान**



बेनेट और टेलर (दाएं) ने तीसरे विकेट के लिए 68* रन की जोड़े

# दिल्ली में आज नामीबिया का सामना 'ऑरेंज आर्मी' से

Abhishek.Upadhyay1@Timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पाकिस्तान को कड़ी चुनौती देकर आत्मविश्वास हासिल कर चुकी नीदरलैंड्स की टीम मंगलवार को टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप-ए के अहम मुकाबले में नामीबिया के खिलाफ उतरेगी। पाकिस्तान से करीबी हार के बावजूद 'ऑरेंज आर्मी' ने जता दिया कि वह टीमों को परेशान करने की क्षमता रखती है। इस टूर्नामेंट दिल्ली की मेजबानी में होने वाला यह पहला मैच है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

**फील्डिंग पर थी खास नजर:** अरुण जेटली स्टेडियम में मैच की पूर्व संध्या पर नीदरलैंड्स ने ट्रेनिंग सेशन की शुरुआत फील्डिंग प्रैक्टिस से की। इसके बाद बैटर्स ने नेट्स में अभ्यास किया, जबकि कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने पावर-हिटिंग पर काम किया। वहीं, नामीबिया गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में अभियान शुरू करेगा। यान फ्राइलिंक, जेजे स्मिट की ऑलराउंड क्षमता मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकती है।

Rajesh Mehta



नीदरलैंड्स के प्लेयर प्रैक्टिस सेशन के दौरान

**आमना-सामना**





**टेलिकास्ट:** सुबह 11 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

# जीत का सिलसिला बढ़ाने उतरेगी कीवी टीम

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** न्यूजीलैंड की टीम मंगलवार को यहां टी20 वर्ल्ड कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ उतरते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ग्रुप-डी में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी। पिछले मैच में अफगानिस्तान पर पांच विकेट की जीत से आत्मविश्वास से भरी मिचेल सैंटनर की टीम अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी। हालांकि, साल 2023 में यूएई के खिलाफ दुबई में हार झेलने वाली कीवी टीम इस मैच को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

अफगानिस्तान के खिलाफ जीत ने न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाजी क्रम की गहराई को उजागर किया। ग्लेन फिलिप्स ने पिछले मैच में जिम्मेदारी भरी पारी खेलकर मिडल ऑर्डर को संभाला था और उनसे एक बार फिर ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। बोलिंग में भी न्यूजीलैंड ने विविधता दिखाते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को बांधे रखा। दूसरी ओर, कप्तान मोहम्मद वसीम की अगुआई में यूएई टीम उलटफेर की उम्मीद के साथ उतरेगी। हालांकि, मुकाबला का पलड़ा साफ तौर पर न्यूजीलैंड की ओर झुका हुआ है।

**न्यूजीलैंड Vs यूएई**



न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (बाएं) और यूएई के कप्तान मो. वसीम

**आमना-सामना**





**टेलिकास्ट:** दोपहर 3:00 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

# शूटऑफ में मनु को सिल्वर, ईशा ने जीता ब्रॉन्ज़ मेडल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मनु भाकर सोमवार को एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर पिस्टल इवेंट का गोल्ड जीतने से चूक गईं। शूटऑफ में वियतनाम की गुयेन थुई ट्रांग से पिछड़ने के कारण मनु को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा, जबकि ईशा सिंह ने ब्रॉन्ज जीता। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूटऑफ में गोल्ड जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने ब्रॉन्ज अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 गोल्ड, 13 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

**एशियन शूटिंग चैंपियनशिप**



मेडल्स के साथ मनु (बाएं) और ईशा

**टाई रहा था स्कोर:** फाइनल मैच में ट्रांग और मनु के समान 35 अंक थे। पहले शूटऑफ में दोनों ने दो-दो शॉट्स लगाए। इसके बाद दूसरे शूटऑफ में मनु तीन शॉट चूक गईं।

## सैयद मोदी टूर्नामेंट का दर्जा घटाया गया

■ **एजेंसियां, कुआलालंपुर:** विश्व बैडमिंटन महासंघ द्वारा सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत को बड़ा झटका लगा है। भारत में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है। इसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर-750 दर्जा बरकरार रखा है, लेकिन सैयद मोदी इंटरनैशनल सुपर-300 का दर्जा घटाकर सुपर-100 कर दिया गया। वर्ल्ड टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंट्स को हटाया गया है, उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर-100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंट्स को 2023 में शुरू किया गया था।





# राहुल की शतकीय पारी से कर्नाटक सेमीफाइनल में

■ **मुंबई, एजेंसियां:** केएल राहुल के 24वें फर्स्ट क्लास शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को 42 बार की चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 फोर और एक सिक्स से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी। राहुल को रविचंद्रन स्मरण (83* रन, 123 बॉल, 11 फोर) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला।

**रणजी का रण**



केएल राहुल

**जम्मू-कश्मीर का पहला:** इंदौर में पेसर आकिब नबी के करियर बेस्ट 12 विकेट से जम्मू कश्मीर ने मध्य प्रदेश को 56 रन से हराकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

13 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर। मंगलवार, 10 फरवरी 2026

NBT GOOD न्यूज़

**भरोसे का प्रतीक है मुस्कान**
मनोविज्ञानिकों का कहता है कि हम उन अजनबियों पर जल्दी भरोसा करते हैं जो मुस्कुराते हैं। मुस्कान हमारे दिमाग को संकेत देती है कि सामने वाला व्यक्ति सुरक्षित है।

### विचार

मुस्कान वह खिड़की है जो बताती है कि आपके दिल के भीतर प्रेम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच बसती है, और यही जीवन में स्थायी सफलता की पहचान बनती है जाती।
– लियो टॉल्स्टॉय (Leo Tolstoy)

### ज़रा हंस लें

चिंटू: आने वाली पीढ़ी के बच्चे सबसे ज्यादा किस्मत वाले होंगे। मिंटू: वो कैसे?
चिंटू: वो ऐसे क्योंकि जिनके मां बाप खुद 10 बजे सोकर उठते हैं उनको कौन जल्दी उठने को बोलेगा...

### कविता : तुम लेखक हो

कैसे कहते हो लिखा नहीं जाएगा?
स्याही उठाओ, आवाज बनो।
समाज में अनुराग भरो।
क्रांति का दीप बनो।

चलो आज सामाजिक लिख दो।
आज प्रेम परिभाषित कर दो।
स्त्री है योद्धा बतला दो।
सैनिकों की शहादत लिख दो।

पुरुषों की महिमा न भूलो।
हर वर्ण तुम्हारा अपना है।
हर वर्ग तुम्हारा अपना है।
लेखक हो तुम यह न भूलो।

जिंदा कर दो भीतर से मारे हुए को,
पिघला दो अंतर की जमी बर्फ को,
अक्षरों के दीप बनाओ और जलाओ
रोशन कर दो हर दिशा को।

कलम उठाओ,
लिख दो कुछ मर्मस्पर्शी
कुछ पुरुषों की कोमलता और
कुछ स्त्री के युद्ध...

– साक्षी सारस्वत, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

**खेत बंटा, पर दिलों का फासला मिटा**

# कब्रिस्तान के रास्ते के लिए सिख किसान ने गिफ्ट किया खेत

■ NBT न्यूज, मोगा

अक्सर हम दुनिया में नफरत की खबरें सुनते हैं, लेकिन पंजाब के मोगा जिले के एक छोटे से गांव मेहना से आई यह खबर आपका दिल पिघला देगी। सोचिए जरा, किसी के घर में मौत हुई हो, आंखें नम हों, लेकिन आखिरी विदाई के लिए कब्रिस्तान जाने का रास्ता ही न मिले। बठिंडा जोन के तहत आने वाले मेहना गांव के करीब दर्जन भर मुस्लिम परिवार पिछले 70 सालों से इस दर्द को झेल रहे थे। उनके पुराने कब्रिस्तान तक जाने का कोई सीधा रास्ता नहीं था। जनाजा ले जाते वक्त उन्हें दूसरों के खेतों से होकर गुजरना पड़ता था, कई बार लंबा रास्ता लेना पड़ता था।



सिख परिवार ने 90 फुट लंबी जमीन दी, मुस्लिम समुदाय से कहा कि खुद तय कर लें रास्ता कितना चौड़ा चाहिए

25 जनवरी को गांव के एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी की मां का इंतकाल हुआ था। लोग जनाजा लेकर खेतों के बीच से संघर्ष करते हुए, संभलते हुए जा रहे थे। यह मंजर किसान जगदीश सिंह देख रहे थे। उनसे यह देखा नहीं गया। जगदीश सिंह ने तुरंत अपने भतीजों शमशेर सिंह और राजविंदर सिंह के साथ मिलकर एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपनी खेती की जमीन का एक हिस्सा दान करने का ऐलान कर दिया।




जगदीश सिंह ने दिल को छू लेने वाली बात कही, 'हमें अपने मुस्लिम भाइयों का दर्द महसूस हुआ। उन्हें जमीन देना हमारी जिम्मेदारी थी ताकि वो बिना किसी समस्या के कब्रिस्तान तक जा सकें। अपने भाइयों के साथ खड़ा होना मेरा फर्ज था।' इस परिवार ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि उन्हें 90 फुट लंबी जमीन पर कब्जा दे दिया जाए और वो खुद तय कर लें कि उन्हें रास्ता कितना चौड़ा चाहिए। भले ही इस रास्ते की वजह से जगदीश सिंह का खेत दो हिस्सों में बंट गया, लेकिन उन्होंने दिलों को जोड़ने के लिए अपने खेत का बंटवारा खुशी-खुशी मंजूर कर लिया। मौलवी आस मोहम्मद ने बेहद भावुक होकर शुक्रिया अदा किया और कहा कि इस एहसान को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी।

# इतिहास के गवाह ये पुराने पेड़, कहलाएंगे यूपी की धरोहर

उत्तर प्रदेश ने संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहल की है। राज्य सरकार ने 948 पेड़ों को 'हेरिटेज ट्री' घोषित किया है। इसके साथ ही यूपी देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने जीवित धरोहर यानी लिविंग हेरिटेज को संस्थागत रूप से बचाने करने की शुरुआत की है। ये ऐसे पेड़ हैं जो सैकड़ों साल से खड़े हैं और इतिहास, आस्था, साम्राज्य और समाज के कई दौर के गवाह रहे हैं।
नेहा शुक्ला की रिपोर्ट...

## पहली बार बने साफ नियम और प्रक्रिया

इस पहल की शुरुआत 2019 में हुई, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सालाना पौधारोपण अभियान के दौरान यह विचार रखा। उसी साल नवंबर में सरकार ने एक विस्तृत आदेश जारी कर हेरिटेज ट्री की पहचान और ऑथेंटिकेशन का प्रोसेस तय किया। जमीन पर काम 2020 में शुरू हुआ। 8 जुलाई 2021 को पहली लिस्ट जारी की गई। इनमें 948 पेड़ों को शामिल किया गया। सरकार ने कहा कि आगे भी तय स्टैंडर्ड पर खरे उतरने वाले पेड़ों को इसमें जोड़ा जाएगा। गैर वन भूमि पर पेड़ों को हेरिटेज घोषित करने का अधिकार उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के पास है, जबकि वन भूमि पर यह जिम्मेदारी वन विभाग की है। अब तक घोषित 948 पेड़ों में से सिर्फ एक पेड़, बाराबंकी का एडनसोनिया, वन भूमि पर है। बाकी सभी पेड़ पब्लिक प्रॉपर्टी पर हैं, जो लोकल लोगों की सालों की देखभाल को दिखाता है।




## आस्था, कथा और यादों से जुड़े पेड़

आईडब्ल्यूएस की समन्वयक प्रोफेसर अमिता कन्नौजिया के अनुसार, कई पेड़ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से बेहद खास हैं। मलिहाबाद का 'हरिबंस बाबा' का प्राचीन बरगद इसका प्रमुख उदाहरण है। यह करीब तीन हेक्टेयर ग्राम समाज की जमीन पर फैला हुआ है। मान्यता है कि यहां हरिबंस बाबा नामक संत ने समाधि ली थी। समय के साथ इसकी हवाई जड़ें अलग-अलग तनों में बदल गईं, जिससे यह पूरा उपवन जैसा दिखता है, जबकि वास्तव में यह एक ही पेड़ है। रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी ए.के. पत बताते हैं कि चयन का मानक कम से कम 100 वर्ष या चार पीढ़ियों की उपस्थिति था। केवल सारनाथ का पीपल अपवाद रहा, जिसकी परंपरा बोधि वृक्ष से जुड़ी है।







प्रयागराज के संगम के पास उल्टा किला का पारिजात पेड़, जिसे चीनी यात्री ह्वेनसांग ने 7वीं सदी में दर्ज किया था, करीब 1300 साल पुराना माना जाता है। फतेहपुर का बावन इमली पेड़ 1858 में 52 क्रांतिकारियों की फांसी का गवाह है। वृंदावन के निधिवन में चार पीलू पेड़ कृष्ण की रास लीला से जुड़े माने जाते हैं। प्रयागराज के अकबर किले के अंदर स्थित अक्षयवट, प्रतापगढ़ का करील पेड़ और लखनऊ काकोरी का दशहरी आम का मदर ट्री भी लिस्ट में हैं। वाराणसी में सबसे ज्यादा 99 और प्रयागराज में 53 हेरिटेज पेड़ हैं।




### इको टूरिज्म बढ़ाने की योजना

सरकार ने करीब 100 पेड़ों का विस्तृत विवरण कॉफी टेबल बुक में दिया है। लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी और चित्रकूट सहित 11 जिलों में हेरिटेज ट्री गार्डन बनाए गए हैं। इन जगहों पर मूल हेरिटेज पेड़ों से तैयार पौधे लगाए जा रहे हैं। कुछ जगहों को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की योजना भी है। निजी जमीन के पेड़ों को सूची से बाहर रखा गया है।




# घर और दफ्तर के बीच सुकून का वो तीसरा कोना

Photos: A Prathap

Asha.Prakash@timesofindia.com

■ चेन्नै: जब कॉपीराइटर अहाना एम. चेन्नै शिफ्ट हुईं, तो काम और रहने की जगह तो थी, लेकिन जीवन में एक खालीपन था। वर्क फ्रॉम होम के कारण दिन घर में ही गुजरता और फ्लैटमेट्स से भी कम मुलाकात होती। अहाना कहती हैं कि मैं यहां किसी को नहीं जानती थी, कुछ घंटों के लिए लोगों के बीच रहना चाहती थी। कैफे महंगे थे और लाइब्रेरी बहुत शांत, इसलिए उन्हें कोई ऐसा स्थान चाहिए था जहां बिना दबाव के समय बिताया जा सके।




यह कहानी सिर्फ अहाना की नहीं, बल्कि चेन्नै के उन हजारों युवाओं की है जो अकेलेपन से जूझ रहे हैं। इसी जरूरत से 'थर्ड प्लेस' का कॉन्सेप्ट उभरा। पहले अन्ना सलाई स्थित ब्रिटिश काउंसिल ऐसी जगह था, लेकिन इसके बंद होने से लोग निराश हो गए। इसके बाद नुंगमबक्कम में अलायंस फ्रांसेस ने 'ला मेसन' नाम से कैफे-लाइब्रेरी शुरू की। इसकी डायरेक्टर पैट्रीसिया थेरी हार्ट बताती हैं कि यहां न कोई भेदभाव है, न कुछ ऑर्डर करने की मजबूरी।

अहाना अब रोज चार घंटे यहां बिताती हैं और अनजान चेहरे धीरे-धीरे परिचित बन गए हैं। तिरुवनमियूर में 'पंक्ति' और अड्यार का 'बैकयार्ड' भी ऐसे ही स्पेस हैं, जहां कलाकार, लेखक और प्रोफेशनल साथ काम करते हैं। केरल से आई संगीतकार इरीन होना के लिए भी "ला मेसन" अकेलेपन से बाहर निकलने का जरिया बना है। चेन्नई में अब ऐसे स्पेस अजनबियों को दोस्त बनाने का मौका दे रहे हैं।



### क्या है 'थर्ड प्लेस'

दरअसल, 'थर्ड प्लेस' वह जगह होती है जो न घर होती है, न दफ्तर। 1989 में समाजशास्त्री रे ओल्डेनबर्ग ने इस शब्द को लोकप्रिय बनाया। पार्क, चाय की दुकान, कैफे या कम्युनिटी स्पेस इसके उदाहरण हैं। यहां लोग बिना किसी दबाव के मिलते हैं, बातचीत करते हैं और अपनापन महसूस करते हैं। यह अकेलेपन को कम करने का एक सामाजिक सहारा है।

## शहर के शोर में दो परों का सुकून




दिल्ली में एक डाल पर सटकर बैठे येलो-फुटेड ग्रीन पिजन का जोड़ा शहर की भागदौड़ के बीच सुकून का पल रचता दिखा।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDBP User: cci Time: 02-09-2026 22:59 Color:






## NBT AI टाइम मशीन
### आज काशी विद्यापीठ से जुड़ा दिन

आज ही के दिन 1921 में महात्मा गांधी और शिव प्रसाद गुप्त ने मिलकर वाराणसी में काशी विद्यापीठ की स्थापना की थी। अंग्रेजों के खिलाफ युवाओं को एकजुट करने के लिए बने इस संस्थान में भारतीय राजनीति, इतिहास, समाजशास्त्र, दर्शन की पढ़ाई होती थी। अब यहां 80 से ज्यादा कोर्स पढ़ाए जाते हैं। इसी संस्थान से पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री और यूपी के पूर्व सीएम पंडित कमलापति त्रिपाठी ने पढ़ाई की थी।

### भविष्य में इनोवेशन का केंद्र होगा

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में काशी विद्यापीठ एक ऐसा विश्वविद्यालय होगा जहां परंपरा और तकनीक का गहरा संगम दिखाई देगा। यह संस्थान वैश्विक स्तर पर शोध, इनोवेशन और भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए पहचाना जाएगा। यहां AI, जैव प्रौद्योगिकी और पर्यावरण जैसे आधुनिक विषयों के साथ दर्शन, संस्कृति और इतिहास का गहन अध्ययन होगा। डिजिटल और हाइब्रिड शिक्षा आम होगी, जिसमें विश्वभर के छात्र जुड़ेंगे।



AI Images

**टक्कर पर बचाव पक्ष ने कहा- कारोबारी का बेटा नहीं, ड्राइवर चला रहा था**

# लैंबॉर्गिनी ज़ब्त, आरोपी के घर में पुलिस को नहीं मिली एंट्री


Lamborghini

Praveen.Mohta
@timesofindia.com

■ **कानपुर:** लैंबॉर्गिनी कार से रविवार को तीन लोगों को टक्कर मारकर घायल करने के मामले ने सोमवार को तूल पकड़ लिया। रविवार रात पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ FIR दर्ज की थी। सोमवार सुबह संबंधित ग्वालटोली थाने में खड़ी लैंबॉर्गिनी सीज कर ली गई। पहले FIR में मुख्य आरोपी का नाम नहीं था। बाद में कथित तौर पर गाड़ी चला रहे शिवम का नाम भी जोड़ दिया गया। कानपुर के पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने सफाई दी कि एफआईआर में आरोपी का नाम इसलिए नहीं था कि तब नाम पता नहीं था। कार शिवम चला रहा था। वहीं, बचाव पक्ष ने कहा कि कार शिवम नहीं, बल्कि ड्राइवर चला रहा था।

कानपुर के अरबपति तंबाकू कारोबारी का बेटा शिवम रविवार को अपनी लैंबॉर्गिनी से VIP रोड पर घूम रहा था। पीछे दूसरी गाड़ी में उसके बाउंसर थे। रेव-3 मॉल के पास अचानक कार बेकाबू हुई और ई-रिक्शा को टक्कर मारने के बाद बाइकर और एक राहगीर को टक्कर मारी। इसके बाद कार खंभे से टकराकर रुक गई। पुलिस कार थाने ले आई और उसे कवर कर दिया।


यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने कहा कि जो जानबूझकर दुर्घटना करेगा, उस पर कार्रवाई होगी। हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है।



**विडियो में दिखा** कानपुर में रविवार के हादसे के बाद बाउंसरों ने शिवम को लैंबॉर्गिनी से निकाला।

### कम सज़ा की धारा

कानपुर पुलिस ने मामले में BNS की धारा-281, 125ए, 125बी और 324 (4) लगाई गई है। धारा-281 में 6 महीने, धारा-125ए और 125बी में 3-35 महीने और 324 (4) में अधिकतम 2 साल की सजा का प्रावधान है। वकील गौरव दीक्षित के अनुसार, सभी धाराएं सात साल से कम सजा वाली हैं, इसलिए गिरफ्तारी नहीं हो सकती।



### बचती रही पुलिस

पुलिस इस मामले में शुरू से अलग मोड में थी। पहले बताया गया कि कार चला रहे शिवम को हार्टअटैक आ गया था। उसका इलाज जारी है। हादसे के घायलों को अस्पताल में मरहम-पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई थी। एक घायल की तहरीर पर दिल्ली के नंबर वाली इस कार के ड्राइवर पर FIR लिख ली गई।

### दिन में पुलिस सख्त

सोमवार सुबह सीपी ने बताया कि जांच में पता चला है कि कार शिवम चला रहा था। बाउंसरों ने शिवम को गाड़ी से बाहर निकाला था। कहा जा रहा है कि शिवम का कोई मेडिकल इश्यू है। बताया गया है, वह अस्पताल में है। पुलिस पूछताछ के लिए शिवम के घर गई थी। अब कार्रवाई की जाएगी।

### घर के नहीं खुले गेट


स्वरूपनगर में शिवम के पिता केके मिश्रा के घर पुलिस पहुंची, लेकिन गेट नहीं खोले गए। बचाव पक्ष के वकील ने दावा किया कि कार शिवम नहीं, बल्कि ड्राइवर चला रहा था। कोर्ट में सुनवाई मंगलवार को है। शिवम बीमार रहते हैं। जब शिवम गाड़ी नहीं चला रहे थे, तो कोई मामला ही नहीं बनता है।

### शौकीन मिज़ाज


जानकारी के अनुसार, शिवम को लग्जरी गाड़ियों का शौक है। जिस लैंबॉर्गिनी से कानपुर में एक्सिडेंट हुआ था, उसमें 324 किमी/घंटा तक की स्पीड ली जा चुकी है। बताया जाता है कि 2024 में इनकम टैक्स छापे के बाद शिवम ने कथित तौर पर प्राइवेट जेट भी खरीदा था।

**मस्क की कंपनी SpaceX ने बनाया प्लान**

# चांद पर 10 साल में बसेगा शहर




दुनिया के सबसे अमीर शख्स और SpaceX के मालिक इलॉन मस्क ने चांद पर शहर बसाने का सपना देखा है। मस्क ने रविवार को सोशल मीडिया में यह ऐलान किया। उनका कहना है कि यह Self-Growing यानी खुद से विकसित होने वाला शहर होगा। इसे 10 साल से कम समय में बनाया जा सकता है, जबकि मंगल में ऐसा शहर बसाने में 20 साल से ज्यादा लग सकते हैं यानी मस्क चांद को अहमियत दे रहे हैं।



### मंगल से पहले चांद क्यों?

मस्क ने कहा, टॉप प्रायॉरिटी अभी सभ्यता के भविष्य को सुरक्षित करना है और चांद पर ऐसा करना तेजी से संभव होगा।




### हर 10 दिन में मून मिशन संभव

**26** महीने में एक बार मिलता है मंगल ग्रह पर जाने का मौका हर, जब यह ग्रह एक सीध में आता है।

**22** करोड़ किलोमीटर से ज्यादा दूरी है मंगल की, पहुंचने में छह महीने से ज्यादा लगते हैं।


चांद पर सीमित संसाधनों में जीवन का टेस्ट आसान, इमरजेंसी के हालात में चांद से तुरंत धरती पर वापसी भी मुमकिन है।

### Starship रॉकेट पर निर्भर है पूरा प्लान

**403** फुट लंबा और 9 मीटर चौड़ा यह रॉकेट दुनिया में सबसे शक्तिशाली है।


**150** मीट्रिक टन यानी 1.50 लाख किलो भार ले जाने की क्षमता है, दुनिया में कहीं भी एक घंटे से कम समय में

### सेल्फ ग्रोइंग सिटी कैसी होगी?




- सेल्फ ग्रोइंग से मतलब ऐसा शहर जो चांद के सीमित संसाधनों से खाना, पानी, ऑक्सिजन बनाएगा।
- शुरू में स्टारशिप से जरूरत का सामान भेजा जाएगा, फिर बुंबद जैसे हैबिटेट्स (रहने की जगहें) बनेंगे।
- सोलर पैनल से बिजली, चांद की मिट्टी (रेगोलिथ) से ईंटें, ऑक्सिजन और पानी बनाने के प्लांट बनेंगे।
- रोबॉट्स से शहर का विस्तार करेंगे यानी शहर समय के साथ बढ़ता जाएगा, जैसा फिल्मों में होता है।

**मून मिशन**



**1972** में अंतिम अमेरिकी अपोलो मिशन के बाद से चांद पर कोई इंसान नहीं गया है।



**2027** में ऐस्ट्रोनॉट को चांद पर भेजना चाहता है नासा आर्टेमिस 3 मिशन से



**100** अरब डॉलर से ज्यादा खर्च हो सकते हैं चांद की ऑर्बिट में पहुंचने में, यानी बहुत खर्चीला है।

## खुलासों से स्टार्मर सरकार मुश्किल में

■ **पीटीआई, लंदन:** एपस्टीन फाइल्स के खुलासों के बाद ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की सरकार मुश्किल में है। उनके दो भरोसेमंद सहयोगियों को इस्तीफा देना पड़ा। इससे लेबर पार्टी और खुद उनकी सरकार के भीतर नेतृत्व पर सवाल तेज हो गए हैं। अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से संबंध के कारण पहले स्टारमर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने पद छोड़ा। फिर अमेरिका में ब्रिटेन के तत्कालीन राजदूत पीटर मैंडलसन ने इस्तीफा दिया। अब उनके कम्यूनिकेशन डायरेक्टर टिम ऐलन ने इस्तीफा दे दिया। हालांकि ब्रिटिश पीएम स्टार्मर के प्रवक्ता ने साफ कहा कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। चर्चा तेज है कि ब्रिटेन को पहली मुस्लिम महिला पीएम मिल सकती है। इसके लिए शबाना महमूद के नाम की चर्चा है। फिलहाल वह ब्रिटिश सरकार में होम मिनिस्टर हैं। उन्हें लेबर पार्टी में ऐसी नेता देखा जा रहा है, जो पीएम पद तक पहुंच सकती है।



कीर स्टार्मर

## टोरंटो में भारतीय की हत्या, इस साल तीसरी घटना

Toronto

■ **पीटीआई, बेंगलुरु:** कनाडा के टोरंटो में शनिवार को भीड़ भरे मॉल के बाहर भारत के 37 साल के चंदन कुमार उर्फ राजा नंदकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चंदन 6 वर्षों से कनाडा में प्राइवेट कंपनी में बतौर आईटी प्रोफेशनल काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि हमलावर गाड़ी में फरार हो गए। टोरंटो में इस साल भारतीय की हत्या का यह तीसरा मामला है। हमलावरों की संख्या और हत्या की वजह, इस पर पुलिस अभी मौन है।



चंदन कुमार

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. रेटिंग एजेंसी मूडीज की राय में G 20 में सबसे तेज इकॉनमी कौन हो सकती है?
   A. चीन B. अर्जेंटीना C. भारत
2. इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए चांद पर कौन-सी साइट फाइनल की है?
   A. मॉन्स लैटरेल B. मॉन्स माउटन C. मॉन्स एवरेस्ट
3. एशियाई चैंपियनशिप में मनु भाकर ने 25 मी. पिस्टल में कौन-सा मेडल जीता है?
   A. गोल्ड B. सिल्वर C. ब्रॉन्ज
4. दीपन विवाद इनमें से किस राज्य से जुड़ा है?
   A. तमिलनाडु B. सिक्किम C. असम
5. चांद पर 10 साल में शहर बसाने की योजना इनमें से किसकी है?
   A. नासा B. इलॉन मस्क C. इसरो

**कल के जवाब**

A1 B. 22 जून 2020 A2 A. डेयरी GM उत्पाद A3 B. मां शक्ति की आध्यात्मिक विरासत A4 C. 11 A5 B. 3 मई

**लकी विनर्स**



1. राधे मोहन गुप्ता, फरीदाबाद
2. अनिल सिंह सैनी, नई दिल्ली
3. ज्योति स्वरूप गौड़, दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर की मदद का ऐलान

Seychelles

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत और** सेशेल्स (Seychelles) साझेदारी कायम करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेशेल्स को विकास के मद में सहायता के रूप में 17.50 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की। मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी (Patrick Herminie) के साथ द्विपक्षीय बातचीत के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह ऐलान किया। इसके साथ ही समुद्री सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाले कई करारों पर भी सहमति बनी।

> मोदी ने कहा, हमें हिंद महासागर की लहरों ने सदियों से जोड़ा हुआ है

साझा प्रेस वार्ता में मोदी और राष्ट्रपति हर्मिनी ने द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस दौरान मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति हर्मिनी की यात्रा ऐसे वर्ष में हो रही है, जब सेशेल्स से राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि ये संबंध सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हिंद महासागर की लहरों ने दोनों देशों को सदियों से जोड़ा हुआ है।



सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### ये समझौते हुए

- फार्माकोपिया को लेकर सहयोग पर करार,
- 2026 से 2030 के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान
- डिजिटल सॉल्यूशन पर दोनों देशों के बीच MoU
- ओशन ऑब्जरवेशन, ओशन सर्विसेज, डेटा शेयरिंग, मैरिटाइम रिसर्च पर करार
- कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम पर समझौता
- गुड गवर्नेंस पर करार

### इकनॉमिक पैकेज

पीएम ने कहा कि 17.5 करोड़ डॉलर का यह पैकेज सोशल हाउसिंग, ई-मोबिलिटी, वोकेशनल ट्रेनिंग, हेल्थ, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस प्रोजेक्ट्स को समर्थन देगा। डिजिटल सेक्टर में भारत अपने अनुभव सेशेल्स से साझा कर सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में किफायती दवाओं की सप्लाई, मेडिकल टूरिज़म और हेल्थ इन्फ्रा में दोनों देश आगे बढ़ेंगे।

### रक्षा सहयोग

पीएम ने कहा कि मरीन रिसर्च, कैपिसिटी बिल्डिंग, डेटा शेयरिंग जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी विशेषज्ञता सेशेल्स से साझा करेगा। इससे हिंद महासागर में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों को बल मिलेगा। सेशेल्स के राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश समुद्री निगरानी, सुरक्षा और रक्षा क्षमता बढ़ाने में सहयोग गहरा करेंगे। हिंद महासागर में सुरक्षा, स्थिरता को बढ़ावा देने पर भी बात हुई।



NBT इरा BEAUTY & BRILLIANCE

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026

बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वट्सऐप नंबर - 7003890071

## चंद्रयान-4 के लिए इसरो ने लैंडिंग साइट तलाशी

■ NBT रिपोर्ट



**इसरो ने** चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर पर लगे OHRC कैमरे से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मॉन्स माउटन (Mons Mouton) यानी MM-4 क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मॉन्स माउटन चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है। हालांकि, लैंडिंग साइट पर अंतिम फैसला लॉन्च के करीब लिया जाएगा।

> चांद के साउथ पोल पर मॉन्स माउटन पर उतरेगा यह मिशन


वैज्ञानिकों के मुताबिक यह इलाका इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां लंबे समय तक सूर्य की रोशनी मिलती है। इसके अलावा वॉटर आइस मौजूद होने की संभावना भी है। इस साइट पर औसतन ढलान करीब 5 डिग्री है, जबकि लैंडर 10 डिग्री तक की ढलान पर उतरने में सक्षम है। यहां बड़े पत्थर कम हैं और ज्यादातर बोल्डर 0.3 मीटर से छोटे हैं, जिससे लैंडिंग का जोखिम कम हो जाता है। इस क्षेत्र से पृथ्वी के साथ रेडियो कम्यूनिकेशन भी साफ बना रहता है, जिससे मिशन के दौरान संपर्क में बड़ी दिक्कत नहीं आएगी। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को पृथ्वी पर लाया जाना है। इसे इसरो का सबसे मुश्किल मून मिशन माना जा रहा है।

**SPEED News**

### ईरान में सुधारवादी चेहरों पर ऐक्शन तेज




ईरान में सुधारवादी चेहरे हिरासत में लिए जा रहे हैं। सर्वोच्च नेता खामेनेई ने देशवासियों से विदेशी दबाव के खिलाफ मजबूत इरादा दिखाने की अपील की।



### बांग्लादेश में चुनाव प्रचार खत्म हुआ

350 सीटों वाली संसद के लिए गुरुवार को वोट पड़ेंगे। रविवार को पातुआखाली में जमात और BNP समर्थकों के बीच हिंसा में 50 घायल हुए। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार जाने के बाद यह पहला चुनाव है।

### थाइलैंड में गठबंधन सरकार का संकेत



थाइलैंड के आम चुनाव में पीएम अनुतिन चर्नवीराकुल की पार्टी भूमजैथाई ने 500 में से 193 सीटें जीती हैं। अनुतिन ने गठबंधन सरकार का संकेत दिया है।

## 'आयरन लेडी' के रूप में उभरीं ताकाइची

■ एएफपी, तोक्यो (जापान)

**जापान में** रविवार को हुए संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) ने दो तिहाई से ज्यादा सीटें हासिल कर इतिहास रच दिया। अकेले एलडीपी को 465 में से 316 सीटें मिलीं, जो दो तिहाई यानी 310 सीटों से भी ज्यादा है। वहीं, नई सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी की 36 सीटों के साथ यह सत्तारूढ़ गठबंधन कुल 352 सीटों तक पहुंच गया। जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा है। चुनाव जीतने के बाद पीएम ने कहा कि हम जापान को मजबूत और समृद्ध बनाने पर काम करेंगे।



> यह ऐतिहासिक जीत दिखाती है कि जनता देश में 'बड़े सुधारों' को तुरंत चाहती है। मैं इससे डरती नहीं हूं, फैसले लूंगी और उन्हें पूरा करूंगी।
>
> *- साने ताकाइची, जापान की पीएम*

**मेटा पर ऐक्शन**

## वट्सऐप को अन्य AI चैटबॉट्स के लिए खोलें: ईयू

■ **एएफपी, ब्रसल्स (बेल्जियम):** यूरोपीय संघ के प्रतिस्पर्धा नियामकों ने अमेरिकी टेक दिग्गज मेटा को चेताया है कि अगर उसने अपने मेसेजिंग प्लैटफॉर्म Whatsapp पर दूसरी कंपनियों के AI चैटबॉट को ब्लॉक करना जारी रखा तो उस पर ऐक्शन लिया जा सकता है। निकाय ने कहा कि प्रतिस्पर्धी AI चैटबॉट्स को पहुंच देनी होगी। मेटा ने थर्ड पार्टी के AI असिस्टेंट को ब्लॉक कर प्रतिस्पर्धा नियमों को तोड़ा है।

नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट ने मेटा और वट्सऐप की याचिकाओं पर सुनवाई 23 फरवरी तक टाल दी है।

**रूसी तेल पर भारत सरकार का जवाब**

## 'किफायत, देशहित में आयात नीति'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत सरकार ने कहा है कि एनर्जी इंपोर्ट से जुड़े फैसले देश हित से प्रेरित ही रहेंगे। रूसी तेल आयात कम करने से जुड़ी रिपोर्टों पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जवाब दिया कि उपलब्धता, सही कीमत और सप्लाई की भरोसेमंद व्यवस्था ही भारत की ऊर्जा आयात पॉलिसी का आधार रही है। गैस और तेल के मामले में भारत नेट इंपोर्टर है। हमें संसाधनों पर सतर्क रहना पड़ता है। ऐसे में जबकि भारत ऊर्जा संसाधनों में 80-85% तक आयात पर निर्भर हो, तो ऊर्जा की महंगी कीमतों पर चिंता स्वाभाविक है। सरकार की सबसे प्रमुख प्राथमिकता ऊर्जा मामले में भारतीय उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रखना है, जिससे कि उन्हें किफायती दाम पर पर्याप्त ऊर्जा मिल पाए। ऊर्जा आयात नीति इसी सोच पर आधारित है।



### देश में 74 दिन का पेट्रोलियम भंडार

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि वैश्विक उथल-पुथल की किसी हालात में मांग को पूरा करने के लिए भारत का पेट्रोलियम भंडार 74 दिनों के लिए पर्याप्त है। भारत के पश्चिमी तट के साथ-साथ पूर्वी तट पर भी रिफाइनरी हैं। हम विश्व में कच्चे तेल के तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता, चौथी सबसे बड़ी शोधन क्षमता और विश्व में पेट्रोलियम उत्पादों के पांचवें सबसे बड़े निर्यातक भी हैं।

### हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, अगले दो साल की फीस पर सस्पेंस बरकरार

# कानून अटका, पैरंट्स उलझे! क्या 2026-27 के लिए लागू हो पाएगा फीस कानून?

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com




■ **नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार का नया स्कूल फीस कानून एक बार फिर अटक गया है। हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट, प्राइवेट स्कूलों की दलीलें अगले सेशन की फीस तय करने के लिए भारी पड़ रही हैं। एक फरवरी को दिल्ली सरकार ने गजट नोटिफिकेशन में साफ किया 2025-26 में एक्ट लागू नहीं हो पाएगा। मगर अब सवाल है कि क्या अगले सेशन 2026-27 की भी फीस इस एक्ट के हिसाब से तय हो पाएगी?

प्राइवेट स्कूलों की फीस तय करने के लिए नए कानून 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन – ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' के तहत करीब 1300 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल, स्कूल लेवल फीस रेगुलेटरी कमिटी (SLFRC) बना चुके हैं। सभी 1700 + प्राइवेट स्कूल, चाहे सरकारी जमीन में बने हों या प्राइवेट जमीन में या फिर माइनॉरिटी, इसके दायरे में होंगे। मगर ये सभी इसके खिलाफ कोर्ट में लिड़ कर रहे हैं।

अनऐडेड रिकॉग्नाइज्ड प्राइवेट स्कूल्स की एक्शन कमिटी के वाइस प्रेसिडेंट एस एल गुप्ता कहते हैं, नए एक्ट के तहत स्कूल लेवल फीस रेगुलेटरी कमिटी 31 जुलाई बनाने को कहा गया है, जो अगले तीन सेशन की फीस तय करेगी। नया कानून दिसंबर 2025 में लागू हुआ, तो यह 2025-26 ही नहीं, 2027-28 में भी लागू नहीं हो सकता। स्कूल कमिटी जुलाई 2026 में बननी चाहिए जो 2027-28 से लेकर तीन साल की फीस तय करे।

दूसरा, इस एक्ट को भी हमने चैलेंज किया है क्योंकि राज्य सरकार का यह कानून, पार्लियामेंट के बनाए पुराने - दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट के विरोधाभासी है। पुराने कानून में फीस बढ़ाने के लिए अनुमति लेने का प्रावधान नहीं है और सुप्रीम कोर्ट ने भी स्कूलों को फीस तय करने की ऑटोनमी दी है, मगर नया कानून इसे छीन रहा है। मनमानी फीस की शिकायत पर तो स्कूल के ऑडिट का प्रावधान पुराने कानून में है ही। हाई कोर्ट की अंतरिम रोक के साथ अब SLFRC कोर्ट के फैसले के बिना फैसला नहीं ले पाएगी। दूसरी ओर, दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में एंट्री लेवल की क्लासों के साथ दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गया है, स्कूलों ने फीस बढ़ाई तो पैरंट्स को तीन-तीन महीने फीस की फंसेगी।

**तीनों साल की एक फीस रखें या अलग-अलग, पैरंट्स का कहना है कि यह एक्ट में साफ होना चाहिए।**

दूसरी ओर, दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल्स मैनेजमेंट असोसिएशन के प्रेसिडेंट आर सी जैन का कहना है कि उलझन यह भी है कि आने वाले दो सालों के लिए कमिटी किस हिसाब से फीस करेगी? पे कमिशन, इन्फ्लेशन का भी पहले से पता नहीं, कानून में ना ही % की बात की है, ना कैपिंग की। वहीं, पैरंट्स का कहना है कि तीनों साल एक फीस हो सकती है?

### ऑडिट क्यों नहीं?

**नए कानून** की उलझन के बीच पैरंट्स की परेशानी खत्म नहीं हो रही। जहां सरकार नए कानून के साथ मनमानी पर लगाम लगाने के लिए इंतजार कर रही है, वहीं पैरंट्स का कहना है कि जब तक नया कानून लागू नहीं होता, पुराने कानून के हिसाब से तो एक्शन हो। पिछले साल की बेतहाशा फीस इजाफे पर स्कूलों की जांच ना होने पर ये सवाल उठा रहे हैं। पैरंट्स की असली परेशानी है मनमानी फीस, जो कि 2024-25, 2025-26 में बेतहाशा बढ़ी है। सरकार और प्राइवेट स्कूलों की इस लड़ाई में पैरंट्स विभाग से लेकर कोर्ट के चक्कर काटने पर मजबूर हैं। नया कानून कब लागू होगा, ये जब भी साफ हो, मगर पुराने कानून के तहत शिकायतों की सुनवाई भी अटकी हुई है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

## नर्सरी की दूसरी लिस्ट जारी, कई पैरंट्स को मिली राहत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** प्राइवेट स्कूलों ने सोमवार को नर्सरी की दूसरी एडमिशन लिस्ट जारी की। इसके आधार आज से एडमिशन शुरू होंगे। कई पैरंट्स के लिए यह लिस्ट सुकून लेकर आई है। वहीं, कई पैरंट्स ऐसे भी हैं जो अपने पसंदीदा स्कूलों की दूसरी लिस्ट में भी अपने बच्चे का नाम न देखकर परेशान हुए हैं। कुछ पैरंट्स ऐसे भी हैं जिनके बच्चे का नाम पहली लिस्ट के बाद दूसरी लिस्ट में भी आया है और वे पहले स्कूल में एडमिशन कैंसल कर दूसरे स्कूल में बच्चे के शिफ्ट करने की तैयारी में हैं। स्कूलों ने एडमिशन लिस्ट के साथ वेटिंग लिस्ट भी जारी की है। तीसरी लिस्ट 5 मार्च को जारी होगी। सोमवार को दूसरी एडमिशन लिस्ट जारी हुई, हालांकि कुछ स्कूलों ने पहले ही ड्रॉ करके पैरंट्स को खाली सीटों के लिए बुला लिया।

दूसरी लिस्ट पर 10 से 16 फरवरी तक उलझनों पर पैरंट्स स्कूलों से बात (ईमेल/लिखित/मौखिक) कर सकेंगे। अगर फिर भी सीटें खाली रहती हैं, तो 5 मार्च को तीसरी लिस्ट जारी होगी। 19 मार्च एडमिशन का आखिरी दिन होगा।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार की मौत, दूसरा गंभीर

■ **NBT न्यूज, दादरी :** जारचा कोतवाली क्षेत्र में दादरी-बिसाहड़ा मार्ग पर चार दिन पहले हुए हादसे में ईको कार सवार दो लोग घायल हो गए थे। इलाज के दौरान एक की मौत हो गई, दूसरे की हालत गंभीर है। पीड़ित पक्ष ने ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

प्यावली गांव निवासी हरेंद्र ने बताया कि छह फरवरी को भाई सोनू और रणवीर ईको कार से दादरी की ओर जा रहे थे। जैसे ही बिसाहड़ा मार्ग पर गोशाला के पास पहुंचे, सामने से आए ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। दोनों ईको सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां सोनू की मौत हो गई। रणवीर की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (कर्षण), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या: AGCTRDT202531 | अनुमानित लागत: ₹ 3,08,00,143.82/- |
| कार्य का नाम: नई दिल्ली-मुंबई रूट पर स्पीड बढ़ाकर 160/200 किमी प्रति घंटे करने के संबंध में नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के आगरा डिवीजन के मथुरा-पलवल सेक्शन में मथुरा यार्ड एरिया के 2X25 KV ट्रैक्शन सिस्टम के लिए 25 kV फीडर वायर और बरिड अर्थ कंडक्टर (BEC) की सप्लाई और इरेक्शन। | |
| धरोहर राशि: ₹ 3,04,000.00/- | कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह |

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकता है।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 28.02.2026 को 11:30 बजे तक भरा जा सकता है। 290/26 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग
(एनसीएएचपी)

**परिपत्र**

स्वायत्त बोर्ड और केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड (स्थापना, गठन, कार्य और शक्तियां) विनियम-2026 का मसौदा राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग (एनसीएएचपी) की वेबसाइट (https://ncahp.abdm.gov.in/) पर सार्वजनिक रूप से प्रसारित किया गया है ताकि आम जनता, विशेषज्ञों, हितधारकों और संगठनों आदि से टिप्पणियां आमंत्रित की जा सकें। उपरोक्त मसौदा विनियमों पर यदि कोई आपत्ति, सुझाव/टिप्पणी हो, तो कृपया इसे अपलोड करने की तिथि से तीस (30) दिनों के भीतर, यानी 05.03.2026 तक, ncahp.regulations@ncahp.mohfw.gov.in पर ईमेल करें।

(उमेश बलोदा)
सचिव, एनसीएएचपी

CBC 17101/11/0050/2526



GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

(Tender Id 2026_DYCFW_286253_1)

वेबसाइट लिंक - https://govtprocurement.delhi.gov.in/

-Sd-
DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0436/25-26



GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

(Tender Id 2026_DYCFW_286247_1)

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.02.2026 प्रातः 10:00 बजे तक है। किसी भी अन्य जानकारी हेतु पश्चिम वन प्रभाग, उप वन संरक्षक कार्यालय, मंदिर लेन, नई दिल्ली – 110060 से संपर्क करें।

वेबसाइट लिंक - https://govtprocurement.delhi.gov.in/

-Sd-
DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0435/25-26



## गुमशुदा / अपहृत की तलाश



दीपक कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का, जिसका नाम: **दीपक कुमार, पुत्र** राजेन्द्र सिंह, **पता:** झुग्गी न. एन–28/जे–7, मच्छी मार्किट, सीएसएस कॉलोनी, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, अशोक विहार, दिल्ली, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 14 वर्ष, **कद:** 4फीट 8इंच, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, **रंग:** गेहुंआ, **पहचान चिन्ह:** माथे पर पुराने टांकों के निशान हैं, **पहनावा:** नारंगी रंग की जैकेट, भूरे रंग की शर्ट, सफेद लोवर, और पांव में नीले रंग की चप्पल पहने हैं, जो दिनांक 30.01.2026 से, पीपी / वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया और थाना– अशोक विहार, दिल्ली, के अधिकार क्षेत्र से गुमशुदा है। इस संदर्भ में गुमशुदगी रिपोर्ट, **FIR No. 051/2026, दिनांक: 04.02.2026, U/s: भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना अशोक विहार, दिल्ली,** में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।


ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना: अशोक विहार
दिल्ली
फोन: 8750870221

DP/1658/NW/2026



## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात जोकि दिनांक 07.02.2026 को गांधी पार्क के अंदर, बंखंडी मंदिर के पीछे, लेबर चौक, चांदनी चौक, दिल्ली के पास मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में FIR No. 101/26, U/s 103(1) भारतीय न्याय संहिता–2023 दिनांक 07.02.2026 पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: अज्ञात, उम्र: 20–25 वर्ष, कद: लगभग 5'5", रंग: सांवला, चोट: माथे पर चोट, पहचान चिह्न: बाएं हाथ पर पुराना कट का निशान, पहनावा: काले रंग की शर्ट (बाहर) और काले रंग की टी–शर्ट (अंदर)। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली
फोन: 8750870121, 6828402016

DP/1780/N/2026



**एडेलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** Edelweiss Asset Reconstruction
सिन – U67100MH2007PLC174759
पंजीकृत कार्यालय: एडलवाईस हाउस, ऑफ सीएसटी रोड, कलिना, मुंबई ४०००९८, +९१ २२ ४९८३ ०६००

परिशिष्ट IV-A || नियम ८(६) का प्रावधान देखें

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना**

ई–नीलामी में रखी गई संपत्तियों का विस्तृत विवरण, आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि निम्नानुसार है: (करोड़ रुपये में)

| अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि जमा |
|---|---|---|
| ग्राम हयातपुर, सेक्टर ८८-ए, गुरुग्राम, हरियाणा १२२५०५ स्थित कुल २.१०५ एकड़ का संपूर्ण एवं अंशतया भूभाग ... संपत्ति एन.ए. बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व एवं उनके द्वारा बंधक की गई है। | ८४.४० | ८.४४ |

| ई–नीलामी की समयसीमा |
|---|
| स्थल निरीक्षण:– १६.०२.२०२६ को सुबह ११ बजे से शाम ४ बजे के बीच |
| दस्तावेज सत्यापन:– किसी भी कार्यदिवस पर, १२.०३.२०२६ को शाम ५:०० बजे से पहले, अपॉइंटमेंट लेकर। |
| बोली दस्तावेज की खरीद: १२.०३.२०२६ को शाम ५:०० बजे या उससे पहले AO के ईमेल पर अनुरोध करके। |
| ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: १३.०३.२०२६ को दोपहर १:०० बजे तक |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि: १३.०३.२०२६ को शाम ५:०० बजे तक |
| ई–नीलामी का प्रारंभ: १६.०३.२०२६ को दोपहर १२ बजे से दोपहर १ बजे तक |
| बैंक विवरण :– खाता नाम: ईएआरसी ट्रस्ट एससी–३७०, बैंक का नाम:– आईसीआईसीआई बैंक; खाता संख्या :– ..., आईएफएससी कोड संख्या:– आईसीआईसी०००००४, बैंक शाखा:– नरीमन पॉइंट |
| अधिकृत अधिकारी का विवरण:–meghraj.deshmukh@edelweissarc.in , +91 7506642534 |
| अन्य ईमेल पते:–ruchi.shah@edelweissarc.in, varinder.kumar@edelweissarc.in |

ई–नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया EARC की वेबसाइट www.edelweissarc.in/Propertysale पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

दिनांक: १०.०२.२०२६
स्थान: मुंबई

प्राधिकृत अधिकारी
फोन नंबर: +९१ ७५०६६४२५३४



**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा क्रमांक:** EL/TRD/58/2025-26/22, **दिनांक** 06.02.2026. **कार्य का नाम:** TRD Work in connection with electrification work between Chanderiya (CNA)- Ajmer (AII). **अनुमानित लागत:** रु. 5,65,37,300/-. **बयाना राशि:** रु.4,32,700/-. **समापन अवधि:** 12 Months. **निविदा दस्तावेज की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 02.03.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in. **नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। SPAN/13/1/450

facebook.com/WesternRly



GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

(Tender Id 2026_DYCFW_286256_1)

वेबसाइट लिंक - https://govtprocurement.delhi.gov.in/

-Sd-
DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0437/25-26



TRAFFIC POLICE DELHI

# यातायात निर्देशिका

आईसीसी पुरुष टी – 20 क्रिकेट विश्व कप सुबह: 9:00 बजे से सायं 11:30 बजे तक

10.02.2026, 12.02.2026, 13.02.2026, 16.02.2026, 18.02.2026, 01.03.2026

HELP US SERVE YOU BETTER


अरुण जेटली स्टेडियम फिरोज शाह कोटला मैदान, नई दिल्ली

**मार्ग परिवर्तन/प्रतिबंध**
(जब एवं जैसी भी आवश्यकता होगा)

मैच शुरू होने से एक घंटा पहले और मैच समाप्त होने के एक घंटा बाद तक यातायात में बदलाव किया जाएगा। बहादुरशाह जफर मार्ग, दिल्ली गेट से जे.एल.एन. मार्ग तक, दरियागंज से बहादुरशाह जफर मार्ग तक और गुरु नानक चौक से आसफ अली रोड तक भारी वाहनों को अनुमति नहीं होगी। लोगों से अनुरोध है कि वे 10.02.2026, 16.02.2026 और 18.02.2026 को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक, 13.02.2026 और 01.03.2026 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक और 12.02.2026 को शाम 6:00 बजे से रात 11:30 बजे तक इन सड़कों पर न चलें, क्योंकि दर्शक स्टेडियम से आ–जा रहे होंगे और भीड़भाड़ होने की आशंका है।

राजघाट से जे.एल.एन. मार्ग तक
तुर्कमान गेट से दिल्ली गेट तक आसफ अली रोड
रामचरण अग्रवाल चौक से दिल्ली गेट तक बहादुर शाह जफर मार्ग

**स्टेडियम में प्रवेश**



नजदीक मेट्रो स्टेशन :
दिल्ली गेट (गेट नं. 4 & 5)
आईटीओ (गेट नं. 3, 4 & 5)

यात्रा में असुविधा से बचने के लिए मेट्रो/बस की सवारी करें

**पार्किंग**

लेबल वाले वाहन

1. वाहन की फ्री पार्किंग माता सुंदरी रोड, राजघाट पावर हाउस रोड व वेलोड्रम रोड पर उपलब्ध है। स्टेडियम के आसपास लेबल लगे वाहनों के लिए सीमित पार्किंग उपलब्ध है।
2. गाड़ी के आगे शीशे पर कार पार्किंग लेबल चिपकाना अनिवार्य है। पार्किंग लेबल पर वाहन नम्बर अंकित लिखा होना चाहिए। जिनके वाहन पर वाहन नम्बर के साथ पार्किंग लेबल नहीं लगा होगा उन्हें स्टेडियम के पास जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सामान्य वाहन

फ्री पार्किंग

• माता सुंदरी रोड • राजघाट पावर हाउस रोड • वेलोड्रोम रोड

फ्री पार्किंग: माता सुन्दरी, राजघाट पॉवर हाउस रोड एवम वेलोड्रॉम रोड के नीचे से

सुरक्षा निर्देश: स्टेडियम में आने वाले दर्शकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित प्रतिबंधित वस्तुएं साथ में न लाएं

लैपटॉप कैमरा हेलमेट बैग पैक खाने–पीने की चीजें पानी की बोतल पॉवर बैंक लाइटर और माचिस चाकू और हथियार


24 घण्टे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444 / 1095

# खौफनाक: चाकूबाज़ी में दो छात्रों की मौत

## जखीरा: पार्क में टहल रहे 9वीं क्लास के स्टूडेंट की चाकू घोंपकर हत्या

■ नवीन निश्चल, अमर पार्क


घटनास्थल पर जांच करते पुलिसकर्मी


जावेद का फाइल फोटो

■ जखीरा में ही एक और मामले में युवक को चाकू गोदा, हालत गंभीर

■ दोनों मामले आपस में जुड़े हैं या नहीं इसके बारे में अभी पता नहीं चला है

**वेस्ट डिस्ट्रिक्ट** के जखीरा स्थित अमर पार्क इलाके में रहने वाले एक स्टूडेंट की रविवार को चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जावेद (16) के रूप में हुई है। वह 9वीं क्लास का स्टूडेंट था और घर के पास ही एक स्कूल में पढ़ाई करता था। परिवारवालों का रो रो कर बुरा हाल है क्योंकि वह 3 बहनों में इकलौता भाई था।

**बेटे की मौत की खबर के बाद परिवार का रो-रोकर है बुरा हाल**

पिता मो. हसनैन ने बताया कि रविवार को स्कूल की छुट्टी थी तो उनका बेटा पार्क में टहलने के लिए गया था। मोतीनगर के ही जखीरा इलाके में हुए दूसरे मामले में रात को एक और युवक पर चाकू से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उनको पहले आचार्य भिक्षु अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां से बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायल की पहचान मोहम्मद दानिश (25) के रूप में हुई है।

डीसीपी वेस्ट दराडे शरद भास्कर ने बताया कि पहली कॉल रविवार शाम 6:37 पर मोती नगर पुलिस को मिली थी। बताया कि एक लड़के पर चाकू से हमला हुआ है। उसकी पीठ और बांह पर चाकू के जख्म के निशान मिले हैं। उसे नजदीक के आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया था जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह इंद्रलोक के अमर पार्क इलाके में परिवार के साथ रहता था। रविवार रात को ही पुलिस को दूसरी कॉल 7:50 बजे मिली। कॉलर ने बताया कि 25 साल के युवक पर चाकू से हमला हुआ है। पहले युवक को आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया जहां से एम्स ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। डीसीपी का कहना है कि दोनों मामले आपस में जुड़े हैं या नहीं इसके बारे में अभी पता नहीं चला है। घायल दानिश का बयान नहीं लिया गया है क्योंकि उसकी हालत ठीक नहीं थी।

## स्कूल कैंपस में ही कर दिया 10वीं के स्टूडेंट का मर्डर


बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में सोमवार को दिन में स्कूल के पास ही हुई घटना

■ नवीन निश्चल, मंगोलपुरी


सुधांशु का फाइल फोटो

**बाहरी दिल्ली** के मंगोलपुरी इलाके में सोमवार को दिन में 10वीं क्लास के एक स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सुधांशु (16) के रूप में हुई है। वह पड़ोस के ही एक कॉलोनी में रहते थे। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची, घायल को मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना है कि लगभग डेढ़ महीने के अंदर मंगोलपुरी इलाके में चार लड़कों की हत्या अब तक हो चुकी है।


इस मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। स्टूडेंट के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। जिला के डीसीपी सचिन शर्मा, एसीपी मंगोलपुरी और अन्य आला पुलिस अधिकारी भी जांच के लिए पहुंच गए। परिवारवालों ने सुधांशु का किसी के साथ झगड़ा होने से साफ इनकार किया है। परिवारवालों का आरोप है कि जिसने भी सुधांशु पर चाकू से हमला किया, उसने सिर में अंदर तक घाव किया। वहीं लोग इस वारदात से दहशत में हैं।

मृतक स्टूडेंट के दादा सूरज ने बताया कि दोपहर में जब वे लोग घर पर बैठे हुए थे, तभी एक लड़का भागता हुआ घर पर आया। जिसके कपड़े पर खून लगा हुआ था, उसने आते ही बोला कि सुधांशु को किसी ने सर में चाकू मार दिया है। फिर वे सभी लोग भागकर वहां पर पहुंचे। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया कि जिस भी लड़के ने उस पर स्कूल के अंदर हमला किया है, ऐसा क्यों हुआ। स्कूल में बच्चों के बैग को क्यों नहीं चेक किए जाते हैं।




## पुलिस ने 50 लेडीज़ पर्स ऑर्डर कर किया ब्रैंडेड चोरी का खुलासा

■ NBT रिपोर्ट, नबी करीम


AI Image

**दिल्ली पुलिस** ने ग्राहक बनकर 50 पर्स ऑनलाइन ऑर्डर किए और 'ब्रैंडेड चोरी' का पर्दाफाश किया। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। इनके पास से 4 लाख रुपये कीमत के 152 पर्स भी बरामद किए हैं।

**दिल्ली पुलिस ने ग्राहक बनकर किया संपर्क, तीन गिरफ्तार**

डीसीपी सेंट्रल अनंत मित्तल के मुताबिक, 6 फरवरी को नबी करीम में चोरी की एक घटना सामने आई। पीड़ित एक जाने-माने इंटरनैशनल लेडीज पर्स ब्रैंड (एक्सोटिक) के मालिक और मैन्युफैक्चरर हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने से उनके वेयरहाउस से लेडीज पर्स लगातार चोरी हो रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान मैनेजर समेत वेयरहाउस के स्टाफ से पूछताछ की गई, लेकिन कोई पक्का सुराग नहीं मिला।

इसके बाद टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से लेडीज पर्स की ऑनलाइन सेल में लगे 100 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट्स को स्कैन किया। एनालिसिस के दौरान एक सोशल मीडिया पेज की पहचान हुई जो 'एक्सोटिक' ब्रैंड के पर्स बहुत कम कीमतों पर बेच रहा था। वहीं से पुलिस को शक हुआ। सुराग मिलने पर पुलिस टीम ने तुरंत एक नकली कस्टमर के जरिए संपर्क साधा। पहचाने गए सोशल मीडिया पेज पर दिए गए कॉन्टैक्ट डिटेल्स का इस्तेमाल करके 50 ब्रैंडेड लेडीज पर्स का ऑर्डर दिया। ऑर्डर कन्फर्म होने पर पुलिस को डिलिवरी लोकेशन पर भेज दिया गया।

मौके पर स्टॉक खोलने पर सारी जानकारी ली गई। जिससे 152 एक्सोटिक ब्रैंड के लेडीज पर्स बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने 7 फरवरी को सत्य प्रकाश नाम के आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने बताया कि दो नामी ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट के पिकअप बॉय वेयरहाउस से बल्क ऑर्डर उठाते समय सिस्टमैटिक तरीके से पर्स ले जाते थे। वे हर बंडल से 2-3 पर्स चोरी करते थे। रोजाना 15-20 पर्स जमा करते थे और उन्हें उत्तम नगर में एक रिसीवर को बेच देते थे। यह भी पता चला कि कैंसल किए गए ऑर्डर वेयरहाउस में वापस करने के बजाय चोरी किए जाते थे। इसके बाद जुर्म में शामिल पिकअप बॉय की पहचान की गई। इनकी पहचान सुभाष नगर निवासी सत्य प्रकाश (लोकल फेरीवालों को लेडीज पर्स समेत दूसरी चीजें बेचता है), सोनिया विहार निवासी संतोष, खजूरी खास निवासी राहुल (दोनों फ्लिपकार्ट में पिकअप बॉय) के रूप में हुई। पुलिस ने सुराग मिलने के बाद इन्हें नबी करीम के तेल मिल गली इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

**गोकुलपुरी इलाके में वारदात, बेरहमी से ली जान**

## पत्नी के दोस्त की डंडे से पीट-पीटकर हत्या, आरोपी फरार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


AI Image

■ पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फरेंसिक जांच का इंतजार

■ पूछताछ में महिला ने बताया कि पति फिलहाल बेरोजगार है

■ कुछ दिनों पहले वह काम के सिलसिले में गुजरात गया था, शुक्रवार को लौटा था

**नॉर्थ ईस्ट** डिस्ट्रिक्ट के गोकुलपुरी इलाके में रविवार सुबह पत्नी के दोस्त की डंडों से बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने महिला के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान रवि शर्मा (28) के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह 8:12 बजे गोकुलपुरी थाना पुलिस को एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम डी-ब्लॉक, गोकुलपुरी पहुंची, जहां एक युवक गंभीर हालत में पड़ा मिला। घायल को तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, जांच में सामने आया कि 32 वर्षीय महिला परिवार के साथ गोकुलपुरी में किराये के मकान में रहती है। परिवार में पति, पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। पूछताछ में महिला ने बताया कि पति फिलहाल बेरोजगार है और कुछ दिनों पहले काम के सिलसिले में गुजरात गया हुआ था। शुक्रवार को ही लौटा था।

पुलिस के मुताबिक, महिला का दोस्त रवि शर्मा पिछले कुछ समय से उसी मकान में रह रहा था। आरोपी पति को इसकी जानकारी पहले नहीं थी। गुजरात से लौटने के बाद जब उसे घर में दोस्त की मौजूदगी का पता चला तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

शनिवार रात महिला ने पति और दोस्त दोनों को खाना परोसा, लेकिन पति ने खाना खाने से इनकार कर दिया। रवि छत पर सोने चला गया। कुछ देर बाद पति भी छत पर सोने का बहाना बनाकर ऊपर चला गया, जबकि महिला बच्चों के साथ नीचे सो गई। रविवार सुबह करीब पांच बजे जब महिला छत पर पहुंची तो वहां रवि शर्मा खून से लथपथ पड़ा था। उसके सिर पर डंडे से वार के गहरे निशान थे, पास में ही खून से सना टूटा हुआ डंडा भी पड़ा मिला। पति मौके से गायब था।

महिला ने तुरंत पति के चाचा हीरालाल और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। क्राइम टीम के अलावा फरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में हत्या की वजह पत्नी पर शक और आपसी विवाद सामने आ रहा है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फरेंसिक जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ हो सकेगी। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।





## सड़क हादसे में युवक की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र में रिंग रोड पर शुक्रवार रात हुए सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि स्कूटी पर पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा रात 1:40 बजे मेट्रो पिलर नंबर 73 के पास हुआ। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जांच में मृतक की पहचान जालंधर निवासी गुरप्रीत सिंह (35) के रूप में हुई है। वह दिल्ली में संत नगर बुराड़ी में रह रहे थे। वहीं स्कूटी के पीछे बैठी मनदीप कौर (32) का अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। गुरप्रीत महिला के साथ नारायणा से धौला कुआं की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक से स्कूटी टकरा गई। राहगीरों ने दोनों घायलों को ऐंबुलेंस से एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने गुरप्रीत को मृत घोषित कर दिया।

**महिला की हालत नाजुक, ट्रक ड्राइवर हुआ फरार**

## मोबाइल चार्ज करने से मना करने पर मारा चाकू, मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


AI Image

**ईस्ट डिस्ट्रिक्ट** के त्रिलोकपुरी इलाके में मोबाइल चार्ज करने से मना करने पर एक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की स्पेशल स्टाफ, एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड और थाना कल्याणपुरी की टीम ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया है। आरोपियों की पहचान यामीन (31) और यासीन (28) के रूप में हुई है। दोनों त्रिलोकपुरी में रहते हैं।

**त्रिलोकपुरी में हुई वारदात, पुलिस ने दो आरोपियों को किया अरेस्ट**

पुलिस के मुताबिक, रविवार को त्रिलोकपुरी स्थित 13/31 नंबर की ऑटो रिपेयर शॉप पर चाकूबाजी की सूचना मिली थी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घटना में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें एलबीएस अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर वीर सिंह और राम किशन चाकू लगने से घायल हालत में भर्ती मिले। दोनों त्रिलोकपुरी के रहने वाले हैं। इधर गंभीर रूप से घायल वीर सिंह को बाद में मैक्स अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं राम किशन को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

पुलिस अधिकारी के अनुसार शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी दुकान पर मोबाइल चार्ज करने पहुंचे थे। दुकानदार ने चोरी का मोबाइल होने की बात कहकर चार्ज करने से मना कर दिया। इस बात पर उनकी कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोपियों ने वीर सिंह पर चाकू से हमला कर दिया। राम किशन ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उनके ऊपर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन अलग-अलग टीमें गठित कीं। स्थानीय सूत्रों से जानकारी जुटाई और तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपियों की पहचान कर दोनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों ने मोबाइल चार्जिंग को लेकर हुए विवाद में वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड चेक कर रही है।

## कारोबारी की गोली मारकर हत्या

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद/कझावला : कझावला इलाके में सोमवार दोपहर एक पीवीसी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक की पहचान 35 वर्षीय वैभव गांधी के रूप में की है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस लूट, आपसी रंजिश, कारोबार से जुड़ा विवाद और अन्य पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। वहीं इलाके से जुड़े सूत्र यह भी बता रहे हैं कि हमलावर नोटों से भरा एक बैग भी लूट ले गए हैं। जिसमें उम्मीद है कि एक करोड़ से अधिक कैश रखा हो। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

पुलिस अफसर के मुताबिक 9 फरवरी को लगभग 12:51 पर दोपहर कझावला थाने की पुलिस को सूचना मिली कि पूठ खुर्द में एक शख्स को गोली मार दी गई है।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP4 User: arvind.kumar@timesofindia.com Time: 02-09-2026 23:02 Color:



# ऑब्जर्वेशन होम से 5 लड़के फरार, 2 बरामद, 11 पर FIR

## अधिकारियों ने कहा, कमरे का ताला तोड़कर छत पर चढ़कर भागे

AI Image



NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

**मुरादाबाद जिले** के राजकीय ऑब्जर्वेशन होम (बच्चा जेल) से रविवार की रात करीब दो बजे पांच बंदी लड़के छत से कूदकर फरार हो गए। ऑब्जर्वेशन होम के प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी ने सुरक्षा में तैनात एक सिपाही समेत 6 कर्मचारियों और पांचों लड़कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

ऑब्जर्वेशन होम के प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी के मुताबिक एफआईआर में 11 को नामजद किया गया है। इनमें पांचों फरार लड़के, एक कॉन्स्टेबल, तीन होमगार्ड और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से लड़कों की तलाश शुरू की। ऑब्जर्वेशन होम के अधिकारियों ने कहा कि बंदी लड़कों ने ऑब्जर्वेशन होम का ताला तोड़कर उसकी छत से कूदकर फरार हुए हैं। पुलिस ने ऑपरेशन सर्च के तहत दो किशोरों को बरामद कर लिया है। तीन की तलाश जारी है। राजकीय ऑब्जर्वेशन होम प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी ने पुलिस को बताया कि रात में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुमित कुमार, रोहित, सिपाही रविंद्र कुमार, होमगार्ड केशव कुमार, महेश पाल सिंह और आदेश कुमार सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। रविवार रात में पांच किशोर कमरे का ताला तोड़कर छत पर चढ़ गए। वहां से कूदकर भाग निकले। फरार किशोरों में अमरोहा के धनौरा थाना क्षेत्र के दो, उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के आईटीआई थाना क्षेत्र के दो, ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र का एक किशोर शामिल है।

**ऑपरेशन सर्च के तहत दो बरामद**

राजकीय ऑब्जर्वेशन होम के अधिकारियों ने कहा कि बंदी लड़कों ने ऑब्जर्वेशन होम का ताला तोड़कर उसकी छत से कूदकर फरार हुए हैं। पुलिस ने ऑपरेशन सर्च के तहत दो किशोरों को बरामद कर लिया है। तीन की तलाश जारी है।

- ऑब्जर्वेशन होम के प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी ने सुरक्षा में तैनात एक सिपाही समेत 6 कर्मचारियों और पांचों लड़कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

## बागपत में खड़े ट्रक में घुसी कार, दो युवकों की मौत

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: बागपत जिले में निर्माणाधीन दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड हाइवे पर ग्राम कंडेरा के पास रविवार की रात खड़े ट्रक में कार घुस गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक शामली से एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। बागपत जिले के थाना रमाला के इंस्पेक्टर बच्चू सिंह के मुताबिक हाइवे पर कंडेरा गांव के सामने ट्रक पहले से खड़ा था। शामली की ओर से आ रही कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से जख्मी युवकों को बड़ौत सीएचसी ले जाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**शादी समारोह से लौट रहे थे दोनों युवक।**

# 800 करोड़ से अधिक की ठगी के आरोपी पर 5 नई FIR दर्ज़

## बरेली में 60 से अधिक केस, 41 बीते 3 महीनों में दर्ज़ हुए

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

**देशभर में** निवेश के नाम पर 800 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोपी और चर्चित ठग कंपनी कैनविज के मालिक कन्हैया गुलाटी और उनके साथियों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। सोमवार को बरेली के बारादरी थाने में कन्हैया गुलाटी के खिलाफ पांच नई एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके साथ ही बरेली जिले में उनके खिलाफ दर्ज मुकदमों की संख्या 60 से अधिक हो चुकी है, जिनमें से 41 केस सिर्फ बीते तीन महीनों में दर्ज हुए हैं।

मुनाफे का लालच देकर हजारों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले कन्हैया गुलाटी करीब एक साल से परिवार समेत फरार है। पुलिस उनकी हिस्ट्रीशीट खोल चुकी है और लुकआउट नोटिस भी जारी किया जा चुका है। गिरफ्तारी और पूरे मामले की जांच के लिए पुलिस ने दो अलग-अलग एसआईटी (SIT) टीमें का गठन किया है।

एसएसपी बरेली अनुराग आर्य के अनुसार, एक एसआईटी टीम को कन्हैया गुलाटी और उनके गिरोह की गिरफ्तारी का जिम्मा सौंपा गया है, जबकि दूसरी टीम ठगी से जुड़े वित्तीय लेन-देन और संपत्तियों की गहन जांच कर रही है। लुकआउट नोटिस के साथ-साथ आरोपियों की बेशकीमती संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई भी शुरू की जा रही है। अदालत के आदेश पर दर्ज एक मामले में योगेंद्र कुमार गंगवार समेत 769 लोगों ने आरोप लगाया है कि कन्हैया गुलाटी, उनकी पत्नी राधिका और बेटे गोपाल गुलाटी ने 26 करोड़ रुपये हड़प लिए। पीड़ितों का कहना है कि कंपनी ने 'लायंस', 'टाइगर' और 'कोर ग्रुप' जैसी फर्जी स्कीमें बनाकर पांच प्रतिशत मासिक मुनाफे का लालच दिया और अप्रैल 2025 से भुगतान बंद कर दिया।

दूसरे मामले में मोहन मौर्य की शिकायत पर कन्हैया गुलाटी, पुष्पेंद्र उर्फ सोनू पंडा, नरेश मौर्य और जगतपाल सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि पांच प्रतिशत ब्याज का झांसा देकर मोहन और उनके रिश्तेदारों से करीब 36 लाख रुपये निवेश कराए गए, जिसके बाद ऑफिस बंद कर आरोपी फरार हो गए। तीसरा केस ट्यूलिप टावर निवासी प्रमोद सिंह परिहार ने दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि उन्होंने और उनके 12 साथियों ने करीब ढाई करोड़ रुपये निवेश किए थे।





**फर्जी स्कीमें बनाकर लोगों से ठगे पैसे**

अदालत के आदेश पर दर्ज एक मामले में योगेंद्र कुमार गंगवार समेत 769 लोगों ने आरोप लगाया है कि कन्हैया गुलाटी, उनकी पत्नी राधिका और बेटे गोपाल गुलाटी ने 26 करोड़ रुपये हड़प लिए। पीड़ितों का कहना है कि कंपनी ने "लायंस", "टाइगर" और "कोर ग्रुप" जैसी फर्जी स्कीमें बनाकर पांच प्रतिशत मासिक मुनाफे का लालच दिया और अप्रैल 2025 से भुगतान बंद कर दिया।

- पुलिस खोल चुकी हिस्ट्रीशीट, लुक आउट नोटिस भीजारी किया जा चुका है।
- गिरफ्तारी और जांच के लिए दो एसआईटी टीम गठित की गई है।

## पैसों के लेनदेन में हुई थी युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार


■ NBT न्यूज, आगरा: आगरा में तीन दिन पहले हुए एक युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक के दोस्त पर ही गला दबाकर मारने का आरोप है। पुलिस ने सोमवार को आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी शमसाबाद ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 4 फरवरी को थाना इरादतनगर क्षेत्र में एक शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान राहुल पुत्र सुन्दर सिंह, निवासी थाना एकता के रूप में हुई थी। मृतक के भाई संजय ने 6 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई राहुल 3 फरवरी को दीपक नामक व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल पर बाहर में गया था, जहां दीपक द्वारा उसके भाई की गला दबाकर हत्या कर दी गई। जांच में सामने आया कि मृतक और आरोपी के बीच लंबे समय से पैसों का लेन-देन चल रहा था। इसी विवाद के चलते आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की। एसीपी ने बताया कि आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

**दोस्त पर ही गला दबाकर मारने का है आरोप।**

## फर्ज़ी अफसर बन मांगे 24 लाख रुपये, अरेस्ट

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

**संभल पुलिस** ने सोमवार को फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बने एक LLB छात्र को गिरफ्तार किया। छात्र पर आरोप है कि उसने एक ग्रामीण से दो करोड़ रुपये के काले धन का फर्जी नोटिस देकर आयकर विभाग की कार्रवाई रोकने के लिए 24 लाख रुपए की मांग की थी।

संभल पुलिस के मुताबिक जिले के नखासा थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर तग गांव निवासी शीशपाल ने पुलिस को इस मामले में शिकायत दी थी। बीते रविवार को पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की। सोमवार को पुलिस ने फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बने एलएलबी के छात्र मोहित उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहित उर्फ प्रिंस संभल जिले के गांव ठिलपुरा का निवासी है। पीड़ित शीशपाल ने पुलिस को बताया था कि आरोपी उसे 15 दिन से परेशान कर रहा था। उसे दो लोग फोन करते थे। शीशपाल ने शिकायत में बताया था कि आरोपी ने दो करोड़ रुपये के काले धन की बात कर 12 प्रतिशत के हिसाब से 24 लाख रुपये मांगे थे। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को ही न्यायालय में पेश किया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपी मोहित के पिता पुरुषोत्तम का कहना है कि वह अमरोहा के उझारी में बीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। वह घर से संभल कचहरी जाने की बात कहकर जाता था।

**ब्लैक मनी का डर दिखाकर मांगे थे पैसे**

छात्र पर आरोप है कि उसने एक ग्रामीण से 2 करोड़ रुपये के काले धन का फर्जी नोटिस देकर आयकर विभाग की कार्रवाई रोकने के लिए 24 लाख रुपए की मांग की थी।

# स्किल, निवेश और रोजगार से बनाएंगे आत्मनिर्भर UP: योगी

## राज्य सरकार ने पहली बार विधानसभा में पेश की आर्थिक समीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**प्रदेश कैसे** विकसित राज्य बनेगा। इसका पूरा रोडमैप योगी सरकार ने विधानसभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में रखा। आर्थिक सर्वेक्षण में जहां भूत और वर्तमान में राज्य की वित्तीय स्थिति को दर्शाया गया। वहीं भविष्य की दिशा भी रेखांकित किया गया। विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को पाने के लिए राज्य सरकार का विशेष फोकस निवेश, रोजगार और सतत विकास पर होगा। साथ ही डिजिटल इकोनॉमी, ग्रीन एनर्जी को प्राथमिकता दी जाएगी। युवाओं को कौशल विकास और स्टार्टअप योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ये पहला मौका है जब प्रदेश सरकार ने केन्द्र की तर्ज पर पहली बार विधानसभा के सामने आर्थिक समीक्षा पेश की है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार बजट से एक दिन पहले आर्थिक सर्वे देश के सामने रखती है, जिसका मकसद देश की आर्थिक स्थिति लोगों के सामने रखना और भविष्य के रोडमैप को बताना होता है।

**36 लाख करोड़ रुपये के पार होगी यूपी की अर्थव्यवस्था:** आर्थिक समीक्षा में प्रस्तुत आंकड़ों के मुताबिक यूपी की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 36 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच जाएगी। 2016-17 में यूपी की अर्थव्यवस्था 13.30 लाख करोड़ रुपये की थी। जो दोगुना से अधिक बढ़कर 2024-25 में 30.25 लाख करोड़ रुपये हो गई है। समीक्षा के मुताबिक सिर्फ यूपी की अर्थव्यवस्था ही नहीं बढ़ी है, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में प्रदेश का योगदान भी बढ़ा है। 2016-17 में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान 8.6 प्रतिशत था, जो 2024-25 में बढ़कर 9.1 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

**प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी:** 2016-17 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 54,564 रुपये थी, जो आठ वर्षों में दोगुनी होकर 2024-25 में 1,09,844 रुपये तक पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रति व्यक्ति आय 1,20,000 रुपये होने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 के अनुसार अर्थव्यवस्था में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान 25.8%, औद्योगिक क्षेत्र का 27.2% और सेवा क्षेत्र का 47 प्रतिशत है। कनेक्टिविटी बेहतर बनाने के लिए सरकार एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट पर फोकस कर रही है। भविष्य में 12 नए एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा।

PTI



बजट सेशन के पहले दिन गवर्नर के अभिभाषण के दौरान हंगामा करते विपक्ष के नेता।

## पत्नी ने साथ नहीं किया डांस, आहत पति ने दे दी जान

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: बदायूं जिले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार साले के तिलक समारोह में रविवार की रात पत्नी ने साथ में डांस करने से मना कर दिया, जिससे आहत पति ने जान दे दी।

फैजगंज बेहटा थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि पत्नी से विवाद के बाद जान देने की बात परिजनों ने बताई है। पुलिस आत्महत्या और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रख कर जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर वास्तव की तस्वीर साफ हो सकेगी। बदायूं पुलिस के मुताबिक जिले के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के सैदोला गांव में सोमवार सुबह फांसी पर लटका शव मिला। पुलिस को गांव में जानकारी मिली कि सैदोला गांव में अनिल कुमार के साले का तिलक समारोह था। जिसमें जिले के उघैती क्षेत्र के करवारा गांव निवासी अनिल (30) परिवार के साथ शामिल होने पहुंचे थे। रात में तिलक समारोह के चलते एक तरफ खाना चल रहा था। दूसरी तरफ डीजे पर लोग डांस कर रहे थे। तभी अनिल ने अपनी पत्नी प्रियंका को साथ में डांस करने के लिए डीजे के पास लाया। लेकिन पत्नी ने डांस करने से मना कर दिया।

**साले के तिलक में पत्नी ने डांस करने से मना कर दिया था।**

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

tender & notices

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)**
पत्रांक : 2009/ न०पा०परि०दा० / क०वि० / 2025-26 दिनांक: 16/01/2026
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, दादरी के गजट प्रकाशन दिनांक 22.11.2025 के अन्तर्गत आवासीय भवन सं०-158, वार्ड सं०-08 मौ० तुलसी विहार कस्बा दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर जो अब तक विक्रमी सिंह पुत्र लाला सिंह निवासी ग्राम भगौर तहसील खेकड़ा जिला बागपत, श्रीमती बबी देवी पत्नी श्री विवेकानन्द निवासी तुलसी विहार दादरी जिला गौतमबुद्धनगर आदि के नाम पर दर्ज है। निवासी प्रीत विहार कस्बा दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर के नाम नगर पालिका परिषद, दादरी के सम्पत्ति कर अभिलेखों में अंकित है। उक्त जयप्रकाश भाटी पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी ग्राम नई आबादी कस्बा दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा एक प्रार्थना दिनांक 06.01.2026 को प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, बैनामा, आधार कार्ड, की छायाप्रति, संलग्न कर प्रस्तुत किया है, जिसके आधार पर इन्होंने आवासीय भवन सं०-158, वार्ड सं०-08 मौ० तुलसी विहार कस्बा दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर को अपने नाम परिवर्तित किये जाने हेतु अनुरोध किया है। उक्त सम्पत्ति को जयप्रकाश भाटी पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी ग्राम नई आबादी कस्बा दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर के नाम नगर पालिका परिषद दादरी के गृहकर पंजिका में दर्ज की जानी है।
इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें, समयावधि पूर्ण होने पर नामान्तरण की कार्यवाही निर्विवाद मानते हुये कर दी जायेगी।
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद,
दादरी जनपद-गौतमबुद्धनगर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)**
पत्रांक : 2006/न०पा०परि०दा० /क०वि०/ 2025-26 दिनांक : 16/01/26
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, दादरी के गजट प्रकाशन दिनांक 22.11.2025 के अन्तर्गत सहभावासीय भवन सं०-71, वार्ड सं०-07 रेलवे रोड दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर जो अब तक श्री सुभाष चन्द त्यागी व मनीष कुमार त्यागी पुत्रगण स्व० श्री भगवत प्रसाद त्यागी निवासी मौ० रेलवे रोड दादरी, के नाम पर दर्ज है। नगर पालिका परिषद, दादरी के सम्पत्ति कर अभिलेखों में अंकित है। उक्त श्री सुभाष चन्द त्यागी पुत्र स्व० श्री भगवत प्रसाद त्यागी निवासी रेलवे रोड दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा एक प्रार्थना दिनांक 02.01.2026 को प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, बैनामा, संलग्न कर प्रस्तुत किया है, जिसके आधार पर इन्होंने सहभावासीय भवन सं०-71, वार्ड सं०-07 रेलवे रोड दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर को अपने नाम परिवर्तित किये जाने हेतु अनुरोध किया है। उक्त सम्पत्ति को श्री सुभाष चन्द त्यागी पुत्र स्व० श्री भगवत प्रसाद त्यागी निवासी रेलवे रोड दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर के नाम नगर पालिका परिषद दादरी के गृहकर पंजिका में दर्ज की जानी है।
इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें, समयावधि पूर्ण होने पर नामान्तरण की कार्यवाही निर्विवाद मानते हुये कर दी जायेगी।
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, दादरी
जनपद-गौतमबुद्धनगर

# बागपत नगर पालिका अध्यक्ष और तीन कर्मचारियों पर FIR

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ





**बागपत जिले** के अधिशासी अधिकारी (Executive Officer) कृष्ण कुमार भड़ाना ने बागपत नगर पालिका के अध्यक्ष एडवोकेट रेजुद्दीन और नगर पालिका के तीन कर्मचारियों के खिलाफ फाइलें गुम करने के आरोप में FIR दर्ज कराई है। नगर पालिका अध्यक्ष के समर्थन और एफआईआर दर्ज करने के खिलाफ वकीलों ने बागपत पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारी वकीलों ने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना खुद कई आरोपों से घिरे हुए हैं। राजनीतिक द्वेष के चलते अध्यक्ष रेजुद्दीन की छवि खराब करना चाहते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रेजुद्दीन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वर्तमान अधिशासी अधिकारी विवादित हैं। दरअसल, इससे पहले भी रेजुद्दीन को एक बीजेपी नेता की शिकायत के बाद पद से हटाया गया था, लेकिन हाई कोर्ट के आदेश पर उन्हें फिर से पद पर बहाल किया गया था।


# दुकानें खाली करने के लिए पंद्रह दिनों का अल्टिमेटम

**NBT न्यूज, मेरठ:** SC द्वारा सेंट्रल मार्केट की अवैध दुकानों को ध्वस्त करने को लेकर जारी किए गए आदेश के बाद सोमवार को आवास विकास के अधिकारियों ने व्यापारियों की दुकानों पर आखिरी नोटिस चस्पा कर दिया। जिसमें व्यापारियों को अपने दुकान खाली करने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। नोटिस चस्पा होने के बाद सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों में खलबली मची हुई है। आवास विकास के अधिकारी और कर्मचारी पुलिस बल के साथ सोमवार को सेंट्रल मार्केट पहुंचे। जहां उन्होंने दुकानों के बाहर नोटिस चस्पा करते हुए व्यापारियों को आखरी चेतावनी दी। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लेख करते हुए बताया गया कि पूर्व में दिए गए नोटिसों के बावजूद व्यापारियों ने अब तक ना तो अपने अवैध निर्माण खुद तोड़े और ना ही दुकानें खाली करके आवासविकास के अधिकारियों को सूचित किया। जिसके चलते कोर्ट के आदेश की अवमानना हो रही है।

**SC ने अवैध दुकानों को गिराने के आदेश दिए हैं।**

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

In Loving Memory of



SH. LACHHMANDAS KALRA
11.06.1932 - 10.02.1985
LACHHMANDAS JEWELLERS
Ashok Kalra & Sahil Kalra
2046/39, Main Gurudwara Road,
Karol Bagh, New Delhi-110005.
Tel. 9811174052, 28752626

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 8,600 |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727

## सऊदी में नौकरी का झांसा दे दो लाख की ठगी, FIR

AI Image



■ NBT न्यूज, सहारनपुर

सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से दो लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की शिकायत पर अदालत के आदेश के बाद थाना देवबंद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शामली जिले के थाना झिंझाना क्षेत्र के गांव बसी कुन्धियारी निवासी अजीम ने एसीजेएम देवबंद की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसे सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे दो लाख रुपये ठग लिए गए।

पीड़ित के अनुसार, उसने एक लाख तीस हजार रुपये मुबक अमरेज निवासी रहमतनगर देवबंद और नौशाद निवासी पठानपुरा देवबंद को दिए। इसके अलावा 70 हजार रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए फोन-पे नंबर पर अपने खाते से ट्रांसफर किए। इसके बाद आरोपियों ने उसे ड्राइवरी का एग्रीमेंट दिखाया, जिस पर हाउस ड्राइवर लिखा था और उससे हस्ताक्षर कराकर वीजा उपलब्ध करा दिया गया। अजीम का आरोप है कि सऊदी अरब पहुंचने पर उसे ड्राइवर की नौकरी नहीं दी गई, बल्कि भेड़ चराने और घास खोदने का काम सौंप दिया गया। विरोध करने पर कथित तौर पर उससे कहा गया कि उसे मजदूर के रूप में भेजा गया है और यही काम करना होगा।

**'सऊदी पहुंचने पर भेड़ चराने का काम मिला'**

पीड़ित ने आरोप लगाया कि सऊदी अरब पहुंचने पर उसे ड्राइवर की नौकरी नहीं दी गई, बल्कि भेड़ चराने और घास खोदने का काम सौंप दिया गया। विरोध करने पर कथित तौर पर उससे कहा गया कि उसे मजदूर के रूप में भेजा गया है और यही काम करना होगा।

## ग्रामीणों ने चोर को खंभे से बांध पीटा, पुलिस ने छुड़ाया

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: बिजनौर जिले के जमालपुर किरत गांव में रविवार-सोमवार की रात करीब दो बजे चोरी करने घर में घुसे चोरों को ग्रामीणों ने घेर लिया। एक चोर को पकड़ लिया, जबकि दो फरार हो गए। पकड़े गए चोर को ग्रामीणों ने बिजली के खंभे से बांधकर पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खंभे से बंधे चोर को छुड़ाया। इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच काफी देर तक नोकझोंक भी हुई। बिजनौर पुलिस के अनुसार पकड़ा गया व्यक्ति नसीरपुर गांव का निवासी है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि चोर से पूछताछ की जा रही है।

**चोरी के लिए तीन चोर घर में घुसे थे, 2 भाग गए।**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP5 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-09-2026 20:49 Color:



# इंडिया-AI इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन की सुरक्षा में 10 हज़ार जवान किए तैनात

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : जी20 शिखर सम्मेलन से भी बड़ा इंडिया-AI इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन-2026 दिल्ली में होने जा रहा है। जिसकी सुरक्षा तैयारियों को लेकर दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। दिल्ली के अधिकतर जिलों में बड़ी संख्या में जवानों को एक हफ्ते पहले ही सुरक्षा अरेंजमेंट में लगा दिया गया है। दिल्ली के हर जिले से 700 से 1000 पुलिसकर्मियों की इस सम्मेलन के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

**30 देशों के मेहमान इस सम्मेलन में हो रहे हैं शामिल**

16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम् में चलने वाले इस सम्मेलन में 30 देशों के हजारों मेहमानों के दिल्ली पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। सम्मेलन की हाईटेक तैयारी के लिए तकनीक-आधारित सिक्योरिटी सिस्टम का यूज किया जा रहा है। आमंत्रित मेहमानों को क्यूआर कोड वाले पास जारी किए जा रहे हैं। जो एंट्री गेट पर क्यूआर कोड स्कैन के बाद ही अंदर जा सकेंगे।

दिल्ली पुलिस ने इस समारोह के लिए सुरक्षा और ट्रैफिक इंतजामों की एडवांस में तैयारियां कर ली है। सुषमा स्वराज भवन, चाणक्यपुरी में कुछ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। दिल्ली पुलिस ने समारोह की सुरक्षा संबंधित योजना और को-ऑर्डिनेशन के लिए अलग से एआई इम्पैक्ट समिट सेल भी स्थापित की है। पुलिस अफसर ने कहा कि सम्मेलन के दौरान ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त रखने के लिए करीब 5,000 ट्रैफिककर्मियों को तैनात किया जाएगा। जिनमें 10 डीसीपी रैंक के अफसर सुपरविजन करेंगे। दिल्ली को 10 ट्रैफिक जोन और 22 सेक्टर्स में बांटा गया है।

पुलिस अफसर के मुताबिक वीवीआईपी मूवमेंट वाले रूट पर हर समय 24 एसीपी के अलावा, विदेशी प्रतिनिधि के काफिले के पायलट काफिल में एक एसीपी मौजूद रहेगा। विदेशी मेहमानों में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग, गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एंथ्रोपिक के सीईओ दारियो अमोदेई, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, इन्फोसिस के अध्यक्ष नंदन नीलेकणी, सिस्को के अध्यक्ष जीतू पटेल और एडोबी के सीईओ शांतनु नारायण और अन्य शामिल होंगे।

विदेशी मेहमानों के ठहरने का इंतजाम अब तक द इंपीरियल, ली मेरिडियन, हयात रीजेंसी, द अशोक, द क्लेरिजेस, ताज महल, ताज पैलेस, आईटीसी मौर्या, द लीला पैलेस और द ओबेरॉय होटलों में किया गया है। जिन्हें प्रोटोकॉल के हिसाब से सुरक्षा कवर किया गया है। अब तक 15 देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। पीएम नरेंद्र मोदी समारोह में शिरकत करेंगे, जहां सीईओ की बैठक की मेजबानी करेंगे।

## दरियागंज में तेज़ रफ्तार कार पलटी

■ NBT रिपोर्ट, दरियागंज : दरियागंज इलाके में 8 फरवरी की रात तेज रफ्तार में कार पलट गई। अंदर दो लोग फंसे रह गए। कार में फंसे लोगों ने पुलिस को पीसीआर कॉल करके मदद मांगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पलटी हुई कार को सीधा करके फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाला।

डीसीपी अनंत मित्तल के मुताबिक, 8 फरवरी की रात लगभग 1:21 AM पर दरियागंज थाने को PCR कॉल मिली। जिसमें नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज फैज बाजार चौक के पास एक गाड़ी के एक्सीडेंट की खबर दी गई थी। ड्राइवर के मुताबिक, सड़क पर धूल की वजह से उसका कंट्रोल खो गया, जिससे काली XUV-700 फुटपाथ के पास पलट गई। कॉल पर तुरंत एक्शन लेते हुए हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार और Ct राहुल मौके पर पहुंच गए। अंदर फंसे हुए दो लोगों को बाहर निकाला।

# संसद भवन, 15 स्कूलों को भेजे बम से उड़ाने के ई-मेल, मचा हड़कंप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


पैरेंट्स और बच्चों में दहशत

**सोमवार सुबह** संसद भवन और 15 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई मेल से जहां दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया, वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रशासन और पैरेंट्स भयभीत हो गए। ईमेल में भड़काऊ भाषा के साथ 13 फरवरी को संसद में विस्फोट की धमकी भी दी गई। ईमेल में यह भी दावा किया कि 13 फरवरी को दोपहर 1 बजकर 11 मिनट पर संसद के अंदर बम फटेगा। सूत्रों का कहना है कि यह धमकी भरे ईमेल सुबह करीब 8:30 से 9 बजे के बीच आए, जिसके बाद स्कूल प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड में आ गईं। दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग, बम व डॉग स्क्वॉयड की टीमें पहुंच गईं।

टीमों ने स्कूलों और संसद भवन की गहनता से तलाशी ली। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर इसे होक्स बताया गया। पुलिस अफसर ने कहा कि वे इसे फर्जी ईमेल मानकर हल्के में नहीं ले रहे। हर एंगल से जांच कर रहे हैं। धमकी पाने वाले स्कूलों में दिल्ली कैंट स्थित लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल, श्रीनिवासपुरी और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी का कैम्ब्रिज स्कूल, सादिक नगर का द इंडियन स्कूल, INA और लोधी रोड का DTEA स्कूल, रोहिणी का वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल, रोहिणी और शालीमार बाग का सीएम श्री स्कूल, पीतमपुरा का आधारशिला विद्यापीठ, शालीमार बाग का मॉडर्न पब्लिक स्कूल, जसपाल कौर पब्लिक स्कूल शालीमार बाग, न्यू राजेंद्र नगर का मानव स्थली स्कूल, द्वारका के राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय और रोहिणी का बाल भारती स्कूल शामिल हैं। पुलिस मामला दर्ज कर टेक्निकल सर्विलांस की मदद से ई मेल भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। किसी व्यक्ति या संस्था से जान सोच समझकर लें। फिजूल के खर्चों से बचें। किसी को भी उधार देने से बचें। पैसा फंस सकता है। आज पत्नी पक्ष से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। रात का समय परिवारजनों के साथ बीतेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज के दिन बहुत व्यस्तता का होगा, ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें, पैर में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कार्य भी पूर्ण होंगे। किसी काम में निवेश करना पड़े तो करें, आगे चलकर भरपूर लाभ मिलेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। आज सामाजिक कार्यों में व्यवधान आ सकता है। गुप्त अवसरवश लाभ होने से आपकी धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि सुदृढ़ होगी। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। शाम से रात तक गाने बजाने तथा संगीत में रुचि रहेगी।

**CANCER** 22 Jun - 22 Jul
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अवश्य मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज ननिहाल पक्ष से प्रेम एवं विशेष सहयोग मिलने की संभावना है। आप अपनी शानो शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे। मित्रों का सहयोग मिलता रहेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलदायक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ट रूप से प्राप्त होगा। व्यर्थ व्यय का आज योग है। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे, किन्तु लोग इसको मजबूरी या स्वार्थ ही समझेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। दशम भाव में बृहस्पति कर्क राशि का होकर विराजमान है इसलिए आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें। ससुराल पक्ष से आपको लाभ मिलने की संभावना है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपका मन आहत और परेशानी में रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद-विवाद न्यायालय में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपके ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके अंदर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे, मान्य प्रकार रहेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम से लेकर रात के समय तक पेट के विकार होने की संभावना है, ऐसे में सावधान रहें।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ साथ ऐसे अनावश्यक खर्चों का सामना करना पड़ेगा जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। आगे व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। नए काम में निवेश कर सकते हैं।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में उद्यत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने परिवार के लोगों से विश्वासघात होने की संभावना है। सवारी सुख भोग, नौकर चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा। शाम से रात तक यात्रा भी हो सकती है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज चौथे भाव में मिथुन राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। सुप्तशिलाजन व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात में प्रियजनों और परिजनों से हास्य विनोद रहेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

मंगल, चंद्रमा और राहु इस वर्ष के स्वामी माने गए हैं। फरवरी के अंतिम दस दिनों में अच्छी नौकरी मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं। यदि आप किसी पुराने विवाद, मुकदमे या मानसिक उलझन में फंसे हुए हैं, तो मार्च के महीने में इनसे राहत मिल सकती है। जिन जातकों की जन्मकुंडली में ग्रह स्थिति जटिल है और जो वर्तमान में शनि, राहु या केतु की दशा से गुजर रहे हैं, उन्हें अप्रैल या मई तक विशेष परिश्रम के बाद संतोषजनक आर्थिक सफलता प्राप्त होगी। व्यापारियों को जून से लेकर जुलाई महीने के अंत तक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में वाहन, मशीनरी अथवा तकनीकी संसाधनों से लाभ के योग बनेंगे। किसी नए कार्य को कोई नया आइडिया आपके समक्ष आ सकता है। नवंबर से लेकर दिसंबर तक व्यापार में कुछ शिथिलता रहेगी, लेकिन जनवरी 2027 से फरवरी-मार्च तक फिर से तेजी आएगी और मुनाफा होगा। महिलाओं की महत्वाकांक्षाएं पूर्ण होंगी और विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान जरूर दें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(बुधवार, 11 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 22, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण नवमी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 29, शाबान 22, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 11 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। नवमी तिथि सुबह 9 बजकर 59 मिनट तक के बाद दशमी तिथि का आरंभ। अनुराधा नक्षत्र पूर्वाह्न 10 बजकर 53 मिनट तक के बाद ज्येष्ठा नक्षत्र का आरंभ। व्याघात योग अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 30 मिनट तक के बाद हर्षण योग का आरंभ। गर करण सुबह 9 बजकर 59 मिनट तक के बाद विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | 3 | 7 | |
| | | | 3 | | | | | |
| 4 | | | | 9 | 2 | | 5 | |
| | | | 2 | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | 8 | | 5 | | 2 | 6 |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | 6 | | 4 | 2 | | | | 8 |
| | | | | | 8 | | | |
| | 1 | 7 | | | | | | 3 |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बबलू बुद्धवक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:00 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 पीहू |
| 13:30 भ से भडे | |

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अन्य रिक्तियां
एकाधिक रिक्तियां

APRICOT Healthcare Services Pvt. Ltd. Req Hospital Asst., Field/Mktng Exe., Telecaller. RM = 8287921166, 9220921166. Web: www.apricotcare.com

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

SBI भारतीय स्टेट बैंक
एसएमईसी फरीदाबाद
65 (बेसमेंट), नीलम बाटा रोड एन.आई.टी., फरीदाबाद, हरियाणा-121001
निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)
किराए पर परिसर की आवश्यकता
शाखा का नाम: एसएमईसी का स्थानांतरण फरीदाबाद (15651)
सम्पत्ति नीलम बाटा रोड, फरीदाबाद पर स्थित होनी चाहिए और मौजूदा परिसर से 500 मीटर के भीतर होनी चाहिए।
लगभग कारपेट एरिया 464 वर्ग मीटर (लगभग 5000 वर्ग फुट)
... की वेबसाइट www.sbi.co.in और https://bank.sbi से डाउनलोड किया जा सकता है ... 20.02.2026 को दोपहर 3:00 बजे ...
सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, एसएमईसी फरीदाबाद, 65 (बेसमेंट), नीलम बाटा रोड, एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001

tender & notices

सार्वजनिक सूचना
प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निजी विकासकर्ता मै० एंथम यशकीर्ति इंफ्रासिटी प्रा० लि० प्रोजेक्ट ओजोन क्लासिक द्वारा योजना सं० 922, 41-डी ग्राम नूरनगर व सदीकनगर, गाजियाबाद में पात्र आवेदकों को ई०डब्लू०एस भवन आवंटन हेतु उपाध्यक्ष महोदय की स्वीकृति दिनांक 19.01.2026 के अनुसार दिनांक 25.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे हिंदी भवन लोहिया नगर, गाजियाबाद में लाटरी ड्रा हेतु समय निर्धारित किया गया है।
लाटरी ड्रा से पूर्व निजी विकासकर्ता कि विभागीय वेबसाइट एवं निजी विकासकर्ता के ऑफिस सं० 826 नूरनगर राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद 201017 पर पात्र आवेदकों की सूची में आपत्ति एवं आवश्यक संशोधन हेतु दिनांक 09.02.2026 से 11.02.2026 तक आवेदक निर्धारित अवधि में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। समस्त पात्र आवेदक लाटरी ड्रा के समय स्वंय उपस्थित रह सकते हैं।
निजी विकासकर्ता मै० एंथम यशकीर्ति इंफ्रासिटी प्रा० लि०

THE DELHI GOLF CLUB
Dr. Zakir Hussain Road, New Delhi-03
Bids are invited from Vendors for Purchase of Imported Brand Golf T-Shirts & Jackets for Tournament at DGC. Detailed RFP can be downloaded from DGC Website http://delhigolfclub.org/tender notice/ Sealed envelope mentioning words "Bid for Golf T-shirts & Jackets-DGC Golden League 2026" in capital letters on the top of the envelope must reach us before 12:00 Hrs on 16th February 2026. Tender Box is placed in the Main Office of DGC.
Lt. Col. Rohit Singh (Retd)
Secretary
The Delhi Golf Club

SBI भारतीय स्टेट बैंक
आरबीओ-4, एओ-4, सीआरएस कैम्पस 2, प्लॉट नं. 79, सेक्टर-18, गुरुग्राम, हरियाणा-122015
निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)
किराए पर परिसर की आवश्यकता
शाखा का नाम
1. सेक्टर-104 तथा निकटवर्ती सेक्टर
2. सेक्टर-82ए/83 तथा निकटवर्ती सेक्टर
... 2000 वर्ग फुट ± 25% (185.8 वर्ग मीटर ± 25%) ...
https://sbi.bank.in पर "प्रोक्योरमेंट न्यूज" ... 10.02.2026 से 20.02.2026 तक दोपहर 03:00 बजे तक ...
कृपया ब्रोकर संपर्क न करें।
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
सुरक्षा सेवाएं, सहायक सेवाएं विभाग, केंद्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु अनुरोध
Request for Expression of Interest (EoI)
1. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एक अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक है, जो बैंक की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार पूरे भारत में अपने विभिन्न कार्यालयों में चरणबद्ध तरीके से अनुकूलित एक्सेस कंट्रोल और विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम (एसीवीएमएस) स्थापित करना चाहता है, जिसे बैंक के अपने केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली के कमांड केंद्रों के साथ एकीकृत किया जा सके। ऐसे समाधानों की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग, एकीकरण और रखरखाव के कार्य में संलग्न विक्रेताओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु अनुरोध आमंत्रित किया जाता है।
2. वेबसाइट पर प्रकाशित माध्यम के अनुसार एसीवीएमएस के लिए ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय दिनांक 20/02/2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.unionbankofindia.bank.in तथा www.eprocure.gov.in. पर जाएं।
उप महाप्रबंधक (सुरक्षा)

निविदा सूचना
मनोज विहार इंदिरापुरम में सड़क मरम्मत / पुनर्निर्माण हेतु सूचना
गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित मनोज विहार वेलफेयर सोसाइटी में 6200 वर्ग मीटर बिटुमिनस सड़क की मरम्मत-पुनर्निर्माण का कार्य किया जाना है। इच्छुक ठेकेदार 20 फरवरी 2026 से पहले सोमवार से रविवार किसी भी दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच सोसाइटी कार्यालय से संपर्क कर अपना नाम पंजीकृत करवा सकते हैं।
संपर्क करें
7897987777

United Group Since 1942
BRANDS OF UNITED GROUP
United Coffee House Since 1942
UNITED COFFEE HOUSE
MASKA
THE UNITED CATERING SERVICES
TENDER NOTICE (2026-2027)
Sealed tenders are invited for the supply of following categories of items for the above brands operating multiple stores across Delhi & NCR, as per specifications against annual rate contract.
Grocery
Indian & imported spices, flour & pulses, rice, dry fruits, tin bottles, glass/can/tetra products, oil & ghee, bakery items.
Perishable
Fresh vegetables & fruits (Indian & imported), chicken, mutton, seafood, pork, dairy products, cheese (Indian and imported), frozen veg & meat, ice-cream, eggs etc.
Housekeeping
Garbage bags, charcoal, fuel gel, cleaning supplies, cling film, silver foil, room fresheners & toiletries etc.
Printing & Packaging
All printing jobs, packaging material, paper containers, bio-degradable & paper disposables, office stationery, paper straw, billing rolls, paper carry bags & printing stationery etc.
Engineering
All luminaires, wiring, consumables, plumbing, sanitary, electrical & hardware items, kitchen & bar equipment and deep freezers etc.
Service
Facility management, linen, uniforms & shoes, security, dry cleaners, laundry, carpet cleaners, pest control, carpentry & paint, AMC for refrigeration equipment, PNG/LPG, A.C, DG set, IT & computers.
Beverage
Aerated drinks, mineral water, bar chasers, syrups & juices etc.
CCG / Smallware
Customized crockery, kitchen & bar smallware, cutlery & glassware.
Tender forms containing specifications, terms & conditions can be obtained from the Corporate Purchase Office at the above address on cash payment of Rs. 750/- (Non-Refundable) from 9th Feb 2026 to 20th Feb 2026 between 12:00 Noon to 7:00 pm.
Corporate Office: B-93, Mayapuri Phase-I, New Delhi – 110064
For any queries, please contact
96505 96121 | 96505 96667
Email
tenders@theunitedgroup.in
The management reserves the right to accept or reject any tender in part /whole without assigning any reason thereof.

न्यायालय सूचना
IN THE COURT OF SH. RAJ KUMAR, DJ (COMMERCIAL COURT)-01, ROOM NO-503, DWARKA COURTS, NEW DELHI
PUBLICATION NOTICE DEFENDANT
(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
CS. COMM - 249/2019
COLLECTION DIGITAL MEDIA PVT LTD. VS MOBIGOSSIP INFOTECH PVT LTD AND ORS.
To,
MOBIGOSSIP INFOTECH PRIVATE LIMITED THROUGH ITS DIRECTOR/ MANAGING DIRECTORS HAVING ITS REGISTERED OFFICE AT- FLAT NO.- C-301, SHAKTI APPARTMENTS PLOT NO.- 18, SECTOR-05, DWARKA, NEW DELHI-110075.
Whereas you are intentionally avoiding services of summons. It is hereby notified that if you shall not defend the case on the day of 19/02/2026 at 10.00 A.M. i.e. The day fixed in the matter, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and seal of the Court on this 30TH of JANUARY, 2026.
Note:- Defendant should file his written statement of defense within 30 days from the date of service/receipt of summons with advance copy to the plaintiff and filing of WS in commercial suit in 120 days period is mandatory and no extension can be granted.
District Judge Commercial Court-01 South West District Dwarka Court, New Delhi

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

मैं, सन्नो, पत्नी मोहद खलील, निवासी मकान संख्या 285, गली संख्या D-2, नेहरू विहार, दिल्ली 110094, ने अपना नाम सन्नो से बदलकर अंजुम कर लिया है और भविष्य में अंजुम नाम से जानी जाऊँगी।

I, Hariom Chand S/o Suresh Chand R/o C-6/31 Yamuna Vihar Delhi-53 have changed my name to Hariom Sharma for all future purposes.

I hitherto known as Kanika Batra W/0 Sakinder Singh R/o B 90/16, Vishwakarma colony, Pul Pehlad, South Delhi, Delhi-110044 have changed my name and shall here after be known as Kanika Kaur.

मैं प्रहलाद सिंह सुपुत्र श्री हर सिंह फ्लैट नं 129 पॉकेट 10 नसीरपुर द्वारका नई दिल्ली 110045, सूचित करता हूं कि मेरा पूरा और सही नाम प्रहलाद सिंह राणा है, जो कि मेरे आधार कार्ड 884062289256 में सही दर्ज है।

I, Vineet Roy, S/O Palash Roy, R/O H.No-D-1/A-444, Sangam Vihar, New Delhi-110062, declare that in my Passport, my details are wrongly recorded as Vinit Kumar Roy, Date of Birth as 29/01/2004, and Place of Birth as Rudrapur, Uttarakhand. My correct name is Vineet Roy, correct Date of Birth is 28/01/2003, and correct Place of Birth is New Delhi, as per my SDMC Birth Certificate.

I, Gaurav Yadav S/o Manoj Kumar R/o Sector-22, Gurgaon, Haryana-122015 have changed my name Gaurav to Gaurav Yadav for all future purposes.

PUBLIC NOTICE I, Tanya Srivastava, D/o Arvind Kumar Srivastava, residing at A-143 Anand Vihar, Delhi, have changed my name to Tanya Batra vide Affidavit dated 27-Jan-26 sworn before Notary Sushil Kumar Verma, Delhi.

I Chandroop S/o Puran singh R/o village gothra Tappa Dahina District Rewari Haryana, have changed my name to Chandroop Sharma.

खोया एवं पाया
TO be known to all that I, Meena Kumari, W/o Surendar Kumar, resident of 32B, First Floor, SFS Flats, East of Kailash, New Delhi-110065, have lost all the original documents of the above property (File No: F.56(20)/92/SFS/EK/1 in DDA). An FIR ( LR No: 11663/2026 Date: 06/01/2026) PS: Amar Colony, New Delhi. Any person having any claim, right, interest, or objection regarding the said property may contact me at above address/Mob. no. 9717676961 within 15 days of this notice or write to: Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023

सामान्य
I, Shri Arup Ratan Singh formerly known as Shri Arup Ratan Dutta Choudhury by profession Advocate S/o Bhutabhaban Dutta Choudhury R/o H-64, 2nd Floor, Krishan Vihar P.O. Sultanpuri C Block District North West Delhi, Delhi-110086 declared that I have changed my religion from Hindu to Sikh and my name from Arup Ratan Dutta Choudhury to Arup Ratan Singh for all future purposes.

TIMES interact
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

HEALTH & WELLNESS

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, मुलेवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041
9811564909
9210990444

विवाहित जीवन में पायें
नई खुशियाँ नया जोश नई उमंग
SEX समस्या
आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाश दवाखाना
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली
9953396533
8860003863

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

BOOK YOUR SHOPPING ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Aman Pasricha
9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL
PROPERTY
BUSINESS
RECRUITMENT, EDUCATION
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
SHOPPING
TENDER, PUBLIC NOTICE
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP7 User: cci Time: 02-09-2026 21:37 Color:




# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## सार्वजनिक सूचना

## भूमि प्रबंधन

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णीत धारा 24(2) मामलों का पुनः अधिग्रहण

जनता को एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भूमि अधिग्रहण कार्यवाही से संबंधित मामलों की विभिन्न पीठों में निर्णय दिये हैं, विशेष रूप से भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिनियम, 2013 की धारा 24(2) की प्रयोज्यता के संबंध में दिल्ली विकास प्राधिकरण बनाम तेजपाल और अन्य, सचिव, भूमि और भवन विभाग और अन्य के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार बनाम मेसर्स केएल राठी स्टील्स लिमिटेड और अन्य, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार और अन्य बनाम मेसर्स बीएसके रियल्टर्स एलएलपी और अन्य के संबंध में 17.05.2024 को निर्णय लिया गया और 17.05.2024 के बाद अन्य मामलों पर निर्णय लिया गया।

उपर्युक्त निर्णयों और माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए अनुदेशों/ लिबर्टी के अनुपालन में, सक्षम प्राधिकारी ने भूमि के पुनः अधिग्रहण के विभिन्न मामलों की जांच/सिफारिश की है।

तदनुसार, कुल 123 मामलों को पुनः अधिग्रहण के लिए अंतिम रूप से अनुशंसित किया गया है और 25 मामलों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि तक अधिग्रहण नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

इन मामलों का विवरण, जिसमें मामले का विवरण और प्रासंगिक जानकारी शामिल है, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की आधिकारिक वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक https://dda.gov.in/land-management/ Policies-Circulars-Guideline पर जनता के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। ये जानकारी कानूनी इस्तेमाल के लिए नहीं हैं और इनका इस्तेमाल किसी भी कानूनी कार्रवाई या दावे के लिए नहीं किया जा सकता है।

हस्ता./-
आयुक्त (भूमि निपटान)

हमें फॉलो करें: @ddaofficial @official_dda @official_dda_

अधिक जानकारी के लिए, www.dda.gov.in पर जाएं या हेल्पलाइन नंबर 1800110332 डायल करें।


# जीबी पंत में हाईटेक सीटी स्कैन की हुई शुरुआत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


CM रेखा गुप्ता ने किया उद्घाटन

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को जीबी पंत अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करते हुए 31 करोड़ रुपये की लागत से तैयार तीन अत्याधुनिक सुविधाओं का एक साथ शुभारंभ किया। इसमें हाईटेक 256 स्लाइस सीटी स्कैन, नई कैथ लैब और 16 बेड का न्यूरो ICU शामिल है।

CM ने कहा कि इन सुविधाओं का लाभ दिल्ली ही नहीं, बल्कि बाहर से आने वाले मरीजों को भी मिलेगा। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह भी मौजूद रहे। CM ने कहा अस्पताल में आधुनिक मशीनों का लगना खुशी की बात है। यहां की हेल्थ सिस्टम को वर्ल्ड लेवल तक ले जाना है। इलाज में अमीरी-गरीबी का फर्क खत्म हो। प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर जो इलाज मिलता है उसके लिए कोई व्यक्ति मोहताज न हो। CM ने कहा कि यहां 256 स्लाइस की सीटी स्कैनर मशीन लगाई गई है। यह आधुनिक मशीन है। उत्तर भारत में यह इस तरह की पहली मशीन है जो दिल्ली के जीबी पंत में लगी है। इस मशीन के जरिए कैंसर, हार्ट और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों की सटीक जांच हो सकेगी। इसके अलावा न्यूरो कैथ लैब और 16 बेड के न्यूरो ICU को भी हाईटेक किया गया है। CM ने कहा कि न्यूरो ICU मरीजों के इलाज में बेहतर साबित होगा। इन तीनों सुविधाओं पर करीब 31 करोड़ की लागत आई है। CM ने कहा कि PM नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत को हेल्थ हब बनाएं, इसलिए हमें इसकी पहल दिल्ली में भी करनी होगी। यह सारी सुविधाएं अन्य सरकारी अस्पतालों में भी होनी चाहिए।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दो भाइयों को मारी टक्कर, एक की हुई मौत

■ NBT न्यूज, हापुड़: थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पैदल जा रहे दो सगे भाइयों को टक्कर मार दी, जिससे छोटे भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मेरठ रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, बाबूगढ़ छावनी गांव निवासी राजकुमार (35) और उनके बड़े भाई राजू (45) पिलखुवा स्थित एक निजी कूरियर कंपनी में काम करते थे। सोमवार को ड्यूटी खत्म होने के बाद दोनों भाई बाईपास के रास्ते बछलौता रोड होते हुए पैदल अपने घर लौट रहे थे। गांव बाबूगढ़ कट के पास पीछे से आई मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दोनों भाइयों को रौंद दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि राजकुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया।


SOTC presents
Darshans
Crafted Spiritual Experiences

एसओटीसी एक्सक्लूसिव
गाइडेड टेम्पल टूर | वीआईपी दर्शन और पूजा | सभी सात्विक खाना | वरिष्ठ नागरिक फ्रेन्डली

लिमिटेड सीटें
10-दिन कैलाश मानसरोवर हेलीकॉप्टर द्वारा
पवित्र मानसरोवर झील पर सामूहिक पूजा एवं हवन

6-दिन चार धाम यात्रा हेलीकॉप्टर द्वारा | 6-दिन अनंत काशी अयोध्या यात्रा | 7-दिन श्रीलंका रामायण अनंत यात्रा

शामिल हैं: आवास, खाना, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार दर्शनीय स्थल घूमना।

1800 209 3344
sotc.in
SOTC For Holidays.

Call: DELHI: South Extension: 9619202456, Connaught Place: 9619921871, Vasant Kunj: 8291951189, Greater Kailash: 9167708356, Ashok Vihar: 9619925537, Pitampura: 9619924883, East Delhi V3S Mall: 9167252434, Punjabi Bagh: 9167081258, DWARKA: 8291061164, FARIDABAD: 9167270691, GHAZIABAD: 9619624676, NOIDA: 9619924198, RAJOURI GARDEN: 9167708416, CHANDIGARH: Madhya Marg Sec 8C: 9619927339, AMBALA: 9167146096, JALANDHAR: 9619931516, LUDHIANA: 9167119531, AGRA: 9619931546, PANCHKULA: 8291357787, KARNAL: 9167171685.
नियम और शर्तें लागू। ऑफर/कीमतों की अंतिम कीमत और उपलब्धता बाजार की स्थितियों और प्रचलित विदेशी मुद्रा दरों के आधार पर भिन्न हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए sotc.in पर जाएं या हमारी बिक्री टीम से संपर्क करें।


# सहकर्मी पर नवविवाहिता को ले जाने का आरोप

■ NBT न्यूज, हापुड़: थाना धौलाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने अपने साथ काम करने वाले व्यक्ति पर अपनी नवविवाहिता पत्नी को ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी है। तीन हफ्ते तक पत्नी का पता न चलने पर पीड़ित पति अपनी पत्नी को बरामद करने के लिए थाने के चक्कर काट रहा है। फर्रुखाबाद के अमेठी कोहना निवासी नीरज कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करते हैं। उनकी 8 महीने पहले गांव के पास से ही शादी हुई है। वह इस समय गांव नगला उदयरामपुर में किराये के मकान में अपनी मां और दो भाइयों के साथ रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि कंपनी में काम करने वाला कर्मचारी उनकी पत्नी को अपने साथ लेकर चला गया। पत्नी के नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना देकर मामले के बारे में बताया था। आरोप है कि पुलिस ने पत्नी को ढूंढने का अब तक प्रयास नहीं किया। सीओ अनिता चौहान ने बताया कि मामले में FIR दर्ज कर जांच के निर्देश दिए गए हैं। सर्विलांस की मदद से जल्द महिला को बरामद कर लिया जाएगा।


Raymond upto 60% off
Extra fine Wool, Silk, Linen & Cotton Fabrics
FESTIVAL & WEDDING COLLECTION
SHIRTS • TROUSERS • BLAZERS
SUITS & ETHNIC WEAR
BY ECONOMY SALES | M:9212758425
LONG COATS ALSO AVAILABLE
Raymond | PARK AVENUE | ColorPlus | parx | ARROW
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing



#ConmanVsCommonMan




अक्सर, जल्दबाज़ी में किए गए पेमेंट्स, आपका पैसा बर्बाद कर सकते हैं।

जल्दबाज़ी में कोई भी धनराशि भेजने से पहले हमेशा उस व्यक्ति की पहचान जाँच लें और यदि कोई आपको धोखा देने की कोशिश करे, तो कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr/12/24/062



"100th Birth Anniversary"

S. Balwantsingh K. Chhabra

(1926-1981)



He turned limits into possibilities,
Empowering the industry to grow and thrive.

Founder
RIGHT TIGHT FASTENERS PVT. LTD. (India)
A FONTANA GRUPPO (Italy)

With Respect and Remembrance
All Employees & Chhabra Family

NRACCA.com

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP8 User: cci Time: 02-09-2026 23:22 Color:



## फटाफट खबरें

### दीपक को जान की धमकी, FIR दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: कोटद्वार में 26 जनवरी को 'बाबा' दुकान के नाम को लेकर हुए विवाद के बाद चर्चाओं में



आए मोहम्मद दीपक को अब सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर जान से मारने की धमकी मिल रही है। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने पर FIR दर्ज की है। दीपक की हत्या करने वाले को 2 लाख का इनाम देने की घोषणा की गई है। जांच के दौरान आरोपी की पहचान राजा उत्कर्ष (बिहार) के रूप में हुई है।

### OBC आयोग के ट्रांसफर पर रोक रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राज्य सरकार के अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) आयोग को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने के निर्णय पर रोक लगा दी गई थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि ऐसे मुद्दे नीति-निर्णयों से संबंधित होते हैं और सामान्यतः न्यायिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आते।


### खदान धमाके की होगी न्यायिक जांच



■ पीटीआई, शिलॉन्ग: मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट के मामले की न्यायिक जांच कराए जाने की सोमवार को घोषणा की। इस विस्फोट में 27 लोगों की मौत हो गई थी। विस्फोट पिछले हफ्ते अवैध खदान में हुआ था।

### बैंक की कर्मचारी बोली- 'ठाकुर हूं...'

■ NBT रिपोर्ट: कानपुर के एक प्राइवेट बैंक में काम करनेवाली



महिला कर्मचारी का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। आस्था सिंह नाम की महिला कर्मचारी किसी बात को लेकर कस्टमर से भिड़ गई। वायरल विडियो में आस्था तैश में आकर बोलती नजर आ रही है-'ठाकुर हूं मैं। तेरी ऐसी की तैसी कर दूंगी।'

### दो करोड़ का गांजा जब्त किया गया

■ पीटीआई, बेंगलुरु: केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने अलग-अलग घटनाओं में दो यात्रियों को दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के हाइड्रोपोनिक गांजा की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। बैंकॉक से आए एक यात्री से 63 लाख रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया। दूसरी घटना में हांगकांग से आ रहे एक यात्री को रोका गया और उसके बैग से 1.76 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया गया।

# परीक्षा पर चर्चा: बच्चों से बोले PM- टेक्नॉलजी के गुलाम न बनें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा के 9वें एडिशन की दूसरी कड़ी में अपने संवाद में बच्चों ऐसे टिप दिए, जो जीवन में तनाव को कम करने में अहम साबित हो सकते हैं। इस सत्र में मोदी ने गुजरात के देवमोगरा, तमिलनाडु के कोयंबटूर, छत्तीसगढ़ के रायपुर और असम के गुवाहाटी समेत दूसरी कई जगहों पर जाकर छात्रों से सीधे बातचीत की।

**परीक्षा पर चर्चा की दूसरी कड़ी में बच्चों से संवाद**

कार्यक्रम की शुरुआत में ही मोदी ने सबको 'जय जोहार' कहकर अभिवादन किया। बच्चों के वैज्ञानिक पूछे गए सवालों पर पीएम ने उन्हें टेक्नॉलजी का गुलाम ना बनने और अपने देश में पर्यटन करने के सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि वो जिंदगी और कला को अलग अलग ना देखें।

पीएम मोदी ने अभिभावकों से भी कहा कि वो घर के भीतर तुलनात्मक माहौल ना बनने दें। पीएम मोदी ने छात्रों को अपने खुद के तहसील, जिले और राज्यों में ट्रैवल करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पर्यटन का आनंद बतौर छात्र बनकर घूमकर ही है। ट्रेन के जरिए यात्रा से अपने देश की विविधता के बारे में जानकारी मिलती है।



### पीएम ने कहा, TOI का एडिट पढ़ता था

मोदी ने कहा कि उनके अध्यापकों का जीवन में अहम रोल रहा। टीचर्स उन्हें रोज लाइब्रेरी जाने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उनके अध्यापक टाइम्स ऑफ इंडिया की एडिटोरियल लाइन पढ़ने और लिखने के साथ-साथ अगले दिन चर्चा करने के लिए कहते थे।

### नेतृत्व का मतलब भी समझाया

पीएम मोदी ने बताया कि नेतृत्व का मतलब सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है। लीडर्स लोगों के मार्गदर्शन से पहले उन्हें समझने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी ने पाल-चितरिया घटना से जुड़े अपने अनुभवों और आदिवासी समुदायों की चुनौतियों को रेखांकित किया।

### AI के इस्तेमाल की दिशा

मोदी ने कहा कि हर युग में नई तकनीक को लेकर चिंताएं सामने आती रही हैं, चाहे वे कंप्यूटर हो या मोबाइल। पीएम ने कहा कि AI का इस्तेमाल मार्गदर्शन के लिए होना चाहिए, इसे सीखने का विकल्प नहीं बनाया जा सकता।

*SIR मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को कई निर्देश दिए*

# EC को अधिकारी दे बंगाल: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया- स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) से संबंधित कई निर्देश जारी किए। कोर्ट ने राज्य सरकार को कहा कि वह SIR के कामों के लिए चुनाव आयोग को ग्रुप 'बी' के अधिकारी उपलब्ध कराए। ये चुनाव आयोग द्वारा तैनात किए गए माइक्रो-ऑब्जर्वरों का स्थान ले सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि दावों और आपत्तियों पर अंतिम आदेश केवल इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ERO) ही पारित कर सकते हैं। माइक्रो-ऑब्जर्वर केवल उनकी मदद कर सकते हैं। चीफ जस्टिस ने टिप्पणी में कहा कि हम SIR प्रक्रिया में किसी को भी कोई बाधा उत्पन्न करने की अनुमति नहीं देंगे।

**'SIR की प्रक्रिया में रुकावट की अनुमति नहीं देंगे'**

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) को भी निर्देश दिया कि वे SIR अधिकारियों के खिलाफ कथित धमकियों और हिंसा को रोकने में नाकामी को लेकर चुनाव आयोग द्वारा उठाई गई चिंताओं पर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि दस्तावेजों और आपत्तियों की जांच की समय-सीमा को कम-से-कम 14 फरवरी (जब अंतिम सूची प्रकाशित की जानी है) से एक हफ्ते आगे तक बढ़ाया जाए। सुनवाई के दौरान, पश्चिम बंगाल राज्य की ओर से सीनियर वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि लगभग 8,500 ग्रुप 'बी' अधिकारियों की लिस्ट तैयार कर ली गई है।

File Photo



चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने निर्देश दिया कि दस्तावेजों और आपत्तियों की जांच की समय-सीमा को कम-से-कम 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे तक बढ़ाया जाए।

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को क्या-क्या कहा...



- *पश्चिम बंगाल सरकार यह सुनिश्चित करे कि 8,550 ग्रुप 'बी' अधिकारी मंगलवार शाम 5 बजे ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करें।*
- *8,500 अधिकारियों की लिस्ट में से चुनाव आयोग अधिकारियों को शॉर्टलिस्ट कर सकता है।*
- *माइक्रो-ऑब्जर्वर को पहले से सौंपी गई जिम्मेदारी केवल DEO/ERO की सहायता तक ही सीमित रहेगी।*
- *अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग उन अधिकारियों को बदलने के लिए स्वतंत्र होगा, जो अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं कर रहे हैं।*
- *प. बंगाल के DGP को आयोग के बयान के संबंध में हलफनामा दायर करना होगा जिसमें हिंसा का आरोप है।*

### अधिकारियों के खिलाफ हिंसा: EC

सीनियर वकील डी. गिरी ने तर्क दिया कि राज्य चुनाव आयोग के साथ सहयोग नहीं कर रहा है। आयोग के अधिकारियों के खिलाफ हिंसा हो रही है। इस याचिका में उसने हलफनामा दाखिल कर कहा है कि उसे राज्य में शत्रुता और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अनुरोध किया कि कोर्ट आयोग के हलफनामे में दिए गए विवरणों पर उचित आदेश पारित करे। उच्च पदों पर बैठे लोग चुनाव अधिकारियों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं। राज्य की ओर से सीनियर वकील मेनका गुरुस्वामी ने आरोपों से इनकार किया।

### सर्टिफिकेट के लिए आवेदन में उछाल

पीटीआई, कोलकाता: कोलकाता नगर निगम को पिछले डेढ़ महीने में डॉमिसाइल सर्टिफिकेट के लिए 18,600 से अधिक आवेदन मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह बढ़ोतरी चुनाव आयोग द्वारा जारी वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) से जुड़ी हुई है। नगर निगम के सूत्रों के मुताबिक, 6 फरवरी तक उपलब्ध कुल आंकड़ों के अनुसार, 18,605 आवेदन जमा किए गए, जो सामान्य मासिक औसत (200 से भी कम आवेदनों) की तुलना में कहीं अधिक है। अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के पार्षदों ने कहा कि वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से मांग तेजी से बढ़ गई है।

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात: क्या प्रक्रिया में नहीं आएगी रुकावट?

पश्चिम बंगाल में SIR के दौरान मतदाताओं के बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आशंका जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी को भी बाधा उत्पन्न करने की अनुमति नहीं देगा। यह बात राज्यों को स्पष्ट रूप से समझ लेनी चाहिए। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तमाम निर्देश भी जारी किए हैं। ऐसे में SIR प्रक्रिया सुचारू तरीके से पूरी हो यह उम्मीद की जानी चाहिए।

# मणिपुर में भड़की हिंसा, लोग घर छोड़कर भागे

PTI




उखरुल जिले में हथियारबंद बदमाशों ने घर में आग लगाई और हवा में कई गोलियां भी चलाईं। ग्रामीण अपने घर छोड़कर भागने को मजबूर हो गए।

■ पीटीआई, इंफाल

मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों के लिटान सारेइखोंग गांव में कथित तौर पर अन्य घरों में आग लगाए जाने के बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जरूरी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए। तंगखुल में रहने वाले कई ग्रामीणों के भी इलाका छोड़ने की खबर है। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तंगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद हुई। पीड़ित पक्ष और लिटान सारेइखोंग के मुखिया के बीच मामला सुलझ गया था और दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से पारंपरिक तरीकों से मामले को सुलझाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक बैठक भी तय की गई थी। हालांकि, बैठक नहीं हो सकी। खबरों के मुताबिक, ग्रामीणों ने लिटान थाने के पास से गुजरते हुए कई गोलियां भी चलाईं। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों द्वारा आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के मकानों को जला दिया गया।

**नगा और कुकी समुदाय के घरों को जलाया गया**

### हर कुकी की सुरक्षा करेंगे: CM



मणिपुर के सीएम वाई खेमचंद सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सभी समुदायों से संयम बरतने और शांति बनाए रखने की अपील की। इस घटना के बाद हालात अब नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य की राजधानी इंफाल में आने वाले कुकी-जो समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

## नमाज से जुड़े HC के फैसले को SC ने बताया संतुलित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के नमाज से जुड़े फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। उस फैसले में अदालत ने कहा था कि मुसलमानों को तमिलनाडु के मदुरै जिले में मौजूद तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ियों के नेल्लीथोप्पु क्षेत्र में केवल रमजान और बकरीद के दौरान ही नमाज अदा करने का अधिकार है। नेल्लीथोप्पु क्षेत्र की 33 सेंट भूमि सिकंदर बादुशा औलिया दरगाह के स्वामित्व में है। हाई कोर्ट ने अक्टूबर 2025 में दिए गए अपने फैसले में यह भी कहा था कि इस क्षेत्र में पशु बलि की अनुमति नहीं दी जा सकती। मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

**मद्रास HC के फैसले में दखल से किया इनकार**

## CBI साइबर क्राइम ब्रांच की शाह आज करेंगे शुरुआत



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दौरे पर थे। उन्होंने बस्तर जिले के जगदलपुर में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह साइबर धोखाधड़ी से निपटने और इसके ईकोसिस्टम को ध्वस्त करने के विषय पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। गृह मंत्री इस अवसर पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) अधिकारियों के अलंकरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे और ब्यूरो की नए साइबर क्राइम ब्रांच का उद्घाटन करेंगे। वे भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के राज्य अपराध समन्वय केंद्र (S4C) डैशबोर्ड का भी शुभारंभ करेंगे।

## डॉक्टर की जमानत रद्द नहीं, SC बोला- जेल में रह चुके है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने कार्डियोलॉजिस्ट को दी गई जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया। उन पर आरोप है कि प्राइवेट अस्पताल के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) के तहत पैसे पाने के लिए स्वस्थ लोगों की एंजियोप्लास्टी की। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे. के. महेश्वरी की अगुआई वाली बेंच ने गुजरात सरकार की ओर से दायर जमानत रद्द करने की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि आरोपी प्रशांत प्रकाश वजीरानी पहले ही एक वर्ष की पूर्व-ट्रायल हिरासत (जांच/मुकदमे से पहले की जेल अवधि) भुगत चुके हैं। अब हम उन्हें जाने देंगे।

**सरकारी पैसे के लिए एंजियोप्लास्टी का है आरोप**

## पंजाब में लॉ स्टूडेंट ने छात्रा की जान ली, खुद को भी मारी गोली

■ पीटीआई, चंडीगढ़





PTI

क्लास के अंदर की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई (बाएं)। इस्तेमाल पिस्तौल (दाएं)।

पंजाब के तरनतारन जिले में सोमवार को लॉ के एक स्टूडेंट ने क्लास के अंदर छात्रा को सिर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। साथ पढ़ने वाले डरे-सहमे यह खौफनाक वारदात देखते रह गए। इसके बाद आरोपी छात्र ने खुद को भी गोली मार ली।

पुलिस ने बताया कि प्रिंस राज गंभीर रूप से घायल है, जबकि छात्रा संदीप कौर की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर प्रिंस राज और संदीप कौर दोनों ही लॉ के फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट थे और साथ पढ़ते थे। उनकी उम्र लगभग 19-20 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। डिप्टी एसपी जगबीर सिंह ने बताया कि प्रिंस ने क्लास के अंदर संदीप कौर पर गोली चलाई, जिससे उसकी मौत हो गई और उसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। पुलिस ने बताया कि उसमा गांव स्थित कॉलेज में हुई हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। जब यह घटना घटी उस वक्त क्लास में पढ़ाई शुरू नहीं हुई थी। उन्होंने बताया कि छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रिंस को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में प्रिंस, संदीप और एक अन्य छात्रा क्लास में एकसाथ दिखाई दिए। क्लास में दूसरे स्टूडेंट भी थे।

**हाई कोर्ट से कहा, सेंगर की अर्जी को प्राथमिकता दें**

## सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया ट्रायल पर कहा, बर्दाश्त नहीं करेंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि वह निष्कासित BJP नेता कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करे। उसमें उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत के मामले में उसकी दोषसिद्धि को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि इस पर तीन महीने के भीतर फैसला किया जाए।

साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली सेंगर की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसके तहत इस मामले में उनकी 10 वर्ष की कारावास की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि अगर पीड़ित परिवार की ओर से कोई अपील दायर की जाती है, तो उसे भी सेंगर की याचिका के साथ ही हाई कोर्ट द्वारा सुना जाना चाहिए।

चीफ जस्टिस ने पीड़िता के वकील द्वारा मामले को लेकर मीडिया में बयान दिए जाने पर असंतोष व्यक्त किया। हमें पता है कि अदालत के बाहर मीडिया ट्रायल चल रहा है। अदालत के बाहर समानांतर ट्रायल को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के आरोपी को बेल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक आरोपी को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने सोमवार को इस मामले में आरोपी आकाशदीप करज सिंह की जमानत मंजूर कर ली। वह इस केस में जमानत पाने वाला पहला आरोपी है। जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने जमानत देते हुए शर्त लगाई है कि ट्रायल पूरा होने तक आरोपी मुंबई नहीं छोड़ेगा। 66 वर्षीय बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर 2024 की रात बांद्रा ईस्ट में उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर जांच शुरू की थी। 22 वर्षीय आकाशदीप करज सिंह पंजाब का रहने वाला है।

**जमानत पाने वाला पहला आरोपी है आकाशदीप**

## असम के CM बोले, गोगोई बताएं रावलपिंडी क्यों गए?

■ पीटीआई, गुवाहाटी



CM हिमंता ने पूछा कि उनकी यात्रा को किसने आसान बनाया।



असम कांग्रेस अध्यक्ष गोगोई ने आरोपों को झूठ का जाल बताया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई से पाकिस्तान के रावलपिंडी यात्रा पर सवाल उठाए हैं। सीएम ने कहा, 'गोगोई को जारी पाकिस्तान वीजा में केवल लाहौर, कराची और इस्लामाबाद की यात्रा की अनुमति थी, ऐसे में रावलपिंडी जिले में स्थित तक्षशिला जाना नियमों के विरुद्ध है। रावलपिंडी हाई सिक्योरिटी वाला इलाका है, वहां पाकिस्तान सेना का जनरल हेडक्वॉर्टर भी है।' हिमंता ने सवाल उठाया कि गोगोई को रावलपिंडी तक की यात्रा को किसने आसान बनाया?

असम कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री के दावों को झूठ का जाल करार दिया। उन्होंने कहा कि 2013 में वह अपनी पत्नी के साथ 10 दिनों के लिए पाकिस्तान गए थे और सभी विवरण उनके सामान्य पासपोर्ट में दर्ज हैं, जो 2014 में सांसद बनने के बाद राजनयिक पासपोर्ट के लिए भारत सरकार को सौंप दिया गया था। गोगोई ने कहा, 'तक्षशिला इस्लामाबाद से एक दिन की दूरी पर है। सीएम को गूगल मैप ज्यादा सावधानी से देखना चाहिए।'

**गोगोई ने कहा कि CM के आरोपों के सबूत नहीं**

**बच्चों की डिटेल्स शेयर करने पर घेरा:** गोगोई ने दावा किया है कि असम पुलिस की SIT रिपोर्ट में मुख्यमंत्री के कथित पाकिस्तानी लिंक के आरोपों का कोई ठोस सबूत नहीं है।

### पॉइंट ब्लैंक वाले विडियो पर ओवैसी ने दी शिकायत

पीटीआई, हैदराबाद: AIMIM अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया पर शेयर एक कथित विडियो जिसे बाद में हटा दिया गया को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बीजेपी की असम इकाई ने X पर विडियो पोस्ट किया था।

## केंद्र का कोर्ट में दावा, वांगचुक की सेहत ठीक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo



सुप्रीम कोर्ट ने वांगचुक के हेल्थ को लेकर अपनी चिंता दोहराई।

सुप्रीम कोर्ट को केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत के रिव्यू के संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है, क्योंकि उनकी सेहत पूरी तरह ठीक है। उन्हें एम्स जोधपुर में सर्वोत्तम इलाज मिल रहा है, जो उन्हें लद्दाख में रहने की स्थिति में नहीं मिल पाता। सुप्रीम कोर्ट इस जवाब से असंतुष्ट दिखाई दिया और उसने वांगचुक के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर अपनी चिंता दोहराई।

वांगचुक की पत्नी डॉ. गीतांजलि आंग्मो द्वारा दायर एक बंदी प्रत्यक्षीकरण (हैबियस कॉर्पस) याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है, जिसमें उनके पति सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत की गई हिरासत को अवैध घोषित करने की मांग की गई है। जस्टिस अरविंद कुमार ने मौखिक रूप से कहा कि इससे पहले भी यह मामला केंद्र सरकार के अनुरोध पर स्थगित किया गया था। इस दौरान अदालत ने पूछा कि क्या वांगचुक के बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए उनकी हिरासत की समीक्षा करने संबंधी अदालत के अनुरोध पर कोई प्रगति हुई है। इस पर अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि नहीं, अब तक कुछ भी नहीं किया गया है।


# स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्षी दल

## अविश्वास प्रस्ताव के लिए जुटा रहे सांसदों के साइन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**विपक्षी दल** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि सदन में लगातार ऐसे फैसले हो रहे हैं, जो लोकतंत्र और निष्पक्षता के खिलाफ हैं। अविश्वास प्रस्ताव के लिए सांसदों के हस्ताक्षर जुटाए जा रहे हैं।

> कांग्रेस नेता बोले, सदन में लोकतंत्र और निष्पक्षता के खिलाफ वाले फैसले हो रहे


संसद भवन परिसर में विपक्ष की मीटिंग में खरगे, राहुल गांधी भी मौजूद रहे

विपक्ष जिन मुद्दों को आधार बना रहा है, उनमें सबसे बड़ा आरोप यह है कि स्पीकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दे रहे। इसके अलावा कांग्रेस की महिला सांसदों पर बिना सबूत के यह आरोप लगाया गया कि वे प्रधानमंत्री पर हमला करने वाली थीं, जिसे विपक्ष पूरी तरह झूठा और अपमानजनक बता रहा है। तीसरा बड़ा मुद्दा विपक्षी सांसदों का निलंबन है। विपक्ष का कहना है कि सांसदों को गलत तरीके से निलंबित किया गया और इससे संसद में विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की गई। इसके साथ ही बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संसद में की गई टिप्पणियों पर कोई कार्रवाई न होना भी बड़ा सवाल बताया जा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि सत्ता पक्ष के नेताओं को खुली छूट दी जा रही है, जबकि विपक्ष पर सख्ती की जा रही है।

**बड़ी संख्या में कांग्रेस सांसदों ने किए साइन:** विपक्ष स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है और इसके लिए सांसदों के हस्ताक्षर जुटाए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में कांग्रेस के सांसदों ने इस पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। संसद में रणनीति तय करने के लिए सोमवार को कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के संसदीय दल के नेताओं की बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी संभावनाओं पर विचार किया गया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सभी विपक्षी पार्टियां लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर सहमत हैं। इसके लिए जल्द ही नोटिस सौंपने की भी तैयारी है।


### कांग्रेस की महिला सांसदों ने लिखा पत्र

**कांग्रेस की** महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक तीन पन्नों का पत्र लिखकर उनसे सदन के निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करने की मांग की है। पत्र में अध्यक्ष पर लगातार सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया गया है और महिला सांसदों पर लगाए गए कथित आरोपों को झूठा, निराधार और मानहानिकारक बताया गया है। यह पत्र ऐसे समय लिखा गया है, जब अध्यक्ष ने सदन में यह कहा था कि कांग्रेस के कुछ सदस्य प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे।

## महाराष्ट्र निकाय चुनावों में महायुति ने मारी बाजी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: जिला परिषद चुनाव और पंचायत समितियों के चुनाव में भी सत्ताधारी महायुति ने बाजी मारी है। चुनाव परिणाम में BJP नंबर 1, शिंदे और अजित पवार गुट नंबर 2 और नंबर 3 पर काबिज हुए हैं। वहीं उद्धव ठाकरे गुट, कांग्रेस और मनसे को जोरदार झटका लगा है। विपक्षी जिला परिषद की 731 सीटों और पंचायत समिति की 1462 सीटों का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। 12 में से 7 जिलों में बीजेपी, 3 जिला परिषदों में एकनाथ शिंदे की शिवसेना, पुणे में अजित पवार गुट को बढ़त मिली है।

## शरद पवार अस्पताल में भर्ती



■ पीटीआई, पुणे: NCP (SP) प्रमुख शरद पवार को खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद सोमवार को बारामती में उनके आवास से पुणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने बताया कि सीटी स्कैन में सीने में संक्रमण मिला है। पवार को दोपहर में अस्पताल लाया गया था।


**मुख्यालय डीजीएनसीसी (एनसीसी पूर्व छात्र संघ)**

**निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:**

**01 प्रभारी और 01 कर्मचारी**

**अनुबंधात्मक आधार पर**

**विवरण और आवेदन के लिए:**

**https://www.nccindia.gov.in/hiring**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी 2026 है।**

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

**भर्ती सूचना**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.) **संयुक्त सलाहकार (पर्यावरण और वृक्षारोपण)** के 03 पदों (केरल, रायपुर और पटना क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए) हेतु **संविदा आधार पर** आवेदन आमंत्रित करता है।

2. पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट **www.nhai.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **जिन उम्मीदवारों ने 14.10.2025 के विज्ञापन के जवाब में आवेदन किया था, वे यदि इच्छुक हों, तो इस विज्ञापन के जवाब में फिर से आवेदन कर सकते हैं।**

3. **आवेदन जमा करना :** इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने आवेदन **11.03.2026 (सायं 06:00 बजे तक)** भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करें।

4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुशेष/निरस्तीकरण, यदि कोई होगा तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था
4 विष्णु दिगंबर मार्ग, नई दिल्ली 110002
(विज्ञापन सं. 05/2025)

निम्नलिखित 03 समेकित क्षेत्रीय केंद्रों के लिए क्रॉस डिसेबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन सेंटर्स (CDEIC), सामान्य स्टाफ और DISLI इकाई के तहत निम्नलिखित पदों पर संविदा के आधार पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**समेकित क्षेत्रीय केन्द्रीय, श्रीनगर**

| क्र. सं. | पदनाम | पदों की संख्या | पारिश्रमिक (प्रति माह) रुपए में |
|---|---|---|---|
| 1. | फिजियोथेरेपिस्ट | 01 | 50,000/- |
| 2. | ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट | 01 | 35,000/- |
| 3. | स्पेशल एजुकेटर (HI) | 01 | 35,000/- |
| 4. | प्रशिक्षित केयरगिवर | 01 | 20,000/- |
| 5. | एक्टिविटी टीचर (पार्ट टाइम) | 01 | 15,000/- |
| 6. | बाल रोग विशेषज्ञ (विजिटिंग कंसल्टेंट) | 01 | 2500/- per visit |
| 7. | ENT विशेषज्ञ (विजिटिंग कंसल्टेंट) | 01 | 2500/- per visit |
| 8. | डेंटल सर्जन (विजिटिंग कंसल्टेंट) | 01 | 2500/- per visit |

**समेकित क्षेत्रीय केन्द्रीय, जयपुर (राजस्थान)**

| क्र. सं. | पदनाम | पदों की संख्या | पारिश्रमिक (प्रति माह) रुपए में |
|---|---|---|---|
| 1. | क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट / रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजिस्ट | 01 | 40,000/- |
| 2. | स्पेशल एजुकेटर (ID) | 01 | 35,000/- |
| 3. | ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट | 01 | 35,000/- |
| 4. | प्रशिक्षित केयरगिवर | 01 | 20,000/- |
| 5. | साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर | 01 | For 12th उत्तीर्ण - 35,000/- स्नातक उत्तीर्ण - 40,000/- |

**समेकित क्षेत्रीय केन्द्रीय, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)**

| क्र. सं. | पदनाम | पदों की संख्या | पारिश्रमिक (प्रति माह) रुपए में |
|---|---|---|---|
| 1. | क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट / रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजिस्ट | 01 | 40,000/- |
| 2. | अर्ली इंटरवेंशनिस्ट | 01 | 35,000/- |
| 3. | ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट | 01 | 35,000/- |
| 4. | ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट | 01 | 35,000/- |

आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख समाचारपत्र में इस विज्ञापन के जारी होने के 30 दिनों के अंदर है। आखिरी तारीख के बाद मिले आवेदन या जो आवेदन अधूरे पाए जाएंगे, उन पर विचार नहीं किया जाएगा। ज्यादा जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट https://pdunippd.nic.in देखें। अगर कोई सुधार होता है, तो उसे सिर्फ वेबसाइट पर ही जारी किया जाएगा।

उप निदेशक (प्रशा.)
(पीडीयूएनआईपीपीडी)

CBC 38103/12/0016/2526

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
विनियमन विभाग
नई दिल्ली

**सार्वजनिक सूचना – 3 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक को उनके पंजीकरण प्रमाणपत्र का अभ्यर्पण**

निम्नलिखित 3 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उन्हें जारी किए गए पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) का अभ्यर्पण किया है। अतः भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए (6) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कंपनियों का पंजीकरण प्रमाणपत्र निरस्त किया है।

| एनबीएफसी का नाम | एनबीएफसी का नाम |
|---|---|
| 1. इंटेल इनवेस्टिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 2. लिविंग पेपर फिनवर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3. अरविंद ओवरसीज प्रोजेक्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | |

2. अन्य विवरणों जैसे कि सीओआर जारी करना और उसका नंबर, कंपनी का पता आदि के लिए, बैंक की वेबसाइट (https://www.rbi.org.in/) देखी जा सकती है।

क्षेत्रीय निदेशक
नई दिल्ली
10 फरवरी 2026

**डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर (डीएआईसी), सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार, 15, जनपथ, नई दिल्ली-110001 में **प्रतिनियुक्ति के आधार पर वित्तीय सलाहकार** के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्र.सं. | पद | पदों की संख्या | वेतन |
|---|---|---|---|
| 1. | वित्तीय सलाहकार | 01 | वेतनमान - 4, रुपये 37400-67000 + ग्रेड पे रुपये 8700 (पूर्व संशोधित वर्तमान में 7वें वेतन आयोग में स्तर - 13 के अंतर्गत है)। |

पात्रता शर्तों और आगे के विवरण के लिए, कृपया आधिकारिक वेबसाइटें https://daic.gov.in/ और https://socialjustice.gov.in/ देखें।

**अंतिम तिथि: रोजगार समाचार में प्रकाशन के 30 दिन बाद।**

निदेशक, डीएआईसी
फोन: 011-23477499/479

CBC 38121/12/0010/2526


## झारखंड निकाय चुनाव में आचार संहिता तोड़ी: BJP

■ **पीटीआई, रांची:** झारखंड में होने वाले शहरी निकाय चुनावों को लेकर बीजेपी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। बीजेपी का कहना है कि सरकार ने 'मैयां सम्मान योजना' के लाभार्थियों को 20,000 रुपये का व्यावसायिक ऋण देने से जुड़ी खबरें जानबूझकर प्रसारित कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की है। बीजेपी के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख सुधीर कुमार के नेतृत्व में राज्य निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई। संबंधित अधिकारी के खिलाफ FIR की मांग हुई है।

## क्या महिला सांसदों से पीएम को खतरा था, क्यों उठ रहे सवाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्या विपक्ष** की महिला सांसदों से पीएम को खतरा था और क्या स्पीकर की पीएम को सदन में न आने देने की सलाह सही थी, इन चर्चाओं के बीच सरकार के सूत्रों ने कहा है कि सदन की कार्यवाही के शुरू से ही सदन का माहौल तेजी से बिगड़ रहा था और इससे सुरक्षा, शिष्टाचार और संसदीय कार्यप्रणाली की गरिमा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई थीं।

सरकार के सूत्रों ने कहा कि कार्यवाही के शुरुआत में ही विपक्षी दलों के कई सांसदों ने स्थापित संसदीय मर्यादाओं की खुलेआम अवहेलना करते हुए सदन के वेल में प्रवेश किया। कुछ सदस्यों ने टेबल के आसपास आकर सरकारी कागजात फाड़े और उन्हें पीठासीन अधिकारी की ओर फेंका। साथ ही कहा कि इस अव्यवस्था के बीच, कई महिला सांसद आक्रामक रूप से प्रधानमंत्री की सीट की ओर बढ़ीं और उसके चारों ओर एक प्रकार का घेरा बना लिया।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

# डेयरी से समृद्धि

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

**भारत की डेयरी इंडस्ट्री परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। श्वेत क्रांति की मजबूत नींव पर खड़ी ये इंडस्ट्री टेक्नोलॉजी, वैल्यू एडिशन, ग्लोबल ट्रेड और ग्रामीण समृद्धि के नए आयाम गढ़ रहा है। उत्पादन और प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि ने भारत को विश्व डेयरी मानचित्र पर अग्रणी बनाया है। अब निवेश, इनोवेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट इसे और सशक्त बना रहे हैं।**

## डेयरी इंडस्ट्री में विकास का अध्याय



Abhishek.Singh2@timesofindia.com

भारत की डेयरी यात्रा श्वेत क्रांति से शुरू होकर आज वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ चुकी है। 1950-51 में 21 मिलियन टन से भी कम दूध उत्पादन वाला देश आज 230 मिलियन टन से अधिक उत्पादन के साथ दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक बन चुका है। 1998 से भारत लगातार वैश्विक स्तर पर प्रथम स्थान पर बना हुआ है और विश्व दूध उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत योगदान देता है। यह उपलब्धि कृषि प्रगति, संगठित सहकारिता, नीति समर्थन और ग्रामीण भागीदारी का परिणाम है।

### पोषण और उपलब्धता में ऐतिहासिक बढ़त

डेयरी विकास का प्रभाव केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहा। भारत में प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 2023-24 में 471 ग्राम प्रतिदिन से अधिक पहुंच चुकी है, जो वैश्विक औसत 322 ग्राम से काफी ज्यादा है। इसका सीधा असर पोषण सुरक्षा, विशेषकर बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ा है। दूध अब केवल खाद्य उत्पाद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पोषण मिशन का महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़



डेयरी सेक्टर भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सबसे स्थिर आय स्रोत माना जाता है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में लाखों किसान दुग्ध उत्पादन से जुड़े हैं। सहकारी समितियों और दुग्ध संघों ने छोटे पशुपालकों को बाजार, भुगतान और प्रोसेसिंग से जोड़ा है। इससे नकद आय, महिला भागीदारी और ग्रामीण रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन की ओर बढ़त

अब डेयरी इंडस्ट्री केवल कच्चे दूध की आपूर्ति तक सीमित नहीं है। पनीर, घी, आइसक्रीम, फ्लेवर्ड मिल्क, प्रोटीन उत्पाद और रेडी-टू-ड्रिंक सेगमेंट तेजी से बढ़ रहे हैं। वैल्यू-एडेड उत्पादों का विस्तार किसानों की आय बढ़ाने और उद्योग की लाभप्रदता सुधारने में अहम भूमिका निभा रहा है। आधुनिक प्रोसेसिंग प्लांट, ऑटोमेशन और पैकेजिंग तकनीक ने उत्पाद गुणवत्ता को वैश्विक मानकों तक पहुंचाया है।

### टेक्नोलॉजी व डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन

डिजिटल समाधान डेयरी विकास का नया इंजन बन रहे हैं। मिल्क टेस्टिंग, सप्लाई ट्रैकिंग, कोल्ड-चेन मॉनिटरिंग और फार्म मैनेजमेंट में आईटी आधारित सिस्टम पारदर्शिता और दक्षता बढ़ा रहे हैं। स्टार्ट-अप इकोसिस्टम पशु स्वास्थ्य, फीड मैनेजमेंट और डेटा एनालिटिक्स के जरिए उत्पादकता सुधारने पर काम कर रहा है। इससे ट्रेसबिलिटी और क्वालिटी एश्योरेंस को मजबूती मिल रही है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और कोल्ड-चेन का विस्तार

डेयरी विकास की गति बनाए रखने के लिए प्रोसेसिंग क्षमता और कोल्ड-चेन नेटवर्क का विस्तार जरूरी है। आधुनिक चिलिंग सेंटर, रेफ्रिजरेटेड ट्रांसपोर्ट और वेयरहाउसिंग सिस्टम दूध की बर्बादी कम कर रहे हैं। निवेश बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी प्लांट आधुनिकीकरण को भी गति मिल रही है। ये बातें डेयरी के क्षेत्र में भारत के निरंतर हो रहे विकास को दर्शाता है।







**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in